

■ ग्यारह महत्वपूर्ण रणनीतिक खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द - 12



■ निवेशकों को 51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान, सेंसेक्स 11 प्रतिशत टूटा- 12




■ होर्मुज अगर एक महीना और बंद रहा तो 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचेगी तेल की कीमत - 13



■ अमेरिका को झटका, ब्राजील और तुर्किये ने डिजिटल सीमा शुल्क छूट पर लगाई रोक - 13


आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.05
सूर्यास्त 06.33

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 07:06 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2083

बुधवार, 1 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 363, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# इस्फहान परमाणु केंद्र पर तीसरी बार अमेरिकी हमला, ईरान ने कुवैत का तेल टैंकर उड़ाया

- घटनाओं से क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बढ़ी
- रूस बोला- अमेरिका-इजराइल शांति नहीं चाहते

दुबई, एजेंसी

अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच मंगलवार तड़के अमेरिका ने तीसरी बार ईरान के इस्फहान शहर में स्थित परमाणु ठिकाने को निशाना बनाया, जबकि तेहरान ने जवाबी कार्रवाई में दुबई तट के पास एक कुवैती तेल टैंकर पर हमला किया। इन घटनाओं ने क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता को और बढ़ा दिया है। इस्फहान में हुए हमले के बाद आसमान में काफी ऊंचाई तक आग फैलती हुई दिखी। यह वही क्षेत्र है जहां पिछले साल जून में भी अमेरिकी सेना ने कार्रवाई की थी।

अमेरिकी कार्रवाई के बाद भी इस्फहान में ईरान का संवर्धित यूरेनियम संग्रहित होने की आशंका जताई जाती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले का वीडियो साझा करते हुए कहा कि संघर्ष विराम के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि ईरान केवल अमेरिकी बलों को निशाना बना रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर लिखा कि अमेरिकी बलों को क्षेत्र से बाहर किया जाना चाहिए। उधर, क्षेत्रीय तनाव के बीच बहरीन में सायरन की आवाज सुनाई दीं, जबकि सऊदी अरब ने राजधानी रियाद की ओर दागी गईं तीन बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराने का दावा किया। लेबनान में जारी सैन्य अभियान के दौरान इजराइल के चार सैनिकों और दो संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की मौत की भी खबर है, जिसके बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने आपात बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। वहीं, अमेरिका के सहयोगी खाड़ी देशों ने ईरान के खिलाफ युद्ध को जारी रखने का ट्रंप से अनुरोध किया है। रूस ने कहा है कि- अमेरिका-इजराइल दोनों ही शांति नहीं चाहते। चीन और पाकिस्तान ने मंगलवार को पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए पांच सूत्री शांति प्रस्ताव रखा, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के सुरक्षित आवागमन की मांग भी शामिल है।



## अमेरिका ने हिंद महासागर में तैनात की जल-थल सेना

**वॉशिंगटन।** ईरान के खिलाफ संभावित अमेरिकी जमीनी अभियान की अटकलों के बीच, उभयचर आक्रमण पोत यूएसएस ट्रिपोली को हिंद महासागर में तैनात किया गया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। सेंटकॉम द्वारा जारी एक तस्वीर में 45,000 टन वजनी युद्धपोत को रविवार को हिंद महासागर में नौवहन करते हुए दिखाया गया, हालांकि ईरान से इसकी सटीक दूरी का खुलासा नहीं किया गया। अमेरिका के रक्षा विभाग द्वारा 26 मार्च को साझा की गयी तस्वीरों के अनुसार, ट्रिपोली पर 31वें समुद्री अभियान दल के लगभग 1,800 नौसैनिक तैनात हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी योजना के अनुसार सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। अब तक 11,000 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया गया है और ईरान की बैलिस्टिक तथा ड्रोन हमलों में 90 प्रतिशत की कमी आयी है।

## ऊंची कीमतों से परेशान देश अपना तेल स्वयं हासिल करें



दुबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि तेल की ऊंची कीमतों से परेशान देश अपने तेल का इंतजाम स्वयं करें क्योंकि ईरान होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए हुए है। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन सहयोगियों के प्रति अपनी निराशा जतायी जोकि महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को फिर से खोलने में अमेरिका की मदद करने को तैयार नहीं हैं। ट्रंप ने लिखा, अपने तेल का स्वयं इंतजाम करें। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे देशों को अमेरिका से खरीद करनी चाहिए क्योंकि हमारे पास पर्याप्त मात्रा में तेल है। ट्रंप की मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में ये टिप्पणी ऐसे समय आईं जब अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत चार डॉलर प्रति गैलन से ऊपर पहुंच गई है।

## इटली का अमेरिका को सैन्य बेस देने से इनकार

इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने अमेरिका को सिगोनेला बेस के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इटली की मीडिया के अनुसार ऐसा तब किया गया जब इटली को अमेरिका के कुछ हवाई विमानों की उड़ान योजना के बारे में पता चला, जिसमें पश्चिम एशिया जाने से पहले सिगोनेला में उतरना शामिल था।

## ब्रीफ न्यूज

### साढ़े छह करोड़ की धोखाधड़ी का आरोपी देहरादून से गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले में सर्वाधिक वांछित अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अरावली विहार थाना क्षेत्र में पुलिस ने करीब छह करोड़ 50 लाख रुपये की राशि के एनआई एक्ट मामलों में फरार आरोपी संदीप शर्मा को देहरादून (उत्तराखण्ड) से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने मंगलवार को बताया कि आरोपी संदीप शर्मा न्यायालय के विभिन्न आदेशों की अवहेलना करके लंबे समय से फरार था।

### सीबीआई ने रिश्वत लेने के आरोप में अधिकारी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने रतलाम में तैनात सीजीएसटी के एक सहायक आयुक्त को कथित तौर पर 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने शंकर परमार को 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। यह कार्रवाई परमार द्वारा कथित तौर पर 5 लाख की रिश्वत मांगने के मामले में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज किये जाने के कुछ घंटों बाद की गई। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा, सीबीआई ने 31.03.2026 को रतलाम में तैनात सीजीएसटी के सहायक आयुक्त, सीजीएसटी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# मंदिर में भगदड़, 8 की गई जान

**नालंदा के शीतला माता मंदिर में जान गंवाने वालों में ज्यादातर महिलाएं, 25 हजार श्रद्धालु थे मौजूद | वीआईपी मूवमेंट पर तैनात थे हजारों सुरक्षाकर्मी मंदिर में नहीं थे सुरक्षा व्यवस्था के कोई इंतजाम**

बिहार शरीफ, एजेंसी

बिहार के नालंदा जिले में दीपनगर थानाक्षेत्र के मघड़ा गांव में प्राचीन शीतला माता मंदिर में मंगलवार सुबह भगदड़ मचने से आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल नजर आया। बता दें कि नालंदा में ही राष्ट्रपति का वीआईपी मूवमेंट भी था, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था में हजारों कर्मी तैनात थे।

भगदड़ के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। भगदड़ के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मंदिर में करीब 25 हजार श्रद्धालु थे। बिहारशरीफ के सहायक पुलिस अधीक्षक नूरुल हक ने कहा, मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ के दौरान कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। नालंदा के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शुभम कुमार ने कहा कि मंदिर में अत्यधिक भीड़ के कारण यह हादसा हुआ होगा। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक व्यक्त कर मृतकों के परिजनों को छह-छह लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। कुमार ने अधिकारियों को घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने इस घटना को कथित प्रशासनिक कुप्रबंधन का परिणाम बताते हुए राज्य सरकार की आलोचना की। प्रधानमंत्री मोदी ने घटना में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वहीं राष्ट्रपति ने भगदड़ की घटना को अत्यंत हृदयविदारक बताया।



नालंदा : शीतला माता मंदिर परिसर में भगदड़ मचने के बाद मची चीत्कार।



### भगदड़ कांड की जांच के लिए खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

डीएम ने बताया कि घायल लोगों का इलाज निजी और सरकारी अस्पतालों में चल रहा है और प्रशासन की टीम लगातार उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जा रहा है। घटना के कारणों को लेकर डीएम कुंदन कुमार ने कहा कि मंदिर परिसर में भगदड़ कैसे मची, इसकी जांच सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों के बयान के आधार पर की जा रही है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एक-दूसरे के ऊपर गिर गए श्रद्धालु

घटना उस समय हुई जब चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। मौके पर मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन की जल्दी में धक्का-मुक्की शुरू हो गई और अफरातफरी से कई लोग भीड़ में दब गए। घटना के बाद प्रशासन ने मंदिर और मेला दोनों को बंद करवा दिया है।

### थानाध्यक्ष तत्काल प्रभाव से निलंबित

इस बीच पुलिस कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में दीपनगर के थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। बयान के अनुसार मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जांच में मदद के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों को भी लगाया गया है।

# जंग का फायदा उठाने के लिए कांग्रेस 'राजनीतिक गिद्ध' की तरह घात लगाए हुए है : मोदी

थराद(गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि जहां दुनिया युद्ध, अशांति और ईंधन की बढ़ती कीमतों का सामना कर रही है वहीं भारत ने अपनी मजबूत विदेश नीति और अपने लोगों की एकजुटता के कारण इस स्थिति का मुकाबला प्रभावी ढंग से किया है। मोदी ने कांग्रेस पर लोगों में दहशत फैलाने का आरोप लगाया ताकि लोग पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लगा सकें। उन्होंने मुख्य विपक्षी पार्टी की तुलना 'राजनीतिक गिद्धों' से करते हुए कहा कि वह (पश्चिम एशिया युद्ध से उत्पन्न) स्थिति का राजनीतिक फायदा उठाने की फिराक में है।

मोदी ने गुजरात के वाव थराद जिले के नानी गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध, अशांति और बढ़ती ईंधन कीमतों से जूझ रही है, भारत ने अपनी मजबूत विदेश नीति से स्थिति को प्रभावी ढंग से संभाला है। कहा कि कुछ दल, विशेषकर कांग्रेस, राष्ट्रीय एकता का समर्थन करने के बजाय भय फैलाकर स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। आज कांग्रेस लोगों को उकसाने में व्यस्त है। राजनीतिक गिद्धों की तरह, यह स्थिति के बिगड़ने की प्रतीक्षा कर रही है ताकि फायदा उठाकर राजनीतिक बढ़त हासिल की जा सके।



- बोले- भारत ने मजबूत विदेश नीति व अपनों की एकजुटता से इस स्थिति का मुकाबला प्रभावी ढंग किया

### संघर्ष ने हर देश को प्रभावित किया

मोदी ने दावा किया कि प. एशिया की परिस्थितियों ने हर देश को प्रभावित किया है, लेकिन भारत ने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला है। विपक्ष पर अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि वे अराजकता फैलाना चाहते हैं। हालांकि, कांग्रेस लोगों को पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें लगाने और अव्यवस्था फैलाने के लिए उकसाने की कोशिश कर रही है।

# आईएएस रिंकू का इस्तीफा नौकरशाही पर उठाए सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी कैडर के 2023 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही के इस्तीफे ने प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। उन्होंने अपने त्यागपत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें लंबे समय से न तो कोई जिम्मेदारी दी गई और न ही जनसेवा का अवसर मिला। रिंकू को पिछले साल जुलाई में शाहजहांपुर में एसडीएम/संयुक्त मजिस्ट्रेट रहते एक वकील से कान पकड़वाकर उठक-बैठक कराने के मामले के भारी विरोध प्रदर्शन के बाद शासन ने साइडलाइन करके राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया था।

रिंकू सिंह राही ने उचित माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे इस्तीफे में कहा है कि एसडीएम रहते हुए की गई कार्रवाई के बाद उन्हें साइडलाइन कर दिया गया है। एक ईमानदार अधिकारी के लिए गरिमापूर्ण और सार्थक कार्य न मिलना बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने कहा है कि उन्हें वेतन तो मिल रहा था, लेकिन जनता की सेवा का अवसर नहीं दिया जा रहा था, जो उनके लिए अस्वीकार्य था। ऐसे में उन्होंने इसे नैतिक और सैद्धांतिक निर्णय बताते हुए सेवा छोड़ने का कदम उठाया। इससे वे काफी आहत थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश में संवैधानिक व्यवस्था के समानांतर एक अलग सिस्टम काम कर रहा है, जो अधिकारियों की भूमिका को प्रभावित करता है।



- बोले, लंबे समय से न कोई जिम्मेदारी दी गई न ही जनसेवा का अवसर

### प्रोफाइल: रिंकू सिंह राही

- शिक्षा : बीटेक, एमए
- गृह जनपद : अलीगढ़
- जन्म : 20 मई 1982
- नियुक्ति : 1 अगस्त 2023
- पहली तैनाती : सहायक मजिस्ट्रेट, मथुरा
- संयुक्त मजिस्ट्रेट : शाहजहांपुर
- 30 जुलाई 2025 से राजस्व परिषद, लखनऊ से संबद्ध

### बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट मामले में भी उठे थे सवाल

हाल के दिनों में प्रदेश की नौकरशाही को लेकर कई घटनाओं ने कार्य संस्कृति और समन्वय पर सवाल खड़े किए हैं। बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा और बाद में निलंबन का मामला चर्चा में रहा, जिसमें सार्वजनिक रूप से विरोध और प्रशासनिक आचरण को लेकर विवाद सामने आया। इसी तरह कुछ अन्य जिलों में भी अधिकारियों और स्थानीय समूहों के बीच टकराव की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे प्रशासनिक संतुलन और संवाद की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को मृत्यु दंड की सजा

**प्रयागराज।** यहां की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने के दोषी व्यक्ति को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो अदालत) विनोद कुमार चौरसिया ने अभियुक्त मुकेश पटेल को दोषी करार देते हुए सोमवार को यह सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक विनय कुमार त्रिपाठी ने पैरवी की। इस मामले के तथ्यों के मुताबिक, तीन अक्टूबर, 2024 को शाम करीब छह बजे आठ वर्षीय नाबालिग लड़की एक मेडिकल स्टोर गई थी और घर लौटते समय लापता हो गई। अगले दिन पास के एक खेत में उसका शव पड़ा मिला। प्रयागराज के थाना सोरांव में चार अक्टूबर को लिखित तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जांच प्रक्रिया के दौरान विशेष साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी मुकेश पटेल की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया था।

# एमएसपी का लाभ देने की पारदर्शी व्यवस्था प्राथमिकता: शाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि रबी सीजन 2026-27 में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पूरा लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि चना, मसूर और सरसों की खरीद 7 अप्रैल से शुरू होकर 30 जून तक चलेगी।

इस दौरान पारदर्शी डिजिटल व्यवस्था और डीबीटी के माध्यम से किसानों को सीधे भुगतान किया जाएगा। लोकभवन में पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिए रणनीति बनाई गई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे 15 मई तक फॉर्मर रजिस्ट्री जरूर करा लें, ताकि योजनाओं का लाभ ले सकें।



- सात अप्रैल से 30 जून तक होगी चना, मसूर व सरसों की खरीद, सीधे खातों में भुगतान

### एमएसपी दर और बढ़ोतरी

- चना : 5875 रु./क्विंटल ( 225)
- मसूर : 7000 रु./क्विंटल ( 300)
- सरसों : 6200 रु./क्विंटल ( 250)
- अरहर : 8000 रु./क्विंटल

### खरीद लक्ष्य (2026-27)

- चना : 2.24 लाख मीट्रिक टन
- मसूर : 6.77 लाख मीट्रिक टन
- सरसों : 5.30 लाख मीट्रिक टन
- अवधि : 7 अप्रैल से 30 जून

### कृषि क्षेत्र की उपलब्धियां

- 5700 करोड़ रुपये योजनाओं पर खर्च
- 11.25 लाख किसानों को अनुदानित बीज
- 12.73 लाख किसानों को मुफ्त बीज
- 25.41 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध

# टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** बंगाल चुनाव से पहले मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हुए टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा कि यह महज औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है और राष्ट्र की सेवा करने का एक बड़ा अवसर भी है। भाजपा में उनका स्वागत करते हुए किरेन रीजीजू ने उम्मीद जताई कि पार्टी की ओर से पेस अब अब राजनीति में बड़ी पारी खेलेंगे। पेस (52) रीजीजू और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए।




(विस्तृत खेल पेज पर)


**बदलाव** एफएंडओ सौदों पर एसटीटी बढ़ेगी, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट


# नया आयकर कानून एवं कई बजटीय प्रावधान आज से लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से लागू होंगे। इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं।

इसके अलावा, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए 'सेफ हार्बर' प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी।

आयकर अधिनियम, 2025 एक अप्रैल 2026 से आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। आयकर विभाग ने कहा कि बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही, पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी। आकलन वर्ष 2026-27 (जो पुराने कानून की अवधि से संबंधित है) के लिए जुलाई 2026 में रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता पुराने कानून के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग करेंगे। कर वर्ष 2026-27 के लिए अग्रिम कर भुगतान जो जून 2026 से शुरू होगा। उसे नए कानून के अनुसार किया जाएगा। आयकर अधिनियम, 2025 में आकलन वर्ष और पूर्व वर्ष के अंतर को समाप्त कर एकल 'कर वर्ष' व्यवस्था लागू की गई है। साथ ही, समय सीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल होने पर भी टीडीएस की वापसी बिना किसी दंड शुल्क के लेने की अनुमति दी गई है। एक अप्रैल से लागू होने वाला एक अन्य बड़ा बदलाव एफएंडओ सौदों पर एसटीटी में वृद्धि है। वायदा अनुबंधों पर एसटीटी 0.02 प्रतिशत से बढ़कर 0.05 प्रतिशत हो जाएगा।




### अब टोल प्लाजा पर नहीं चलेगा कैश

1 अप्रैल 2026 से देश के सभी टोल प्लाजा पूरी तरह से कैशलेस हो जाएंगे और आप अगर कैश देकर टोल पेमेंट करना चाहेंगे तो फंस जाएंगे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने देश के राजमार्गों पर सफर को ज्यादा आसान और और पारदर्शी बनाने के लिए टोल कलेक्शन से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए कैश ट्रांजेक्शन को खत्म करने का फैसला किया है और आप अब सिर्फ फास्टैग या ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिये ही टोल फीस का भुगतान कर सकते हैं। एनएचएआई का यह कदम पूरे देश में उसके सभी टोल प्लाजा पर लागू होगा। एनएचएआई के अधिकारियों का मानना है कि पूरी तरह से डिजिटल सिस्टम से वाहनों को टोल प्लाजा से तेजी से गुजरने में मदद मिलेगी और इससे जहां एक तरफ लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा, वहीं ट्रैवल टाइम भी बचेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### युवती को ले जाने के आरोपियों पर रिपोर्ट

**कांठ, अमृत विचार :** थानाक्षेत्र के अतर्गत एक युवती को बहला फुसलाकर साथ ले जाने के मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 29 मार्च की देर रात उसकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। आरोप है कि गांव में रहने वाला विकास उनकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया। उन्होंने गांव के ही निवासी पंकज पर भी आरोपित का साथ देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### संसाधनों के संयमित उपयोग पर दिया जोर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** श्रीराम गायत्री ज्ञान मंदिर परिसर में मंगलवार को वैश्विक स्तर पर बन रहे युद्ध जैसे हालात और उसके भारत पर संभावित प्रभाव को लेकर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि देश में आवश्यक वस्तुओं की फिलहाल कोई कमी नहीं है, लेकिन उनका सही और संतुलित उपयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने जल, बिजली, रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल जैसी ऊर्जा स्रोतों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि अनावश्यक खपत से बचना समय की मांग है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करने और पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने की अपील की गई। कार्यक्रम में सुनील मिश्रा, भारत सिंह, धर्मेन्द्र पाल, अनुज शर्मा, पवन सिंह, राघव गुप्ता, शिवेंद्र बंधु गुप्ता और दीपक वाल्मीकि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ठाकुरद्वारा में बदला बिजली कटौती व जलापूर्ति का समय

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के सम्मानित क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। बिजली विभाग ने 1 अप्रैल से टाउन में निर्धारित बिजली कटौती का नया समय घोषित किया है। सूचना के अनुसार अब प्रतिदिन सुबह 6 :15 बजे से 7 :45 बजे तक तथा दोपहर 3 :30 बजे से 4 :30 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी ।वहीं, नगरपालिका परिषद द्वारा जलापूर्ति के समय में भी बदलाव किया है। नई व्यवस्था के तहत अब नगर में पानी की सप्लाई सुबह 8 :00 बजे से 8 :45 बजे तक तथा दोपहर 1 :00 बजे से 1 :45 बजे तक की जाएगी। निर्धारित समय पर ही पानी संग्रह करने और जल संरक्षण का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

# पाकबड़ा में युवक ने पेड़ पर फंदे से लटक कर दी जान

**संवाददाता, पाकबड़ा**

**अमृत विचारः** एक युवक ने पेड़ पर फंदा डालकर उससे लटक कर जान दे दी। परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



मृतक सालिम।

नगर पंचायत के मोहल्ला मुल्लानों वाले का निवासी सालिम पुत्र जाहिद उम्र 22 वर्ष कस्बे में ही अलमारी एवं संदूक बनाने का काम करता था। वह नशे का आदी हो गया था। परिवार वालों के मना करने पर भी मनमानी करता था। सोमवार की देर शाम परिवार वालों ने जब उसे डांटा तो वह नाराज होकर घर से निकल गया। देर रात शनिवार के बाजार के आगे बगिया में पेड़ से कपड़े का फंदा बनाकर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना राहगीरों को सुबह को मिली। राहगीरों ने परिवार को जानकारी दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतार कर पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी योगेश कुमार मावी ने बताया कि मृतक नशा करता था। परिवार वालों ने डांट दिया तो किसी समय जाकर रात में आत्महत्या कर ली।

## युवाओं में विज्ञान के प्रति अभिरुचि बढ़ाने के लिए परियोजना के कार्य में आएगी तेजी

# मुरादाबाद में साइंस पार्क के लिए शासन से 47.99 करोड़ स्वीकृत

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** महानगर में साइंस पार्क और नक्षत्रशाला निर्माण की राह शासन ने बजट जारी कर आसान कर दी है। साइंस पार्क के लिए शासन ने 47.99 करोड़ रुपये स्वीकृत किया है। इस धनराशि से इसे विकसित किया जाएगा। साइंस पार्क बनने से युवाओं में विज्ञान के प्रति अभिरुचि बढ़ाकर भविष्य की चुनौतियों से निपटने की जानकारी हासिल होगी।

विज्ञान (साइंस) पार्क और नक्षत्रशाला गोविंदपुरम आवासीय योजना, दिल्ली-मुरादाबाद-बरेली मार्ग स्थित गोविंदपुरम आवासीय योजना में बनाया जाएगा। इस परियोजना की जिम्मेदारी एमडीए सौंपी गई है, जिसका उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक विज्ञान और अंतरिक्ष का अनुभव प्रदान करना है। इसके बनने से न सिर्फ मंडल मुख्यालय मुरादाबाद बल्कि आसपास के अन्य जिलों के लोगों को विज्ञान की नवीनतम जानकारियों का लाभ मिलेगा। विज्ञान के छात्रों को इस पार्क से ज्ञान बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना से मुरादाबाद मंडल मुख्यालय को एक बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। साइंस पार्क के लिए शासन से 47.99 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिया है। अब इसकी राह आसान हो गई है। परियोजना के प्रथम चरण में 705.12 लाख रुपये निर्माण कार्य और 10 करोड़ रुपये मशीनरी व उपकरणों के लिए बजट सरकार ने मंजूर किया है।

इस साइंस पार्क विकसित करने को लेकर पिछले दिनों सर्किट हाउस सभागार में प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री व जिले के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया था कि इसके कार्य का शिलान्यास अप्रैल में किया जाएगा। डेढ़ साल में साइंस पार्क बनकर तैयार होगा।

**साइंस पार्क में यह होंगी सुविधाएं**

- इंटरेक्टिव विज्ञान प्रदर्शनी
- मॉडल, रोबोटिक्स इनोवेशन लैब
- 360-डिग्री नक्षत्रशाला।



# देह व्यापार के बड़े रैकेट का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

## महानगर के बुद्धि विहार से आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए आरोपी

- आरोपियों के पास से 76 हजार रुपये नगद, तीन कार और नौ मोबाइल फोन भी बरामद

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** मझोला थाना क्षेत्र के सेक्टर-7 बी बुद्धि विहार में मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध देह व्यापार के बड़े अड्डे का भंडाफोड़ किया। स्थानीय थाना पुलिस और एएचटीयू टीम की संयुक्त छापेमारी में मौके से 6 पुरुष और 2 महिलाओं को आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया गया।

मंगलवार को मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि सोमवार की देर रात पुलिस को बुद्धि विहार स्थित एक किराए के मकान में लंबे समय से देह व्यापार का अवैध धंधा संचालित होने की सूचना मिली। जिस पर स्थानीय पुलिस और एएचटीयू की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान अलग-अलग कमरों से युवक-युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी ग्राहकों से पैसे लेकर महिलाओं को उपलब्ध कराता था और कमाई का बंटवारा करता था। मौके से सारिका, अल्फेज, निशा, शफीक, गोहर, रामवीर, फैजल, आतिफ और मुजाहिद को गिरफ्तार किया है।

इसमें सारिका और रामवीर पति- पत्नी बताए जा रहे हैं जिनकी शह पर यह अवैध गतिविधि संचालित हो रहा था। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 76 हजार रुपये नकद, नौ मोबाइल फोन, तीन कारें, 17 सेक्सवर्धक गोलियां बरामद की। मौके पर बरामद वाहनों को सीज कर दिया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की धारा 3/4/5 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से सभी आरोपियों को जिला कारागार भेज दिया गया।




मझोला पुलिस की गिरफ्त में देह व्यापार का रैकेट चलाने के आरोपी। • अमृत विचार

> मझोला के बुद्धि विहार क्षेत्र में किराए के मकान में कई दिनों से अवैध सेक्स रैकेट संचालित होने की जानकारी मिली थी। जिस पर स्थानीय पुलिस और एएचटीयू समेत दो टीमें गठित कर सोमवार की देर रात छापेमारी की गई। पुलिस ने दो महिलाओं समेत 8 लोगों को मौके से आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया। सभी को मुकदमा दर्ज जेल भेजा गया।
>
> **- कुमार रणविजय सिंह,** एसपी सिटी

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर दूर की गईं भ्रांतियां

**मुरादाबाद,अमृत विचारः** मंडल के सभी जिलों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में व्याप्त भ्रांतियां को दूर करने के लिए मुख्य अभियंता विद्युत वितरण मंडल अशोक कुमार चौरसिया ने अपने कार्यालय सभागार में मंगलवार को पत्रकारों से बात कर जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर में मापन तकनीक में कोई बदलाव नहीं किया गया है, बल्कि केवल बिलिंग प्रक्रिया को स्वचालित और पारदर्शी बनाया गया है। यदि किसी उपभोक्ता मीटर तेज चलने की शिकायत करता है तो आवेदन के बाद चेक मीटर लगाकर जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर स्मार्ट उपभोक्ता स्मार्ट प्रदेश अभियान के तहत उपभोक्ता यूपीपीसीएल ऐप डाउनलोड कर अपने बिजली बिल और खपत की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पूर्व में जमा सुरक्षा धनराशि को उपभोक्ताओं के बकाये में समायोजित या प्रीपेड बैलेंस में क्रेडिट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रीपेड मीटर अपनाने पर उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर दो प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। बिजली आपूर्ति बाधित होने पर रिचार्ज के बाद सामान्यतः दो घंटे के भीतर आपूर्ति बहाल हो जाती है। यदि ऐसा नहीं होता है तो उपभोक्ता 1912 पर कॉल कर सकते हैं या जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9193300411 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# कुंदरकी में शार्ट सर्किट से लगी रुई गोदाम में आग, मची अफरा तफरी

- छह दमकलों ने कई घंटों में पाया आग पर काबू, लाखों के नुकसान का अनुमान
- चकफजलपुर रोड पर है खुब्जा इंटर प्राइसेज का रुई गोदाम और धुनाई मशीन

**संवाददाता कुंदरकी**

**अमृत विचारः** नगर के एक रुई गोदाम में मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग से लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। आग पर छह दमकलों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

थाना क्षेत्र के चकफजलपुर रोड पर खुब्जा इंटर प्राइसेज के रुई गोदाम में किसी कारण से आग लग गई। गोदाम में अधिक मात्रा में ज्वलनशील रुई भरी होने से लपटें तेजी से फैलने लगीं, आसपास अफरा-तफरी मच गई। गोदाम में रुई से लिहाफ और गद्दे बनते थे। आग की भयानक लपटें ऊंची उठीं, काला धुआं दूर तक फैला। स्थानीयों ने फौरन दमकल और पुलिस को खबर दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां पहुंचीं, संभल-अमरोहा से दो अतिरिक्त दमकलें बुलाई गईं। दमकल कर्मियों ने घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आसपास के गोदामों और आबादी को बचाया। फायर ब्रिगेड सीएफओ राजीव कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर ज्ञान प्रकाश शर्मा और थानाध्यक्ष जसपाल सिंह ने मौके पर राहत कार्य का जायजा लिया। पुलिस ने भीड़ को भी दूर रहने के लिए सजग किया। आग से तैयार-कच्चा माल जलकर राख हो गया। लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। किसी जनहानि की खबर नहीं है। सीएफओ राजीव कुमार पांडेय ने बताया आग शॉर्ट सर्किट से लगी है, ऐसा प्रारंभिक जांच से पता चला है। पुलिस-फायर टीम विस्तृत जांच में जुटी है।



रुई गोदाम में आग बुझाते दमकल कर्मी। • अमृत विचार



रुई गोदाम में लगी आग। • अमृत विचार

# परिक्रमा मार्ग के निर्माण को मिलेंगे 308 करोड़ रुपये

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- 100 करोड़ की पहली किस्त लोक निर्माण को भेजी
- 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग बनने से 34 गांवों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचारः** पुराणों में दर्ज प्राचीन काल से वंश गोपाल तीर्थ से शुरू होने वाली 24 कोसीय परिक्रमा के मार्ग के रोड़े अब खत्म हो जाएंगे। जनपद संभल के आदमपुर रोड स्थित वंश गोपाल से शुरू 24 कोसीय परिक्रमा फेरी के प्रस्तावित मार्ग के निर्माण को बड़ी सौगात मिली है। सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए करीब 308 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

मंगलवार को जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि यह प्रस्ताव जनवरी माह में भेजा गया था,जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। प्रदेश सरकार ने 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के लिए 308 करोड़ रुपये की धनराशि की मंजूरी दे दी है। जिसमें 100 करोड़ की धनराशि लोक निर्माण विभाग के खाते में भेजी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस परिक्रमा मार्ग का निर्माण सात मीटर चौड़ी मुख्य सड़क और तीन मीटर चौड़ी पटरी के साथ किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। यह मार्ग जनपद के 34 गांवों से होकर गुजरेगा, जिसमें प्रमुख रूप से मूसापुर, बेनीपुर चक, ईसापुर, पैसिया, रसूलपुर सराय, मुजफ्फरपुर, खग्गुपुरा, एदलपुर, भोलेश्वर, मंडलाई समेत अन्य गांव शामिल हैं। परिक्रमा मार्ग बनने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।

# पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**कांठ, अमृत विचारः** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत मंगलवार को कांठ एवं छजलैट थाने की महिला सुरक्षा टीम एमएसटी- 11 ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी नुक्कड़ गोष्ठियां कीं। इसमें ना महिलाओं, युवतियों और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के बारे में बताया गया। टीम की प्रभारी उपनिरीक्षक प्रीति एवं सोनम ने एवं छजलैट में उप निरीक्षक रेखा श्रीवास्तव हेड कांस्टेबल अलका ने नुक्कड़ सभाएं कर कहा कि महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबरों से तुरंत सहायता मिल जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, अग्निशमन सेवा 101, एंबुलेंस सेवा 102, 108, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# बच्ची को उठा ले गया तेंदुआ ग्रामीणों ने छुड़ाया, गंभीर

**संवाददाता, कांठ**

**अमृत विचारः** क्षेत्र में तेंदुए के हमले की एक और घटना हो गई, मंगलवार शाम एक 10 वर्षीय बालिका को तेंदुआ घर के आंगन से चारपाई से उठाकर गन्ने के खेत में ले गया। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए बालिका को तेंदुए के कब्जे से छुड़ाया, लेकिन बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई है।



घायल बालिका।

घटना ग्राम मिश्रीपुर की है, जहां मंगलवार की देर शाम दीपिका (10 वर्ष) पुत्री अवनीश कुमार सैनी अपने भाई विशाल के साथ घर के आंगन में चारपाई पर लेटी हुई थी। पास ही गन्ने का खेत होने के कारण शाम करीब 8 बजे तेंदुआ खेत से निकलकर आंगन में आ गया और दीपिका को गर्दन व सिर से पकड़कर खेत की ओर घसीट ले गया। बालिका के भाई द्वारा शोर मचाने पर परिजन और आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और तेंदुए का सामना किया। लोगों की भीड़ और शोर-शराबे के बीच तेंदुआ बालिका को घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया। घटना के बाद सैकड़ों ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और तेंदुए की तलाश में जंगल में कॉम्बिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। डिप्टी वन रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि कांठ से बालिका को मुरादाबाद अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है।

# बिजलीघर से लाखों के विद्युत उपकरण चोरी

**भोजपुर, अमृत विचार :** सोमवार की रात को दो चोरों को लाइनमैन ने पीपलसाना विद्युत उपकेंद्र के स्टोर में नकब लगाकर लाखों रुपये कीमत के तांबे के विद्युत उपकरण चोरी करते रंगे हाथों पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने चोरों के कब्जे से बरामद टाटा मैजिक सीज कर दी थाने से एक किमी की दूरी पर त्यागी पेट्रोल पंप के सामने विद्युत उपकेंद्र के स्टोर रूम की दीवार में सेंध लगा कर धर्मपुर आंगा निवासी मौहम्मद हसन व फरदीन तांबे के विद्युत उपकरण एवं पंखे कट्टों में भरकर टाटा मैजिक में लादकर ले जाने लगे। आहट होने पर केंद्र में ड्यूटी पर तैनात लाइनमैन आस मौहम्मद ने चोरों को टाटा मैजिक समेत पकड़ कर विभागीय अधिकारियों को घटना की सूचना दी।

# बढ़ेगी गर्मी, पूर्वी उप्र में अधिक दिन लू संभावित

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- अप्रैल में सामान्य से अधिक वर्षा के आसार, लेकिन अगले दो तीन दिनों में तापमान दो-तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना

**अमृत विचार :** ग्रीष्म ऋतु 2026 को लेकर जारी दीर्घावधि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार इस बार प्रदेश में गर्मी का असर अपेक्षाकृत अधिक रहने की संभावना है। मार्च में पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता के चलते दूसरे पखवाड़े में हुई बारिश से कुल प्रादेशिक वर्षा सामान्य स्तर पर रही, लेकिन पहले पखवाड़े में तापमान सामान्य से अधिक रहने के कारण औसत अधिकतम व न्यूनतम तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज किया गया।

जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार ने बताया वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में तटस्थ निनो परिस्थितियां बनी हैं, जिनके ग्रीष्म ऋतु तक बने रहने की संभावना है। इसके साथ ही हिंद महासागर में भी तटस्थ द्विध्रुवीय स्थिति का प्रभाव देखने को मिलेगा। इस असर से अप्रैल में पूर्वांचल को छोड़कर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। हालांकि, तापमान के दृष्टिकोण से स्थिति चिंताजनक बनी रह सकती है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश व तराई क्षेत्रों में औसत अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने के साथ ही लू चलने वाले दिनों की संख्या भी बढ़ने के आसार हैं। वहीं पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर रहने की संभावना जताई गई है। उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बने चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव 31 मार्च के बाद समाप्त हो जाएगा।

# हिंदी प्रवक्ता गिरीश जोशी को दी विदाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में मंगलवार को हिंदी प्रवक्ता गिरीश चंद्र जोशी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने उनके कार्यकाल को याद किया। पूर्व शिक्षक डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसके बाद नई पारी की शुरुआत होती है। डॉ. सुनीत गिरी ने जोशी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें विद्वान और विनम्र शिक्षक बताया। हरिशंकर भारतीय, अरुण त्यागी और अरविंद मोहन ने उनके सादगीपूर्ण जीवन व मिलनसार व्यक्तित्व की सराहना की। प्रधानाचार्य डॉ. कुलदीप बरनवाल ने उन्हें संवेदनशील और छात्र-केंद्रित शिक्षक बताया।

# बोतल में पेट्रोल-डीजल देने पर होगी कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- सीसीटीवी फुटेज देखकर करेंगे चिह्नित, संबंधित को नोटिस के बाद लाइसेंस निरस्त करने के लिए भेजा जाएगा

**अमृत विचारः** अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच जारी युद्ध के दौरान रसोई गैस, पेट्रोल डीजल की किल्लत न हो इसके लिए प्रशासन सक्रिय है। प्रशासन के निशाने पर फिलिंग स्टेशनों पर कैन व बोतल में पेट्रोल-डीजल देने वाले पंप संचालक हैं। इन पर सख्ती की जा रही है।

पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुचारू बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी ने आयल कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी पत्र लिखा है। वहीं जिलाधिकारी के निर्देश पर जिलापूर्ति अधिकारी व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आदि टीम के साथ शहर से लेकर देहात तक पेट्रोल व डीजल पंपों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसमें कहीं भी कैन व बोतल में पेट्रोल-डीजल देने की निगरानी की जा रही है। जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने स्वयं पेट्रोल पंप पर पहुंचकर इसकी जांच की। उनके सामने ही कैन में डीजल लेने आए व्यक्ति को वापस लौटाया। फिलिंग सेंटर के कर्मचारियों को चेतावनी दी कि ऐसा कतई न करें। उन्होंने बताया कि अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के चलते रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल का कृत्रिम संकट उत्पन्न करने वालों पर सख्ती की जाएगी। नियमित मानीटरिंग कर व्यवस्था सुचारू बनाने में लगे हैं।

# निजी स्कूलों की फीस और किताबों पर अभिभावक संघ सख्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला अभिभावक संघ ने निजी स्कूलों की मनमानी पर मुखर हो गया है। फीस, ड्रेस और किताबों को लेकर अभिभावकों से मिलेंगे। संघ के जिलाध्यक्ष विकेश राजपूत ने बताया कि उनकी टीम जिले के सभी निजी स्कूलों से फीस संरचना, ड्रेस और किताबों का ब्योरा जुटा रही है। उन्होंने बताया कि यदि कोई स्कूल सरकार द्वारा निर्धारित मानकों से अधिक फीस वसूल करता है या अनावश्यक व महंगी किताबें लागू करता है, तो उसके खिलाफ खड़े होंगे। अभिभावकों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। बताया कि यदि किसी स्कूल के खिलाफ अभिभावकों की शिकायत मिलती है, तो मुद्दे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठाएंगे और दोषी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई कराएंगे।

**अभिभावकों पर दबाव** | **12वीं में भी स्कूल बैग का वजन पांच किलो से अधिक नहीं होने के हैं निर्देश**

# बस्तों का बढ़ता बोझ, कमीशनखोरी में दबता बचपन

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** रामगंगा विहार निवासी सोनल सिंह की बेटी कक्षा दो में एक निजी स्कूल में पढ़ती है। नए सत्र की शुरुआत के साथ उसकी किताबों का बोझ भी बढ़ गया है। अब सोनल इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इतनी छोटी बच्ची रोज इतना भारी बैग कैसे उठाएगी। उनका कहना है कि सभी किताबों की रोज जरूरत नहीं होती, लेकिन स्कूल के निर्देशों के चलते पूरा कोर्स साथ ले जाना मजबूरी बन गया है।

कुछ ऐसा ही हाल सूर्य नगर निवासी अलका कौशिक का है। उनका बेटा कक्षा पांच में पढ़ता है। भारी बस्ता उठाते देख वह भी परेशान हैं कि बच्चा रोजाना स्कूल तक यह वजन कैसे लेकर जाएगा।



दरअसल, अधिक मुनाफा कमाने की होड़ में स्कूलों, निजी प्रकाशकों और स्टेशनरी विक्रेताओं के बीच कथित सांठगांठ ने अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। छोटी कक्षाओं में भी 10 से 12 किताबें अनिवार्य कर दी गई हैं, जबकि कॉपियां और अन्य सामग्री अलग होती हैं। नतीजतन, प्री-प्राइमरी से लेकर इंटरमीडिएट तक के विद्यार्थी पांच से दस किलो तक का बस्ता ढोने को मजबूर हैं, जिसका असर उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर रखे हैं कि कक्षा 12वीं तक बस्ते का वजन पांच किलो से अधिक नहीं होना चाहिए, इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं हो रहा।

> बच्चों के बस्ते का वजन सीमित होना बेहद जरूरी है। ज्यादा वजन उठाने से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से थक जाते हैं, जिससे पढ़ाई में रुचि भी घटती है। लगातार भारी बैग उठाने से कंधे, पीठ और गर्दन में दर्द के साथ हड्डियों पर भी असर पड़ सकता है।
>
> **- डॉ . एके सिंह,** बाल रोग विशेषज्ञ

> यदि किसी अभिभावक की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित स्कूल की जांच कराई जाएगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- देवेंद्र कुमार पांडेय,** डीआईओएस

### यह हैं निर्धारित मानक

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षावार बैग का अधिकतम वजन तय किया गया है–

- प्री-प्राइमरी (प्ले ग्रुप, नर्सरी, केजी) : बैग अनिवार्य नहीं
- कक्षा एक-दो : 1.6 से 2.2 किलोग्राम
- कक्षा तीन-पांच : 2.2 से तीन किलोग्राम
- कक्षा छह-आठ : अधिकतम चार किलोग्राम
- कक्षा नौ-10 : अधिकतम 4.5 किलोग्राम
- कक्षा 11-12 : अधिकतम पांच किलोग्राम

## शहर में आज

- मझोला स्थित नवीन मंडी परिसर में केंद्र पर गेहूं खरीद सुबह 9 :00 बजे
- बालाजी सेवा समिति का होली का मैदान में कार्यक्रम सुबह 10 :00 बजे
- काली मंदिर लालबाग में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे

## सिटी ब्रीफ

### आए दिन हादसे का खतरा जिम्मेदार बने बेपरवाह

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आशियाना, नवीन नगर क्षेत्र में सड़कों की बदहाल स्थिति से स्थानीय लोग परेशान हैं। जगह-जगह गड्ढों के कारण आवागमन कठिन हो गया है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बारिश के दौरान स्थिति और भी खराब हो जाती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अवंतिका साईं पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। एलकेजी से यूकेजी के साथ कक्षा एक से पांच तक के मेधावी छात्र-छात्राओं में वान्या, मिशिका, पार्थ, रुद्राक्ष, धनाक्षी, रियांश आदिको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को शील्ड व मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक गोकुलदास, ज्ञानवतीदास, सौरभ व गौरव ने छात्रों को प्रोत्साहित किया।

### मध्य-पूर्व युद्ध से बढ़ीं आर्थिक चुनौतियां

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से मंगलवार को अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध से उत्पन्न चुनौतियां और भारत के लिए आगे का रास्ता विषय पर बैठक हुई। इस अवसर पर अखिल भारतीय सहसंयोजक डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि मध्य-पूर्व में बढ़ते संघर्ष का सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि युद्ध के कारण तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में अस्थिरता बढ़ी है, जिससे देश में घबराहट के चलते एलपीजी और पेट्रोल की मांग अचानक बढ़ गई है। हालांकि सरकार ने पर्याप्त आपूर्ति का आश्वासन दिया है, फिर भी जमाखोरी और अफवाहों से स्थिति चुनौतीपूर्ण बन रही है।

# जयकारों की गूंज के बीच निकाली यात्रा 251 महिलाओं ने धारण किए मंगल कलश

## श्री बाला जी सेवा समिति ने साध्वी राघवेंद्री के नेतृत्व में किया महोत्सव का आयोजन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्री बालाजी सेवा समिति की ओर से आयोजित श्री बालाजी महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को गांधीनगर स्थित राजाराम धर्मशाला से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 251 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भगवान श्री बालाजी महाराज के जयकारों के साथ शहर में भ्रमण किया।वातावरण भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा का शुभारंभ जगदाचार्य साध्वी राघवेंद्री महाराज के सान्निध्य में हुआ। आचार्य प्रदीप कुमार ओझा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश पूजन एवं भगवान श्री बालाजी महाराज का आह्वान किया गया। मुख्य यजमान शिल्पी अग्रवाल एवं गौरव अग्रवाल रहे। कलश यात्रा का प्रमुख आकर्षण भगवा रंग की साड़ियां धारण की हुई महिलाएं थीं। साड़ियों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवियां अंकित थीं, जिसकी लोग चर्चा करते रहे। महिला श्रद्धालु भजन-कीर्तन करती हुई आगे बढ़ रही थीं।


बालाजी सेवा समिति की कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार


राजाराम धर्मशाला से निकली बालाजी सेवा समिति की शोभायात्रा में सजी झांकी।

कलश शोभा यात्रा में उप महंत रवि राघव, आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेश रस्तौगी, सत्येंद्र सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, रुद्र राघव, संदीप परमार, धीरज ठाकुर, धर्मेश भदोरिया, संतोष शर्मा, राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, मयंक माथुर, मनीष अग्रवाल, मनीष रस्तोगी, नवनीत चौहान, श्यामलाल उस्ताद, अंजू राघव, रीता सिंह, गुंजन अग्रवाल, उषा राठौर, मधु सिंह, नीलम, सीमा शर्मा आदि मौजूद रहीं। इसके अलावा रामपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी, बरेली, गाजियाबाद, दिल्ली सहित कई स्थानों से श्रद्धालुओं ने भागीदारी की।

### नगर भ्रमण कर बालाजी दरबार में हुआ समापन

राजाराम धर्मशाला से शुरू हुई यात्रा हरपाल नगर, रामपुर रोड, डबल फाटक और प्रभात मार्केट होते हुए कटघर स्थित बालाजी दरबार पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में हनुमान जी और राम दरबार की झांकियां आर्कषण का केंद्र रही।

### स्वागत और सेवा की रही विशेष व्यवस्था

प्रभात मार्केट पर प्रिया अग्रवाल ने आरती उतारकर यात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह ठंडे जल एवं शरबत की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरे मार्ग पर मुस्तैद रहा।

# हीट वेव से बचाव को बनाई कार्ययोजना, डाटा संग्रह किया

- महानगर के विभिन्न हिस्सों में जाकर लिया फीडबैक, किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में लू से बचाव की तैयारियों के लिए सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर नेशनल पीजी कॉलेज लखनऊ की 45 सदस्यीय टीम मुरादाबाद पहुंची। टीम में शामिल विशेषज्ञों ने कलेक्ट्रेट के अलावा शहर के कई प्रमुख जगहों का भ्रमण कर लोगों से गर्मी व इससे बचाव के बारे में फीडबैक लिया।

मंगलवार को नेशनल पीजी कॉलेज लखनऊ के प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार सिंह, एसोसियेट प्रो. डॉ रितू जैन और डॉ. अभिषेक के नेतृत्व व ममता मालवीय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व / मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शहर के मुख्य चौराहों फव्वारा चौक, गुरहट्टी, पशु चिकित्सालय सदर, अग्निशमन कार्यालय, कमिश्नरी ऑफिस, जिलाधिकारी कार्यालय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित, स्टेशन, बस स्टैंड के साथ पीतल उद्योग का भ्रमण किया। इस दौरान स्मार्ट सिटी में हीट वेव से निपटने की कार्य योजना को तैयार करने के लिए जरूरी डाटा संग्रह का कार्य पूरा किया। जिला प्रशासन पूरा सहयोग कर रहा है। सिटी हीट एक्शन प्लान के समन्वयक व जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सिटी हीट एक्शन कार्ययोजना पर तेजी से कार्य हो रहा है। इस कार्ययोजना को तैयार कर जल्द ही अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। लखनऊ से आई टीम में विनायक, वंशिका अवस्थी, वंशिका गुप्ता, राज, हर्षित पाण्डे, पीयूष, अरबाज खान, आकाक्षा, शिवांगी, कात्यानी, नंदनी पाठक सहित अन्य छात्र-छात्राएं और भूगोल विभाग के शोधार्थी भी शामिल रहे। टीम का उद्देश्य ग्राउन्ड रियल्टी/अध्ययन कर व्यवहारिक व प्रभावी सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करना है।

### नगर निगम से नहीं मिला सहयोग

टीम के आने पर नगर निगम कार्यालय का कोई अधिकारी-कर्मचारी नहीं पहुंचा। न किसी प्रकार का सहयोग किया। इससे टीम के सदस्य निराश दिखे। उन्होंने माना कि नगर निगम सिटी हीट वेव योजना को लेकर गंभीर नहीं है।

# कार्यकर्ताओं के बल पर विधायक हूं, यही मेरी ताकत

- पार्टी की नीतियों का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना: रितेश गुप्ता
- भाजपा महानगर मध्य नगर मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी महानगर के मध्यनगर मंडल द्वारा दो दिवसीय दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ बुध बाजार स्थित एक होटल में किया गया। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वह कार्यकर्ताओं के बल पर ही विधायक हैं। यहीं उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

इसके पहले प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सूर्य मोहन ने की। मुख्य वक्ता नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता ने अंत्योदय से संतृप्ति तक विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कहा कि पार्टी की नीतियों का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक घर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक रितेश गुप्ता। ● अमृत विचार

इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, हरीश भसीन, महानगर महामंत्री विशाल त्यागी, महानगर मंत्री सुनीता शर्मा, महानगर कोषाध्यक्ष दीपक बाबू गुप्ता, महानगर मंत्री व मंडल प्रभारी अभिषेक चौबे, महानगर मंत्री विजय लक्ष्मी पंडित, अल्पना रितेश गुप्ता, पार्षद गौरव श्रीवास्तव, पार्षद विशाल गोलू, देशरतन कत्याल, मंडल महामंत्री दीपक धवन, मंडल महामंत्री आकाश भारद्वाज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मजबूरी गिनाकर पुरानी व्यवस्था की अनुमति

- डीएम का आदेश बेअसर: 20 मई तक अब नगर क्षेत्र के स्कूलों में एनजीओ के माध्यम से वितरित होगा मध्याह्न भोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के द्वारा ग्रामीण द्वोत्र के विद्यालयों की तरह नगर क्षेत्र के बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में एक अप्रैल से नये शैक्षिक सत्र में स्कूल स्तर पर ही मध्याह्न भोजन बनवाकर बच्चों को वितरित करने का आदेश दिया था। लेकिन शिक्षाधिकारियों ने मजबूरियां गिनाकर आदेश के क्रियान्यवन के पहले ही हवा निकाल दी। जिलाधिकारी से 20 मई तक पूर्ववत व्यवस्था जारी रखने की अनुमति ले ली।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने 23 मार्च को आदेश जारी किया था कि ग्रामीण क्षेत्रों की तरह बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल स्तर पर नगर क्षेत्र में भी नये शैक्षिक सत्र में एक अप्रैल से स्कूल स्तर पर ही भोजन बनवाकर बच्चों को खिलाया जाएगा। जिससे भोजन की गुणवत्ता सही रहेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि एनजीओ के माध्यम से मिल रहे भोजन की गुणवत्ता को देखते हुए विद्यालय स्तर पर ही विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से ताजा भोजन बनवाकर वितरित करना उचित होगा। इसके लिए बेसिक शिक्षाधिकारी व विद्यालय के स्तर पर 31 मार्च से पहले सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ली जाएं। इसकी अवहेलना नहीं होनी चाहिए।

इसके बाद तिकड़म शुरू हो गया। कभी जिलाधिकारी के पास मनुहार करने एनजीओ के सदस्य पहुंचे तो कभी शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ पड़ने की दुहाई शुरू हो गई। जबकि नगर पंचायतों के माध्यम से स्कूल में ही मिड डे मील बनने की सारी व्यवस्था हो गई। लेकिन मुरादाबाद नगर क्षेत्र में व्यवस्था बन पाने में लाचारी दिखा दी गई।

अब 31 मार्च को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी विमलेश कुमार ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों (मूंढापांडे को छोड़कर) खाद्यान्न, रसोइए और गैस कनेक्शन आदि मजबूरियों का हवाला जिलाधिकारी को देकर उनसे 20 मई तक नगर क्षेत्र के स्कूलों में भी एनजीओ के माध्यम से ही पूर्ववत भोजन वितरण व्यवस्था जारी करने का अनुमोदन करा लिया।

ऐसे में नगर क्षेत्र के बच्चों को फिर एनजीओ के माध्यम से उपलब्ध कराए गए ठंडा भोजन खाने की ही मजबूरी रहेगी।

# चार केंद्रों पर मूल्यांकन पूरा, एक केंद्र पर शेष

- एक अप्रैल तक सभी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का लक्ष्य, विभाग ने जताया भरोसा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन तेजी से चल रहा है। जिले में पांच में से चार मूल्यांकन केंद्रों पर सभी उत्तरपुस्तिकाओं की जांच पूरी कर ली गई है, जबकि केवल एक केंद्र पर ही अब मूल्यांकन कार्य शेष रह गया है।

महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, पारकर इंटर कॉलेज, हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज और एचएसबी इंटर कॉलेज केंद्रों पर प्राप्त सभी कॉपियों का शत-प्रतिशत मूल्यांकन कर लिया गया है। वहीं जीजी हिंदू इंटर कॉलेज केंद्र पर अब भी 14,608 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बाकी है, जहां कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि अब तक कुल 4,95,165 उत्तरपुस्तिकाओं में से 4,80,557 की जांच पूरी कर ली गई है, जो 97.05 प्रतिशत कार्य के बराबर है। शेष बची कॉपियों का मूल्यांकन भी तेजी से किया जा रहा है। मूल्यांकन केंद्रों पर पारदर्शिता और सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक और पुलिस बल की तैनाती की गई है। उनका कहना है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। शेष बचे एकमात्र केंद्र पर भी मूल्यांकन कार्य एक अप्रैल तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा।

# अवकाश के दिन भी हुआ कामकाज

- वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन देर तक खुला रहा कोषागार
- अधिकारी फाइलों में जुटे रहे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन मंगलवार को महावीर जयंती के सार्वजनिक अवकाश के दिन भी कोषागार विभागीय बिलों व चेकों के निपटारे के लिए खुला रहा। कोषागार में मंगलवार को अधिकारी-कर्मचारी काम करते रहे। कर्मचारी फाइलें लेकर चक्कर काटते रहे।

मार्च के आखिरी दिनों में हर दिन वित्तीय लेनदेन से संबंधित बिलों का काम अवकाश में भी किया गया। मंगलवार को महावीर जयंती के अवकाश में भी कई विभाग खुले रहे। कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय भी अपने कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने कोषागार में भी पहुंच कर बिलों से संबंधित पत्रावलियों और रजिस्टरों को चेक किया। कोषागार में मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध भी कामकाज करते दिखीं। एडीएम वित्त एवं राजस्व के साथ भी वह काम निपटाने में लगी रहीं। देर रात तक कोषागार में बिलों को फाइनल कर स्वीकृति दी गई। जिससे विभागों में आर्थिक अड़चन न आए। मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष के आखिरी महीने मार्च में अवकाश में भी कामकाज निपटाया गया। एक तरफ अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन बिलों का लोड है तो दूसरी तरफ सरकारी विभागों में परियोजनाओं व योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि व खर्च राशि का भुगतान के लिए भेजे गए बिलों को क्लीयर कराने की मारामारी रही। आखिरी दिन भी लंबित कार्यों को निपटाने में लगे रहे। तो विभागों के अधिकारी अपने संबंधित कर्मचारियों से ट्रेजरी व बैंकों में लगाए गए बिलों के भुगतान की स्थिति का अपडेट लेते रहे। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि मुख्य कोषाधिकारी को सरकारी विभागों के बिलों को क्लीयर कराने का निर्देश दिया था जिससे वित्तीय अड़चन कार्यों में न आए।


कलेक्ट्रेट में कोषागार में अवकाश के दिन भी होता कार्य। ● अमृत विचार

# उमड़े काले बादल बारिश की उम्मीद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को मौसम का मिजाज दिनभर बदलता रहा। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे धूप की तीव्रता तो कम रही, लेकिन गर्मी ने लोगों को काफी परेशान किया। दोपहर तक गर्मी और नमी का असर साफ दिखाई दिया। धूप तेज नहीं होने के बावजूद वातावरण में चिपचिपाहट बनी रही, जिससे लोगों को असहजता का सामना करना पड़ा।

बाजारों में भी दोपहर के समय चहल-पहल कुछ कम नजर आई और लोग गर्मी से बचने के उपाय करते दिखे। शाम करीब चार बजे के बाद मौसम ने अचानक करवट ली और बादल घिर आए। करीब पांच बजे काले घने बादल उमड़ने लगे, जिससे बारिश की उम्मीद जाग उठी। तेज हवा के साथ मौसम सुहावना होने लगा और लोगों को गर्मी से कुछ राहत महसूस हुई।

# भक्तों और संतों की रक्षा स्वयं हनुमान जी करते हैं : कथाव्यास


गोविंदनगर में कथा सुनाते दीपक उपाध्याय। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गोविंद नगर स्थित स्फटिकेश्वर महादेव मंदिर में श्री चतुर्थ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत चल रही हनुमंत कथा के तीसरे दिन कथाव्यास दीपक उपाध्याय व्यास ने हनुमान चालीसा की चौपाई साधु संत के तुम रखवारे पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि हनुमान जी सदैव संतों, साधुओं और धर्म के मार्ग पर चलने वाले भक्तों की रक्षा करते हैं। उन्होंने बताया कि सच्ची श्रद्धा और निष्ठा से की गई भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती और ऐसे भक्तों पर सदैव हनुमान जी की कृपा बनी रहती है। कथा के दौरान मधुर भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को और अधिक भावपूर्ण बना दिया।

# मौसम में बदलाव से कंजक्टिवाइटिस के शिकार हो रहे लोग, बरतें सतर्कता

- डॉक्टरों ने दी सलाह, साफ सफाई और सावधानी को बताया सबसे जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार :** मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर अब लोगों की आंखों पर भी पड़ रहा है। आंखों से जुड़ी समस्याओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। बीते दो सप्ताह के दौरान कंजक्टिवाइटिस (आंख आना) के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। सरकारी अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में आंखों में जलन, चुभन, लालिमा और पानी आने की शिकायत लेकर पहुंचने वाले मरीज पहुंच रहे हैं।

नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मोनिका सैन के अनुसार बदलते मौसम, धूल-गंदगी और संक्रमण के कारण यह समस्या तेजी से फैल रही है। उन्होंने बताया कि कंजंक्टिवाइटिस एक संक्रामक रोग है, जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से फैल सकता है। ऐसे में विशेष सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है। बताया कि इलाज के लिए आ रहे मरीजों को दवा के साथ सलाह दी जा रही है कि आंखों को बार-बार हाथ न लगाएं, साफ पानी से धोते रहें और व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखें। इसके अलावा तौलिया, रूमाल या अन्य व्यक्तिगत वस्तुओं को साझा करने से बचना चाहिए। यदि आंखों में जलन या लालिमा अधिक हो तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी आई ड्रॉप का उपयोग न करें, क्योंकि इससे समस्या बढ़ सकती है।

### कंजक्टिवाइटिस से बचाव के उपाय

- आंखों को साफ रखें और बार-बार न छुएं
- धूल और धुंएं से बचाव करें
- संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें
- व्यक्तिगत वस्तुएं साझा न करें
- समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

# निराश्रित गोवंश के संरक्षण और इलाज का हो प्रबंध

- बजरंग दल के पदाधिकारियों ने की पत्रकार वार्ता
- प्रदेश अध्यक्ष ने तोड़फोड़ के आरोपों को नकारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय बजरंग दल अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में पत्रकारों से बात की।

राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि 30 मार्च को दल के द्वारा नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया गया था। जिसके लिए उनके कार्यकर्ता नगर आयुक्त के पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया था। इसमें निराश्रित गोवंश के दुर्घटना में घायल होने पर नगर निगम के कान्हा गोशाला में ले जाने के लिए वाहन न मिलने पर नाराजगी जताई गई थी। गोवंश के बेहतर संरक्षण व इलाज की मांग की गई थी। लेकिन निगम प्रशासन ने राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है आरोप है कि नगर आयुक्त के आवासीय परिसर में प्रवेश कर कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ किया है। यह गलत है। इसकी सीसीटीवी फुटेज देखकर जांच कराई जाए तो असलियत सामने आ जाएगी। यह कार्रवाई गोवंश के संरक्षण की आवाज उठाने पर की गई है। इस दौरान अमित अग्रवाल महानगर महामंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, विजय शर्मा महानगर महामंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल, इशांक भारद्वाज महानगर सुरक्षा प्रमुख राष्ट्रीय बजरंग दल आदि मौजूद रहे।

# इंडोर स्टेडियम व डिजिटल स्टडी सेंटर बनेगा

- शहर की सफाई व जलनिकासी की बेहतरी के लिए भी 40 करोड़ मंजूर
- इन सभी कार्यों के लिए प्रथम किस्त की धनराशि जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम क्षेत्र के मोहल्लों व कॉलोनियों में अब सफाई व जलनिकासी की बेहतर व्यवस्था होगी। जिससे इस साल बरसात में लोगों को जलभराव की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। नगर विधायक रितेश गुप्ता और नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के द्वारा शासन से की गई पहल रंग लाई। जिसके आधार पर 40 करोड़, 99 लाख, 64 हजार रुपये की स्वीकृति शासन से मिल गई है। वहीं इसके अलावा शहर में अन्य कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए भी शासन ने 11 करोड़ से अधिक की धनराशि प्रथम किस्त के रुप में मंजूर की गई है।




अर्बन फूड-जल प्लावन नियंत्रण एवं स्टार्म वाटर ड्रेनेज योजना के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में दिल्ली रोड पर चौधरी चरण सिंह चौक से गागन नाला निर्माण कार्य को हरी झंडी मिल गई है।

इससे बुद्धि विहार क्षेत्र में वर्षों से जलभराव की समस्या अब जल्द खत्म होने की उम्मीद बढ़ गई है। शासन की ओर से इन कार्यों के लिए प्रथम किस्त के रुप में 14 करोड़, 34 लाख, 87000 रुपये जारी भी कर दिया है। इसके लिए नगर विधायक ने मुख्यमंत्री से लेकर शासन के अधिकारियों से भी पैरवी की थी। जिसके क्रम में अपर मुख्य सचिव ने वित्त मंत्री से मुलाकात कर इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाई है।

वहीं इसके अलावा शासन से 23 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। जिसमें प्रथम किस्त के रुप में लगभग 50 फीसदी 11 करोड़ रुपये जारी कर दिया गया है। इस बजट से विशाल इंडोर स्टेडियम, डिजिटल स्टडी सेंटर और ऑडिटोरियम का निर्माण भी जल्द कराया जाएगा। इसकी मंजूरी मिल गई है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि इनडोर स्टेडियम व अन्य कार्यों को जल्द शुरू कराएंगे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana · Ayushman Bharat · PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# कुंदरकी थाने में भाकियू का धरना

## थानाध्यक्ष पर अभद्रता करने का आरोप, सीओ के समझाने पर भी नहीं माने किसान

संवाददाता कुंदरकी



थाने में धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ताओं से वार्ता करते पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने कुंदरकी थाने पर थाना प्रभारी के खिलाफ धरना शुरू कर दिया। उन्होंने पुलिस पर बुरा व्यवहार करने का आरोप लगाया और नारेबाजी की।

पुलिस क्षेत्र अधिकारी बिलारी अशोक कुमार मौके पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं से बात की। किसान नेता विजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि सोमवार को ओडिशा में संगठन की पैदल यात्रा के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत को पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसके बाद संगठन के शीर्ष नेताओं ने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर कार्यकर्ता शांतिपूर्ण आंदोलन करें। कुंदरकी ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता थाने पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने गलत व्यवहार किया और विरोध पर मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी। इसी विरोध में कार्यकर्ता धरने पर बैठे हैं। धरना थाना प्रभारी पर कार्रवाई होने तक चलेगा। इस घटना से अधिकारियों में हलचल मच गई। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार ने किसान नेताओं से बातचीत की कोशिश की। खबर लिखे जाने तक वार्ता जारी थी। भाकियू नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस अगर किसानों के साथ ऐसी व्यवहार करेगी तो किसान अपनी मांगों को ही नहीं मनवा पाएंगे। इस पर कड़ी आपत्ति जताई गई।

## आज केबल बदलने से बाधित रहेगी बिजली

**बिलारी अमृत विचार।** 33 केवी विद्युत केंद्र से जुड़े टाउन 2 पर एलटी एबीसी केबल बदले जाने का कार्य होने के कारण विद्युत आपूर्ति सवेरे 6 से दोपहर 4 बजे तक बाधित रहेगी। जिसके चलते टाउन टू के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाएगी। विद्युत वितरण खंड मुरादाबाद ग्रामीण के अधिशासी अभियंता ने बताया कि सभी उपभोक्ता समय से पहले कार्य निपटा लें। आपूर्ति को सुचारू करने में कुछ समय अधिक भी लग सकता है।

## नामित सभासदों का शपथ ग्रहण आज

**बिलारी अमृत विचार।** शासन द्वारा नामित किए गए पांच सभासदों को आज पालिका सभागार में एसडीएम विनय कुमार सिंह पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही है। शासन ने भाजपा की ओर से पांच सभासदों को नामित किया है। जिसमें भाजपा नेत्री गीता कोहली, श्रीकांत गुप्ता, मनोज ठाकुर, दिनेश प्रजापति, हेमंत शर्मा के सभासद होने की घोषणा की। सभी सभासदों को आज बिलारी के पालिका सभागार में दोपहर 2:30 बजे एसडीएम विनय कुमार सिंह पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

## जीएनएम की छात्रा से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवती जोकि मेरठ में जीएनएम का कोर्स कर रही थी। शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार करने के आरोपी को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने पर एससी एक्ट का भी मामला बढ़ाया गया है।

बिलारी के गांव की रहने वाली युवती ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह मेरठ से जीएनएम का कोर्स कर रही थी, उसके साथ कॉलेज में गुड्डू पुत्र राजेंद्र निवासी मुकालमपुरा थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर भी पढ़ता था। उसने शादी का प्रस्ताव रखा, सहमति के बाद 2 मई को गुड्डू के परिवार के लोग घर आए और गोद भराई की रस्म की। 2 लाख नगद तथा तीन लाख अलग से खर्चा आया। इस बीच गुड्डू ने घर जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। वही मेरठ सहित कई स्थानों पर ले गया। अब वह शादी से इनकार कर रहा है। कई बार वार्ता हुई, लेकिन उसने शादी से इनकार कर दिया था। पुलिस ने टिहरी के बाद मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की जिसके बाद पुलिस ने आरोपी गुड्डू को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## न्यूज डायरी

### फंदे पर लटके मिले युवक की मौत

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा,अमृतविचार :** नगर क्षेत्र में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। तुरंत परिजन फंदे से उतारकर उपचार को ले गए। लेकिन युवक की मौत हो गई। नगर निवासी युवक एक कॉलेज में इंटरमीडिएट का छात्र था। सोमवार दोपहर परिजनों द्वारा किसी बात पर डांट-फटकार लगाई गई थी। इसके बाद वह करीब 3.30 बजे अपने कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर फंदे पर झूल गया। काफी देर तक बाहर न निकलने पर परिजनों को संदेह हुआ। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो युवक फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजन तत्काल उसे नीचे उतारकर उपचार के लिए काशीपुर (उत्तराखंड) स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई थी। उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। अरबाज अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### चोरी की बाइक बरामद, तीन किशोर गिरफ्तार

**संवाददाता, भोजपुर, अमृत विचार :** शनिवार को गांव चकबेगमपुर निवासी राजकुमार पुत्र धर्मवीर की अपाची बाईक चोरी हो गई थी। मंगलवार को उप निरीक्षक विपिन कुमार ने चेकिंग के दौरान 16वर्षीय गौरव पुत्र राजकुमार निवासी महादेव कालौनी गुरुद्वारा के पीछे थाना काशीपुर जिला उधमसिंहनगर, 17 गौरव पुत्र दीपक निवासी गौतमपुरी A-293 फेस 2 बदरपुर थाना बदरपुर दिल्ली व 17 वर्षीय सचिन कुमार पुत्र इश्वरीलाल निवासी वार्ड नंबर 39 पर्वतीय कालौनी थाना काशीपुर जिला उधमसिंह नगर को हिरासत में लेकर उनके कब्जे चोरी की गई बाइक बरामद कर चालान कर दिया।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते रास्ते में रोककर मारपीट करने के मामले में तीन महिला सहित चार व्यक्ति घायल हो गए। थाना पुलिस ने चार हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम चकफेरी निवासी मनोज पुत्र गुलाब सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 मार्च को 7 :30 बजे के समय दूसरे पक्ष का छत्रपाल आदि गाली गलौज करने लगे। जब गाली देने को मना किया तो छत्रपाल, केला, पीतम, अंकुश, लाठी डंडे लेकर आ गए और उन्होंने मनोज, उसकी भाभी कंचन, उसकी माता गुड्डी एवं पत्नी रश्मि को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को लेकर परिजन थाना पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है।

### युवक को गाड़ी से रौंदने का प्रयास, शिकायत

**संवाददाता, कुंदरकी,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव ढकिया जुम्मा में शादी समारोह के बाद घर लौट रहे एक युवक पर गांव के ही दो कार सवारों ने रंजिश के चलते गाड़ी से कुचलकर हत्या का प्रयास किया। पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।ढकिया जुम्मा निवासी इरफान ने बताया कि उनका भतीजा अनस रात में मोहल्ले में हुई शादी में सहयोग करने के बाद घर जा रहा था। तभी कुंदरकी की ओर से आ रही दो गाड़ियों में सवार गांव के 6 लोग और चार अज्ञात व्यक्ति अनस पर गाड़ियां चढ़ाने के इरादे से तेजी से दौड़े। गनीमत रही कि अनस ने सतर्कता दिखाते हुए एक तरफ कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन इस दौरान एक गाड़ी की चपेट में उसका पैर आ गया और वह बुरी तरह चोटिल हो गया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।परिवार का आरोप है कि पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है और वीडियो वायरल हो चुका है। साथ ही आरोपियों ने पथराव भी किया। कुंदरकी चौकी प्रभारी संजय त्यागी ने बताया कि मामले में शिकायत प्राप्त हो चुकी है और पुलिस गहन जांच कर रही है जल्द ही अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग के अपहरण में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**संवाददाता, भोजपुर,अमृत विचार :** पुलिस ने एक गांव निवासी किसान की तहरीर पर गांव के ही चार लोगों के खिलाफ रात को घर में सो रही नाबालिग बेटी को जबरदस्ती अपहरण कर कार में डालकर ले व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा लिखाया है। पुलिस को दी तहरीर में ग्रामीण ने कहा है कि सोमवार को परिवार के साथ आंगन में सो रहा था। तड़के तीन बजे अचानक दरवाजे पर कार आकर रुकी।उसमें से गांव के इकराम व इमरान पुत्र भूरा, इन्तजार पुत्र अबरार जो इकराम का तहेरा भाई है तीनों कार से उतरे और उसकी 16 वर्षीय बेटी मुस्कान को जबरदस्ती उठाकर ले गए। बेटी को आरोपियों के चुंगल से छुड़ाने का प्रयास किया तो इन्तजार ने कहा की मुस्कान से इकराम का निकाह कराना है। मुस्कान इकराम से प्यार करती है और उससे विवाह करना चाहती है। तुम पति-पत्नी रुकावट डाल रहे हो। कार को गांव का ही फरमान पुत्र अबरार चला रहा था। जाते समय आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ईदगाह की जमीन पर खड़े 150 पेड़ों पर छिड़ा विवाद

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● पेड़ काटने के प्रयास का आरोप मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम रामपुर घोघर स्थित ईदगाह की जमीन को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। प्रकरण में प्रार्थी ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर वक्फ संपत्ति पर अवैध रूप से पेड़ काटने के प्रयास का आरोप के संबंध में पुलिस ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी है।

थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सुरजन नगर के गांव रामपुर भोगर निवासी मोहम्मद कासिम पुत्र अब्दुल रहीम ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर शिकायत में कहा कि गांव के एकवे में वक्फ नंबर 5529 की जमीन पर करीब 150 यूकेलिप्टिस के पेड़ खड़े हैं, आरोप है कि गांव के ही इन्तेजार प्रधान नामक व्यक्ति ने इन पेड़ों को बेचने और कटवाने का प्रयास किया, जिसे प्रार्थी ने आपराधिक कृत्य करार दिया है। यह भूमि वक्फ संपत्ति होने के कारण इसकी देखरेख और उपयोग निर्धारित नियमों के अंतर्गत होना चाहिए, लेकिन इसके बावजूद पेड़ों को काटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। इस संबंध में प्रार्थी ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए इन्तेजार प्रधान एवं उसके सहयोगियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है।

# तेंदुए के हमले में घायल बच्ची टीएमयू में भर्ती

संवाददाता, कांठ



घायल बच्ची का हालचाल लेते डिप्टी रेंजर।

● वन विभाग के अधिकारियों ने लिया हालचाल

**अमृत विचार:** क्षेत्र में तेंदुए का आतंक लगातार बना हुआ है। आए दिन तेंदुए के दिखाई देने और हमले की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सोमवार शाम ग्राम महदूत कलमी में घर के बाहर खेल रही दो वर्षीय बच्ची पर तेंदुए ने हमला कर दिया।

बताया गया कि मासूम सिद्रा नूर पुत्री अकरम को तेंदुआ उठाकर ले जाने का प्रयास कर रहा था। पास में बंधी बकरी के बीच यह घटना हुई, जबकि परिजन अपने कार्य में व्यस्त थे। जैसे ही परिजनों ने बच्ची को तेंदुए के मुंह में देखा, उन्होंने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ बच्ची को छोड़कर भाग गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस एवं वन विभाग के डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल बच्ची को उपचार के लिए पहले कांठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए टीएमयू, मुरादाबाद रैफर कर दिया गया। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए ग्रामीणों के साथ जंगल में कॉम्बिंग अभियान भी चलाया, लेकिन तेंदुआ हाथ नहीं लगा। मंगलवार को डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह टीम के साथ टीएमयू अस्पताल पहुंचे और बच्ची के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## दंपती पर लगाया मारपीट का आरोप

**बिलारी,अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के रुस्तम नगर सहसपुर गांव निवासी शाजिया पत्नी रईस ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि उसके पति रईस ने जमीन खरीद कर गुजर बसर करने के लिए छोटा सा हैंडलूम का कारखाना लगा रखा है। महिला ने आरोप लगाया कि 27 मार्च को वह और उसका पति रईस कारखाने में काम कर रहा था तभी उसका देवर तौफीक और उसकी पत्नी चमन उसके कारखाने में आ गए और गाली गलौज करते हुए उन दोनों से कारखाने से निकलने के लिए कहा, जब उन्होंने कहा कि यह कारखाना हमारा है तब दोनों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और कारखाने को अपना बताने लगे। मारपीट में उसके पति के काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर में घुसकर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से पीटा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम राघुवाला में घर में घुसकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। हमले में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में भर्ती कराया।

थानाक्षेत्र के ग्राम राघुवाला निवासी हुरा पत्नी हनीफ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 30 मार्च 2026 की रात करीब 9 बजे उनके पुत्र अनीस व सलमान घर पर आराम कर रहे थे। इसी दौरान गांव के नईम पुत्र अकबर, सारिक, आरिफ, सोनू व आसियान पुत्रगण नईम उनके घर में जबरन घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने आते ही अनीस और सलमान पर लाठियों, लोहे के तवल व गड़ासी जैसे धारदार हथियारों से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों व पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर किसी तरह दोनों की जान बचाई। मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि उसके दोनों पुत्रों की हालत गंभीर बनी हुई है।महिला की तारीफ पर पुलिस ने हमलावर पांच लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जिपं अध्यक्ष ने मेधावी बच्चे किए सम्मानित



ठाकुरद्वारा के सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी बच्चों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष शैफाली सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● विद्या भारती संचालित सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह

**अमृत विचार :** नगर स्थित विद्या भारती संचालित सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने अतिथियों एवं उपस्थित अभिभावकों का परिचय कराया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा वर्षभर शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की सीख दी।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय के संरक्षक व ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह के आशीर्वचन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य सुनील अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, संजय सिंघल, तरुण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## युवती का रास्ता रोका

**कुंदरकी :** थाना मैनाठेर के असालत नगर वघा गांव में एक 22 वर्षीय युवती के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। पीड़िता 30 मार्च को अपनी मां और परिवार की अन्य महिलाओं के साथ पड़ोस में किन्नरों के गीत-संगीत सुनने जा रही थी।

# गोपीवाला में 10 दिन से पेयजल संकट, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



ठाकुरद्वारा के गांव गोपी वाला में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गांव गोपीवाला में पेयजल संकट ने गंभीर रूप ले लिया है। पिछले 10 दिनों से पानी की टंकी बंद पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि बार-बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।

ग्रामीणों का आरोप है कि सुपरवाइजर मनोज यादव रोजाना कल टंकी चालू होगी का आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि 10 दिन बीत जाने के बाद भी टंकी सूखी पड़ी है और लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। वहीं गांव की सड़कों पर फटी पाइपलाइन से लीकेज की समस्या भी नहीं ठीक हो रही है। एक तरफ लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा, वहीं दूसरी तरफ सड़कों पर बहता पानी सिस्टम की नाकामी का मजाक उड़ा रहा है। परेशान ग्रामीणों ने टंकी चालू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में एसडीएम प्रीति सिंह से भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन में यशपाल सिंह, विपिन कुमार, विजयपाल सिंह, उदयवीर सिंह, दीपांशु चौहान, अभिषेक कुमार, नवीन कुमार, मुन्ना सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# अधिवक्ता के घर में घुसकर की मारपीट-तोड़फोड़

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में दबंगों द्वारा उसकी गैर मजबूत की में अधिवक्ता के घर में घुसकर गाली-गलौज,धमकी और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित अधिवक्ता ने कोतवाली ठाकुरद्वारा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

नगर के पीपल टोला निवासी अधिवक्ता शर्वेन्द्र शर्मा उर्फ साजन शर्मा ने कोतवाल पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि 29 मार्च को वह करनपुर स्थित कार्यक्रम में गए थे उनके पड़ोस में रहने वाले दोपहर 12 के आसपास तीन लोग जबरन उनके घर में घुस आए। आरोप है कि दोनों ने घर में घुसकर गाली-गलौज की और उनकी पत्नी व सास को जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने घर में रखे सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित अधिवक्ता का कहना है कि घटना के बाद से उसका परिवार भयभीत है और आरोपियों से जान-माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में घटना से संबंधित मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए हैं और प्रशासन से शीघ्र न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

तारीख पेशी 07.04.2026
समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 3 कायदा 1 व 5)
नम्बर मुकदमा
व अदालत उपजिलाधिकारी बिलासपुर जिला रामपुर
गुरचरन सिंह बनाम गुरजसपाल जे. सिंह आदि
मुददई साकिन मुद्दाअलेह
हरगाह शीशपाल सिंह पुत्र मिलखी राम नि. ग्राम कुईया तह. बिलासपुर ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आज बतारीख माह सन् 20. ई. ववक्त बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो सन् 20 ई. ववक्त बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिके मुकद्दमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करें और हरगाह वही तारीख जो आपके इहजारों के लिए मुकर्रर है, वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजबीज हुई है, पक्ष आपको वाजिम है कि रोज जुमला गवाहों को जिनकी शहादत पर व नीज मताता दस्तावेज को, जिन पर आप अपनी जवाब देही के ताईद में इस्तदयाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इतिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमुअ और फैसला होगा। बसब्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 07 माह 04 सन् 2026 ई. जारी किया गया।
उपजिलाधिकारी बिलासपुर जिला रामपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

नाम परिवर्तन
मैंने अपने पुत्र का नाम AVYUKT AGARWAL से बदलकर DHANVIT AGARWAL रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को बदले हुये नये नाम DHANVIT AGARWAL S/O ANUJ AGARWAL के नाम से जाना व पहचाना जाये। निवासी-अनुज अग्रवाल पुत्र अनिल कुमार अग्रवाल निवास-''उपासना निवास'', आवास विकास कॉलोनी, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद।

सूचना
मेरी एम.कॉम की डिग्री वर्ष 2021 अनुक्रमांक 200574030046 एम.जे. पी.आर.यू. द्वारा रजा डिग्री कॉलेज, रामपुर से जारी की गई थी वास्तव में कहीं खो गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। पूजा कुमारी निवासी इन्द्रप्रस्थ कालोनी ज्वाला नगर, रामपुर। मो. 9045899924

सूचना
गलत व्यवहार के चलते मैंने अपने पुत्र तलविन्दर सिंह से सभी संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। किसी भी कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इससे मेरा तथा मेरे परिवार का अब कोई संबंध नहीं है। पाला सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ग्राम रवाना लाला उर्फ विशनपुरी तहसील बिलासपुर (रामपुर)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### ई-रिक्शा पलटने से तीन महिलाओं समेत चार गंभीर रूप से घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** माटखेड़ा मार्ग पर ई-रिक्शा पलटने से तीन महिलाएं चोटिल हो गईं, जबकि रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार को भाजपा की मंडल महामंत्री एवं पालिका सभासद मधुबाला गुगलानी एक ई-रिक्शा से गुरुनानक कॉलोनी जा रही थीं। उनके साथ रिक्शा पर भाजपा कार्यकत्री नेहा भारद्वाज व हरजीत कौर भी सवार थीं। भाजपा नेत्री मधुबाला गुगलानी ने बताया कि गुरु नानक कॉलोनी निवासी किरनजीत कौर को चोट लग गई थी, वे तीनों उन्हें देखने जा रही थीं। ई-रिक्शा को सिहोर फार्म निवासी रामगोपाल चला रहे थे। बाद में चारों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में ले जाकर भर्ती कराया गया।

### जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स को दी भावभीनी विदाई

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मंगलवार को स्टॉफ नर्स अमृता प्रीत बिष्ट के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सीएमएस डॉ. बीसी सक्सेना समेत तमाम अधिकारियों और कर्मचारियों ने विदाई दी। सीएमएस ने कहा कि सेवानिवृत्त का यह पल हर कर्मचारी के जीवन में आए। कहा कि खुशनसीब हैं वह अधिकारी और कर्मचारी जोकि अपना पूरा कार्यकाल पूरा करते हैं। सेवानिवृत्त नर्स को स्टॉफ ने उपहार दिए। सीएमएस ने स्वास्थ्य कर्मियों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई। तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खां ने विचार व्यक्त किए।

### गैस सिलेंडर को लाइन में लगे व्यक्ति की मौत

**मिलक, अमृत विचार :** तहसील मिलक के रास डडिया बाजार में मंगलवार को गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन लगी थी। तहसील मिलक के गांव मनोना निवासी 52 वर्षीय वीरेंद्र गैस सिलेंडर लेने के लिए कतार में लगे हुए थे। इस दौरान उनको चक्कर आ गया और स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लेकर आए। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने हृदय गति रुकने से मौत होने का अंदेशा जताया। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनको रोते-रोते बुरा हाल है। उनके तीन बच्चे हैं, सभी की शादी हो चुकी है।

# रामगंगा में डूबे छात्र का 36 घंटे बाद भी सुराग नहीं

## एनडीआरएफ और गोताखोरों ने देर रात तक सर्च अभियान रखा जारी, डी-फार्मा का छात्र था मोइस उर्फ मोनू

संवाददाता शाहबाद

**अमृत विचार:** रामगंगा नदी में नहाते समय डूबे डी-फार्मा के छात्र का 36 घंटे बाद भी सुराग नहीं लग सका। एनडीआरएफ और गोताखोरों की तलाश दूसरे दिन भी जारी रही। मंगलवार को प्रशासन ने तलाशी अभियान तेज करते हुए एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया। जिसने नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन कड़ी मशक्कत कके बाद भी अभी तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर से चार गोताखोर बुलाए। शाम के मसय गोताखोरों ने भी युवकी तलाश शुरू की।



मोइस उर्फ मोनू।

कस्बे के मोहल्ला खटपुर निवासी आले हसन का बेटा मोइस उर्फ मोनू (20) सोमवार दोपहर अपने दोस्तों के साथ रामगंगा नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथियों के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद से ही स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलाया जा रहा था, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। मंगलवार सुबह एनडीआरएफ टीम के पहुंचने के बाद अभियान को और तेज कर दिया गया। टीम ने आधुनिक उपकरणों के जरिए नदी के गहरे हिस्सों में युवक की तलाश की, लेकिन उसे भी सफलता नहीं मिल सकी। हारकर परिजनों ने जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर से चार गोताखोर बुलाए। इसके बाद फिर युवक की तलाश शुरू हुई। उधर, घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बड़ी संख्या में लोग भी नदी किनारे जुटे हुए हैं और युवक के मिलने का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर डटे हुए हैं। खबर लिखे जाने तक सर्च ऑपरेशन जारी था, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका।



रामगंगा घाट पर युवक के तलाश करते गोताखोर। ● अमृत विचार

- परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, नदी किनारे जुटी भीड़

### परिजनों ने खुद बुलाए गोताखोर, उठी स्थायी व्यवस्था करने की मांग

हादसे के बाद प्रशासन की ओर से एनडीआरएफ टीम को सूचना दी गई, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद भी युवक के न मिलने के चलते परिजनों ने जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर से निजी खर्च पर गोताखोरों को बुलवाया। जिसके बाद गोताखोर युवक की तलाश में जुट गए। वहीं, इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि जनपद स्तर पर स्थायी रूप से प्रशिक्षित गोताखोरों की टीम होनी चाहिए। ताकि ऐसे हादसों में तुरंत राहत कार्य शुरू हो सके। साथ ही परिजनों को इधर-उधर भटकना या अतिरिक्त खर्च न उठाना पड़े।

### अगर ट्यूबवेल चालू होती तो बच जाती जान

दोस्तों ने बताया कि चारों युवक सबसे पहले ट्यूबवेल पर नहाने के लिए पहुंचे थे, लेकिन बिजली न होने के कारण ट्यूबवेल बंद पड़ा था। ट्यूबवेल बंद देख सभी युवक रामगंगा नदी की ओर चले गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय ट्यूबवेल पर लाइट आ रही होती या वह चालू होता, तो युवक नदी में नहाने नहीं जाते तो यह हादसा टल सकता था।

### फार्मासिस्ट बनने का सपना रह गया अधूरा

नदी में डूबा मोइस डी-फार्मा प्रथम वर्ष का छात्र था। वह अमरोहा के डब्ल्यूडीएम कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। परिजनों के मुताबिक उसका सपना फार्मासिस्ट बनकर सेवा करने का था। परिवार में दो भाई और तीन बहनों में मोइस का स्वभाव बेहद मिलनसार था। पिता ने बताया कि बेटे का फार्मासिस्ट बनने का सपना अधूरा रह गया। बॉडी बिल्डिंग का शौक, जिम में करता था नियमित अभ्यास मोइस को बॉडी बिल्डिंग का खास शौक था।

# एसपी आवास के पास युवती के गले से सोने की चेन खींची



घटना की जानकारी देती पीड़िता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार रात करीब साढ़े 8 बजे एसपी आवास के पास एक्टिवा स्वार युवती के गले से बाइक सवार ने सोने की चेन खींच ली। इससे पहले युवती कुछ समझ पाती बाइक सवार आरोपी फरार हो गया।

बदरिया खान सामा निवासी मानसी अपनी मां अनीता शरण और बहन पूनम शरण के साथ एक्टिवा से बाजार में शॉपिंग आई थीं। परिवार में ताऊ के बेटे की 4 अप्रैल को शादी है, इसके चलते वो खरीदारी करने आईं थी। रात में वापिस लौटते समय एक बाइक सवार ने मानसी के गले से चैन खींच ली। बड़ी बहन पूनम शरण एक्टिवा चला रही थी, जबकि मां बीच में और मानसी सबसे पीछे बैठी थीं। इस मामले के बाद तीनों कुछ समझ पाते, हेलमेट लगाए बाइक सवार फरार हो गया। देखते मौके पर भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर ओमकार सिंह ने मामले की जानकारी ली। पीड़ित युवती ने मां और बड़ी बहन के साथ थाने पहुंचकर मामले में तहरीर दे दी है। पुलिस मामले में सीसीटीवी फुटेज देख रही है। पुलिस का कहना है कि बाहर के चैन स्नैचर शहर का माहौल खराब कर रहे हैं, उनकी पहचान कर कार्रवाई करेंगे।

- एक्टिवा पर मां और बड़ी बहन के साथ थी युवती

# किसानों की आवाज दबाने के लिए टिकैत को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- भुवनेश्वर में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता टिकैत की हुई गिरफ्तारी
- पंचायत में किसानों ने आगे की बनाई रणनीति

**अमृत विचार:** हाईवे स्थित भाकियू टिकैत कार्यालय पर मंगलवार को हुई पंचायत में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की भुवनेश्वर में हुई गिरफ्तारी से नाराज किसानों ने भाजपा सरकारों पर निशाना साधा। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि उड़ीसा की सरकार के इशारे पर पुलिस ने किसानों की आवाज दबाने के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता को गिरफ्तार कर लिया। इससे साफ जाहिर है कि भाजपा किसान विरोधी है। पंचायत में किसानों ने रणनीति भी तय की।

पंचायत में किसानों ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की और अगले आंदोलन की रणनीति बनाई। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की भुवनेश्वर में हुई गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार की देर रात किसान सड़कों पर उतर आए थे और थानों के सामने धरना प्रदर्शन कर दिया था। मंगलवार को इसी को लेकर प्रदेश कैंप कार्यालय पर पंचायत हुई। प्रदेश महासचिव ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है। भाजपा सरकारों की गलत नीतियों का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। प्रदेश महासचिव ने अगले आंदोलन से भी रूबरू कराया। हर आंदोलन के लिए तैयार रहने की अपील की। पंचायत में दरियाब सिंह यादव, प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह यादव, इश्तियाक हुसैन चौधरी, मोहम्मद मुस्तकीम यादव, दरबारी लाल शर्मा, शीशपाल सिंह, प्रमोद यादव, निजामिल हुसैन, जुनैद, इकरार, सेवाराम, साजिद चौधरी, हरेंद्र यादव, राम बहादुर यादव, राजपाल यादव, खुशी पाल यादव, चौधरी राजपाल सिंह, चौधरी अजीत सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



पंचायत में बोलते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

### गिरफ्तारी के विरोध में किसानों का कोतवाली पर प्रदर्शन


**बिलासपुर, अमृत विचार :** सोमवार की देर रात भाकियू टिकैत से जुड़े किसानों ने कोतवाली और केमरी थानों का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। किसान नेता भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत की ससम्मान रिहाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। चौधरी राकेश टिकैत ओडिशा में किसानों की एक रैली में शामिल होने के दौरान प्रशासन ने हिरासत में ले लिया। इस सूचना के बाद किसानों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। रात में यूनियन के उच्च पदाधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद भाकियू के पदाधिकारी सक्रिय हो गए। जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल के नेतृत्व में केमरी थाने पर धरना दिया गया। जबकि कोतवाली गेट पर जिला प्रवक्ता नृपजीत सिंह के नेतृत्व में किसान डटे गए। दोनों नेताओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनके राष्ट्रीय नेता चौधरी राकेश टिकैत को ससम्मान रिहा नहीं किया जाता, तब तक थानों का यह अनिश्चितकालीन घेराव जारी रहेगा। इस मौके पर प्रकाश सिंह, सर्वजोत सिंह, सुखदेव सिंह, मंत्री मलवई, अर्जुन सिंह गिल, अंतराम यादव, निशान सिंह, सुरेंद्र सिंह रंधावा, वरियाम सिंह, लखवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवकाश के दिन भी बैंकों में हुआ काम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 31 मार्च को बैंकों और सरकारी कार्यालयों में देर रात तक तेजी से कार्य निपटाया गया। बैंकों में ब्याज समेत तमाम खातों को मुकम्मल किया गया। इसके अलावा सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों का अंतिम निपटान किया गया। आयकर और जीएसटी कार्यालयों में चालान और टैक्स के कार्यों को निपटाया गया। 1 अप्रैल से नया वित्त वर्ष शुरू हो जाएगा।

मंगलवार को पेन, आधार लिंक, पीपीएफ, एनपीएस और सुकन्या समृद्धि योजनाओं में अंतिम जमा किया गया। पेन और आधार से लिंकिंग संबंधित लंबित कार्यों का निपटान हुआ। जिले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा में देर रात तक कार्य हुआ। आयकर विभाग में भी देर रात तक चालान और टैक्स सम्बंधी मामलों को निपटाया गया। सीए अंकित बताते हैं कि पब्लिक प्रोविडेंट फंड, नेशनल पेंशन स्कीम या सुकन्या समृद्धि योजना चालू रखने के लिए हर साल 250 से 500 रुपये तक न्यूनतम राशि जमा करना अनिवार्य है यह राशि 31 मार्च तक जमा हो जाना चाहिए। खाता बंद होने के बाद चालू कराने के लिए पेनल्टी लगेगी और बैंक के चक्कर काटना पड़ेंगे।



एसबीआई की मुख्य शाखा में 31 मार्च को काम निपटाता कर्मचारी। ● अमृत विचार

- देर रात तक बैंकों में होता रहा कार्य, ब्याज समेत अन्य खातों को किया सही

> 31 मार्च को सरकारी लेन-देन, पीपीएफ, इनकम टैक्स समेत जमा पर ब्याज आदि देने का कार्य निपटाया गया। क्योंकि 1 अप्रैल से नया वित्त वर्ष शुरू हो जाएगा। सरकारी कार्यालयों समेत बैंकों में देर रात तक पेंडिंग काम को निपटा दिया गया है।
> – **देवेश मित्रा,** मुख्य प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा।

# धार्मिक स्थलों के पास शराब की दुकान न खोलने की मांग

संवाददाता, बिलासपुर

- सुनवाई न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार:** नगर में रामपुर मार्ग पर शराब की दुकान शिफ्ट किए जाने के प्रस्ताव धीरे-धीरे तूल पकड़ता जा रहा है। सभासदों ने कड़ा विरोध करते हुए स्पष्ट किया है कि यहां शराब की दुकान नहीं खुलनी चाहिए। मंगलवार को सभासद मोहसिन खां और फैजान खां के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान सभासदों ने कहा कि प्रस्तावित स्थल के तीन धार्मिक स्थल और घनी आबादी के पास है। ऐसी जगह पर शराब की दुकान खुलना न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करेगा, बल्कि क्षेत्र के शांतिपूर्ण माहौल और सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनहित और धार्मिक आस्थाओं की अनदेखी कर दुकान खोली गई, तो लोग धरना देने को मजबूर होंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनके द्वारा पूर्व में ज्ञापन भी दिया जा चुका है। साथ ही जनसुनवाई पोर्टल पर भी इसकी शिकायत की गई है। इसलिए इस विरोध को निवासियों के समर्थन से आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में नईम अहमद, जुम्मा खां, रुफ़ा खां, नईम खां, जावेद अली, रिजवान अली, रजनीश कुमार, रंजीत सिंह, रिजवान अली, शराफत अली आदि मौजूद रहे।

# विवाद के चलते दो पक्ष भिड़े, आठ के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहाबाद, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। गाली-गलौज के बाद मामला इतना बढ़ा कि दोनों ओर से मारपीट और तोड़फोड़ हो गई। पहले पक्ष के मंगोली निवासी रामचंद्र सिंह ने बताया कि 27 मार्च की शाम गांव के कुछ लोगों ने शराब के नशे में उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए। दूसरे पक्ष के नरेश ने बताया कि 27 मार्च की रात उसके बड़े भाई के साथ गाली-गलौज की जा रही थी। विरोध करने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की और गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। महिलाओं के साथ भी अभद्रता करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आवारा कुत्तों ने हमला कर दो बच्चों किया घायल

संवाददाता, बिलासपुर

- गंभीर रूप से घायल बच्चों का चल रहा इलाज
- गंभीर रूप से घायल बच्चों को अस्पताल में किया गया भर्ती

**अमृत विचार :** भोट थाना क्षेत्र के पेमपुर गांव में आवारा कुत्तों के झुंड ने दो बच्चों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना मंगलवार सुबह हुई। ग्रामीणों ने बच्चों को कुत्तों से बचाया, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

हमले में घायल बच्चों की पहचान मोहम्मद अली चार वर्षीय और मुहम्मद अर्श आठ वर्षीय के रूप में हुई है। मोहम्मद अली के पिता मोहम्मद फईम ने बताया कि मंगलवार सुबह उनकी मां शमशीरन और भाभी गुलफशा घर पर अकेली थीं, तभी दोनों बच्चे घर के बाहर खेलने गए थे। खेलते समय अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चों को जमीन पर गिराकर उनके चेहरे पर वार किया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों की मदद से कुत्तों को भगाकर बच्चों को बचाया। सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. मणिक अग्रवाल ने बताया कि दोनों बच्चों के चेहरे पर चोटें आई हैं। उनका इलाज किया गया है और एंटी रेबीज वैक्सीन भी लगाई गई है।

# रायपुर में 80.81 लाख से बनेगा सामुदायिक केंद्र

**स्वार, अमृत विचार:** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा रूस्तम नगर निकट रायपुर में जल्द ही सामुदायिक केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने 80 लाख 81 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। यह जानकारी प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने विधायक शफीक अहमद अंसारी को पत्र भेजकर दी। उन्होंने बताया कि यह स्वीकृति विधायक की पहल का परिणाम है। मंत्री असीम अरुण ने विधायक से निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण करने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि निर्माण में किसी प्रकार की अनियमितता या घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत मिले, तो तत्काल उन्हें अवगत कराया जाए।

# तेजाब पीने वाले संविदा कर्मी की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता, मसवासी

- प्रदीप और संदीप ने धोखे से पी लिया था तेजाब

**अमृत विचार:** पानी की जगह गलती से तेजाब पी लेने से पीड़ित एक युवक ने चार माह उपचार के बाद मंगलवार को दम तोड़ दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया है।



मृतक प्रदीप।

मसवासी के मोहल्ला भूबरा में प्रदीप के यहां बीते 5 दिसंबर को लड़के का जन्म हुआ था। इसी उपलक्ष्य में प्रदीप के घर पार्टी का प्रोग्राम था। जिसमें मानपुर उत्तरी निवासी संदीप और प्रदीप अन्य लोग भी शामिल हो रहे थे। प्रदीप व संदीप ने मसवासी के मोहल्ला चौपुरा की एक दुकान से शाम के समय पानी की बोतल खरीदी। दुकान पर बैठी महिला ने उसे धोखे से पानी के स्थान पर तेजाब की बोतल दे दी। जिसे दोनों दोस्तों ने शराब में मिलाकर पी लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों युवकों को काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां संदीप की हालत में तो सुधार हो गया, लेकिन प्रदीप की हालत दिन व दिन बिगड़ती चली गई। उसे बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार ना होने के चलते परिजन उसे घर ले आए। मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। प्रदीप मसवासी नगर पंचायत में संविदा सफाई कर्मी के रूप में तैनात था।

लापरवाही | बिलासपुर के मोहल्ला सब्जी मंडी और शीरी मियां में हो रहा निर्माण

# नाले-नालियों का धीमी गति से हो रहा निर्माण, जनता परेशान

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला सब्जी मंडी और शीरी मियां में धीमी गति से निर्माण कार्य होने के चलते मोहल्लेवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य को जल्द कराने की मांग की।

सब्जी मंडी से लेकर मोहल्ला शीरी मियां में नगर पालिका द्वारा मार्ग के दोनों ओर नाले तथा नालियों का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। ताकि बरसात के मौसम में जल निकासी की समस्या उत्पन्न न हो सके। मोहल्लेवासियों ने बताया कि दो माह पहले ठेकेदार द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से सड़क के दोनों और खुदाई कर नाले-नालियों का निर्माण कार्य शुरू किया गया था।जिसकी वजह से मार्ग में जगह-जगह गहरे गड्ढे व्याप्त हो गए हैं। निर्माण कार्य धीमी गति से होने के कारण मोहल्लेवासियों को आवागमन में कड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्य गुणवत्तापूर्ण न होने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने अधिकारियों से निर्माणाधीन कार्य को जल्द पूर्ण करवाएं जाने की मांग की।



बिलासपुर के मोहल्ला शीरी मियां में अधूरा पड़ा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार



निर्माण कार्य के चलते मार्ग से उड़ रही धूल लोगों को बीमार बना रही है। दुकानदारों को कड़ी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। पालिका को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। – **जावेद**



कार्य धीमी गति से चलने के कारण मोहल्लेवासियों को आवागमन में कड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने समस्या का जल्द समाधान करवाएं जाने की मांग की। – **एजाज अहमद**

### श्मशान घाट की ओर नहीं खुलने देंगे रास्ता

मोहल्ला कायस्थान स्थित श्मशान घाट की भूमि से नया रास्ता निकालने को सभासद बलविंदर सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। बैठक में सभासद पति डा. राजू सैनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग बैठक में शामिल हुए। सभासदों ने कहा कि श्मशान घाट की भूमि का उपयोग रास्ता निकालने के लिए करना अनुचित है। इससे न केवल श्मशान की पवित्रता भंग होगी। आरोप लगाया कि दूसरे समुदाय के कुछ लोग पास की भूमि पर अवैध प्लाटिंग करना चाहते हैं। इन प्लाटों को महंगे दामों पर बेचने के लिए श्मशान घाट की जमीन का इस्तेमाल कर जबरन रास्ता निकाला जा रहा है। कहा कि भूमि से किसी भी कीमत पर रास्ता नहीं निकलने दिया जाएगा। बैठक में रामभरोसे, प्यारे लाल, राजेंद्र कुमार, पूजा, रजनी देवी, रोशनी, रामकली, लाजो देवी आदि लोग मौजूद रहे।



मोहल्ले में आधा-अधूरे पड़े निर्माण कार्य के दौरान कई बार बाइक चालक गिरकर चोटिल हो गए हैं। कई बार मांग के बावजूद भी निर्माण में कोई तेजी नहीं है। जिससे वह परेशान हैं। – **अनीसुर्रहमान**



निर्माण कार्य पूर्ण होने के कारण कारोबार प्रभावित हो रह गया है। दुकानदारों को परेशानी हो रही है। इस ओर चेयरमैन को ध्यान देना चाहिए, जिससे राहत मिले। – **बॉबी**

# कारोबारी के यहां दोबारा पहुंची आयकर की टीम

संवाददाता, रामपुर

- सील किए गए दस्तावेज की कॉपी लेने के लिए पहुंची थी टीम

**अमृत विचार:** शहर के दो बड़े प्लाइवुड के कारोबारियों मुनन बबलू के यहां आयकर की टीम मंगलवार को दोबारा पहुंची। हालांकि सूत्रों के अनुसार टीम वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन के प्रपत्र लेने के लिए पहुंची है। आयकर विभाग ने मामले में कोई अधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। मुनन खां ने बताया कि आयकर की टीम सील किए दस्तावेज को खोलने के लिए पहुंची थी। उसकी एक कॉपी लेकर टीम वापस लौट गई है।

लकड़ी के बड़े कारोबारी नईम उर्फ बब्लू और उनके पार्टनर मुनन खां की बगी गांव में एनजी प्लाईवुड एंड विनियर, एमआइ इंडस्ट्रीज और एमएन इंडस्ट्रीज के नाम से प्लाईवुड फैक्ट्रियां हैं। एमएन और एमआइ इंडस्ट्रीज एक ही परिसर में हैं। इन तीन प्लाईवुड फैक्टरियों में आयकर की टीम 26 फरवरी को जांच के लिए आई थी। टीम उस समय यहां कई दिन रही थी। सर्वे के बाद टीम वापस लौट गई थी। टीम ने कोई भी आधिकारिक बयान नहीं दिया था। मंगलवार को आयकर की टीम दोबारा करीब तीन बजे रामपुर पहुंची और बगी स्थित कंपनियों में गई। टीम यहां वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद के प्रपत्र लिए। इसके बाद टीम करीब आठ बजे वापस लौट गई। मुनन खां ने बताया कि टीम जब पूर्व में सर्वे करने पहुंची थी, उस समय कुछ प्रपत्र सील किए थे। इन्हीं प्रपत्र की सील खोलने के लिए टीम पहुंची थी। टीम अपने साथ प्रपत्रों की एक कॉपी ले गई है। टीम वापस लौट गई है।

# युवक ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान



रक्तदान करते इमरान अंसारी।

**शाहबाद, अमृत विचार:** शाहबाद के युवक ने रक्तदान कर महिला की जान बचाई। मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती महिला को समय पर खून उपलब्ध नहीं हो सका। इस बीच उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। रक्त न मिलने पर परिजनों ने शाहबाद के एड. इमरान अंसारी से संपर्क किया। जिस पर वह रक्तदान करने को राजी हो गए। मंगलवार को उन्होंने मुरादाबाद जाकर रक्तदान कर महिला को जीवनदान दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### धूमधाम से मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला कायस्थान स्थित प्रीत कॉलोनी में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की बैठक आयोजित की गई। वरिष्ठ नेता प्रेम नरेश वाल्मीकि के नेतृत्व में हुई बैठक में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। अंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती भव्यता के साथ मनाई जाएगी। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ही सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की मांग की जाएगी। इस अवसर पर नवीन कुमार, कुलदीप वाल्मीकि, धर्मपाल, परवेश वाल्मीकि, अंकित राज, सईद खान, हारुन अली मौजूद रहे।

### मुनव्वर शाह खां सेवानिवृत्त, दी बधाई

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक मुनव्वर शाह खां मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। मुनव्वर शाह खां की नियुक्ति वर्ष 1989 में बीएसए कार्यालय में हुई थी। आठ वर्ष बाद पदोन्नति के उपरांत उनकी तैनाती राजकीय बाकर इंटर कॉलेज, ज्वालानगर में कर दी गई थी। लंबे समय तक वहां कार्य करने के बाद करीब चार वर्ष पूर्व उन्हें पुन: बीएसए कार्यालय में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात किया गया, जहां से वह सेवानिवृत्त हुए। बीईओ कल्पना देवी ने उनके सेवानिवृत्त होने पर शुभकामनाएं दीं।


मुनव्वर शाह खां।

### बिजली कटौती में सुधार न होने पर धरना देंगे कांग्रेसी

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष बाकर अली खां उर्फ हारून खां ने कहा कि बीते तीन चार महीनों से रामपुर में अंधाधुंध बिजली की कटौती की जा रही है। बिजली विभाग कभी पेड़ों की कटाई-छटाई और कभी फाल्ट होने का बहाना करके पूरे पूरे दिन और पूरी पूरी रात बिजली बंद कर रहा है। इससे कारोबार पर बुरा असर पड़ रहा है। बच्चों की शिक्षा पर असर पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 4 अप्रैल तक बिजली समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बिजली घरों पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# नए शिक्षा सत्र का आगाज आज से

## सीबीएसई स्कूलों में शिक्षा नीति 2020 के तहत होगी पढ़ाई, बच्चों ने नई कक्षा के लिए खरीदा है नया कोर्स

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** नए शिक्षा सत्र का बुधवार आज से आगाज होगा। जिसके तहत स्कूलों को सजाया संवारा गया है। पहले दिन बच्चों का फूलों की वर्षा कर शिक्षक स्वागत करेंगे। परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान तेज हो गया है। सीबीएसई स्कूलों में शिक्षा नीति 2020 के तहत पढ़ाई होगी। स्कूलों में इस नए सत्र से विद्यार्थियों द्वारा किताबों से जो सीखा गया है उसे वास्तविक जीवन में उतारना होगा। सीबीएसई में रटन विद्या को अलविदा कह दिया जाएगा।

सभी परिषदीय और निजी स्कूलों में नए सत्र की शुरुआत आज एक अप्रैल से हो जाएगी। बच्चों को नई कक्षाओं में बैठने की खुशी है। परिषदीय स्कूलों में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैलियां निकाली जा रही हैं। पास होने के बाद नई कक्षाओं के लिए कोर्स भी खरीद लिया गया है। इस बार बच्चों की पढ़ाई ने अभिभावकों की जेब पर बोझ बढ़ा दिया है। कापी-किताबों में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। महंगाई ने अभिभावकों के होश उड़ा दिए हैं। हर निजी स्कूल में अपना-अपना ड्रेस कोड लागू है। कुछ स्कूल अपनी इमारत में ही कोर्स की बिक्री कराते हैं। जबकि, कुछ स्कूलों के प्रबंधकों द्वारा अभिभावकों को कोर्स की सूची देने के साथ ही स्कूल ड्रेस का कलर और जूते मोजे कहां से खरीदे जाने हैं यह भी बता दिया जाता है। निर्धारित दुकानों के अलावा वह कोर्स और ड्रेस किसी अन्य दुकान पर नहीं मिलता है। स्कूलों में हर वर्ष ड्रेस के कलर कोड बदल दिए जाते हैं जिससे अभिभावकों की सिरदर्दी और बढ़ जाती है। कई स्कूलों में रेडिमेड ड्रेस ही मान्य है इस कारण कपड़ा लेकर भी सिलाई नहीं करा सकते। नालापार निवासी गुच्छन खां बताते हैं कि बच्चों की किताबें कापियां बहुत महंगी हो गई हैं। इसके अलावा भारी-भरकम फीस ने पसीने छुड़ा दिए हैं। मोहन लाल कहते हैं कि प्रशासन सीबीएसई स्कूलों में फीस निर्धारित कराए। कहते हैं कि प्राइवेट स्कूलों पर कोई रोक-टोक नहीं है वह अपनी मनमानी कर रहे हैं।


मिस्टन गंज स्थित एक पुस्तक विक्रेता की दुकान पर कोर्स लेने के लिए लगी भीड़। • अमृत विचार

> नया शैक्षिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हो जाएगा। इसके लिए स्कूलों में तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं बुधवार से बच्चे स्कूल आना शुरू कर देंगे। शिक्षा नीति 2020 के तहत पढ़ाई होगी। अब रटन विद्या से काम नहीं चलेगा। किताब से जो सीखा है उसे वास्तविक जीवन में उतारना होगा।
> – **नीरज तिवारी**, सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई

### किताबों की दुकानों पर उमड़ी भीड़, लगा जाम

किताबों की दुकानों पर भीड़ उमड़ने से बाजार के मिस्टन गंज में दोपहर जाम लगता रहा। लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार को मिस्टन गंज स्थित किताबों की दुकानों पर बच्चों और अभिभावकों की उमड़ पड़ी। जिसके कारण मिस्टन गंज में रुक-रुककर जाम लगता रहा।

# यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज होगा पूरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- हाईस्कूल की 1.28 लाख और इंटरमीडिएट की 81397 कापियां जांची गईं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तय समय सीमा में 1 अप्रैल आज निपट जाएगा। मंगलवार को हाईस्कूल की 1.28 लाख और इंटरमीडिएट की 81397 हजार कापियां जांची गईं। मंगलवार को हाईस्कूल की 4955 और इंटरमीडिएट की 3197 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तीन चरणों में निपट गया है। तीसरे चरण की एवार्ड लिस्ट 2 अप्रैल को बोर्ड को भेज दी जाएगी। मूल्यांकन कार्य राजकीय रजा इंटर कॉलेज और राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज में हो रहा है। मूल्यांकन नियंत्रक संजय कुमार ने बताया कि हाईस्कूल की कुछ विषयों की 250 कॉपियों का मूल्यांकन बुधवार को होना है। उन्होंने कहा कि बुधवार को मूल्यांकन कार्य निपट जाएगा। राजकीय रजा इंटर कालेज में कुल 81397 कॉपियों का मूल्यांकन हो गया है। मंगलवार को 3197 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। मूल्यांकन नियंत्रक अभिलाष कुमार ने बताया कि जांचने के लिए करीब 400 कॉपियां बची हैं उन्होंने बताया कि बुधवार तक कॉपियों का मूल्यांकन निपट जाएगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तीन चरणों में कराया गया था। दूसरे चरण की अवार्ड लिस्ट बोर्ड को भेज दी गई है जबकि, तीसरे चरण की अवार्ड लिस्ट 2 अप्रैल को भेजी जाएगी।

# चोर समझकर सभासद के बेटे को पीटा

संवाददाता, शाहबाद

- चार लोगों ने बजरंग चौक के पास घेरकर पीटा, दी तहरीर
- बाइक हटाते वक्त मोहल्ले के लोगों ने समझा था चोर

**अमृत विचार:** जिम बंद करके घर लौट रहे सभासद के बेटे की चार लोगों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सदाकत खान उर्फ शप्पू खान नगर पंचायत शाहबाद में सभासद हैं। उनके भाई के बेटे बाबर का जिम है। सभासद के मुताबिक बाबर किसी शादी समारोह में गया हुआ था। उसने जिम बंद करने की जिम्मेदारी उनके बेटे जुनैद को सौंपी थी। जुनैद जिम बंद कर घर लौट रहा था। इस दौरान बजरंग चौक के पास एक बरात निकल रही थी। भीड़ से बचने के लिए जुनैद पास की एक पतली गली से निकलने लगा। रास्ता तंग होने के चलते वह रास्ते में खड़ी बाइक हटाने लगा। आरोप है कि गली में मौजूद चार युवकों गुडडू, विक्की, शरीफ एवं निन्नू ने उसे चोर समझ लिया और बिना कुछ पूछे उसकी पिटाई शुरू कर दी।

हमले में जुनैद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद जुनैद ने अपने परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां पुलिस ने उसे चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मामले में सभासद की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वसूली करने गए विद्युत कर्मी को पीटा

**सैफनी, अमृत विचार :** मंगलवार को राजस्व वसूली के लिए टीम के साथ गए सैफनी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात टीजीटू विद्युतकर्मी के साथ उपभोक्ता मारपीट कर दी। मामले में दी तहरीर में पीड़ित विद्युत कर्मी अजय बाबू ने बताया है कि वह उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपने स्टाफ के लाइनमैन जमील अहमद और सुनील कुमार को साथ लेकर क्षेत्र के भजनपुर गांव के भूड़ा गेट पर विद्युत उपभोक्ता बाबू उर्फ बब्बू के यहां राजस्व वसूली के लिए गया था। इस दौरान बाबू उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगा। पीड़ित ने तहरीर दी है।

# तीर्थंकर स्वामी महावीर की जयंती धूमधाम से मनाई

संवाददाता, स्वार

- कार्यक्रम में शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे

**अमृत विचार:** जैन समाज के 24वें तीर्थंकर स्वामी महावीर जैन की जयंती के पावन अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रुस्तम नगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात स्वामी महावीर जैन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महावीर स्वामी के जीवन और उनके उपदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वामी महावीर का जीवन हमें संयम, सदाचार और मानवता की सेवा का संदेश देता है। अंत में सभी ने जय जिनेंद्र के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान नरोत्तम सिंह मौर्य, उमेश राजपूत, विजेंद्र सिंह, गौरव सिंह, नीरज सिंह, दिलीप कुमार, ब्रजकिशोर मौर्य, धर्मेन्द्र कुमार, प्रकाश बाबू, अनिल कुमार, संजय सिंह, राधि शर्मा, सुनीता मौर्य, पूजा टैगोर, कलावती आदि मौजूद रहें।



स्वार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद आचार्य। • अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने तीर्थंकर महावीर के बाल रूप को झुलाया पालना

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में रात में भी महावीर जयंती का हर्षोल्लास छाया रहा। सोमवार की देर रात श्रद्धालुओं ने तीर्थंकर महावीर के बाल रूप को पालना झुलाया और बधाई गीत गाए। जैन धर्म प्रवर्तक तीर्थंकर महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में सोमवार को दिन में पालकी यात्रा निकाली गई थी। शाम को श्रद्धालु पुन: जैन मंदिर में एकत्रित हुए। सर्वप्रथम सामूहिक संगीतमय आरती की गई। रात में तीर्थंकर महावीर के बाल स्वरूप को पालने में विराजित किया गया। इसके बाद भक्ति और बधाई गीतों के साथ जैन समुदाय के सभी सदस्यों ने पालना झुलाया। इस मौके पर नरेश कुमार जैन, नवीन जैन, राशि जैन, सोनिया जैन, दिव्या जैन, शालिनी जैन, बीना जैन, पूनम जैन, कनिका जैन, आरती जैन, नीतू जैन, दीपक जैन, अंशु जैन, बबीता जैन, भूमि जैन, पारस जैन, प्रियांश जैन आदि मौजूद रहे।

## जिला जज ने पुलिस अधीक्षक को दी भावभीनी विदाई


जिला जज भानुदेव शर्मा और एसपी।

**रामपुर, अमृत विचार:** सीतापुर स्थानांतरण होने पर मंगलवार को रामपुर जिला जज भानु देव शर्मा ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र को भावभीनी विदाई दी। जिला जज ने विद्या सागर मिश्र के रामपुर में कार्यकाल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रही तथा पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन में विश्वास की भावना को सुदृढ़ किया गया।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की विदाई

संवाददाता, रामपुर

- सेवानिवृत्त होने पर एसपी ने दिए उपहार, कार्यशैली की सराहना की

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस से सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों को रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने उपहार भेंट कर फूलमाला पहनाकर सम्मान पूर्वक विदाई दी।

बरेली निवासी पुलिस उपाधीक्षक सुदेश चन्द कटियार 28 जून 1987 को 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद में उपनिरीक्षक गोपनीय के पद पर नियुक्त हुए थे और चार जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सेवा के दौरान 65 नगद पुरस्कार एवं 82 उत्तम प्रविष्टि प्रदान की गई। पीलीभीत निवासी रेडियो निरीक्षक सुशील कुमार दिसंबर 1987 को पीटीसी-2 मुरादाबाद सहायक परिचालक रेडियो के पद पर नियुक्त हुए। वर्ष 1995 में प्रधान परिचालक व 2019 में रेडियो उप निरीक्षक एवं वर्ष 2025 में रेडियो निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त की। सेवा के दौरान 45 नगद पुरस्कार एवं 28 उत्तम प्रविष्टि प्रदान की गई। मुरादाबाद निवासी मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस ऋषिपाल सिंह 1 अगस्त 1989 को रिजर्व पुलिस लाइन बदायूं में आरक्षी के पद पर नियुक्त हुए। सेवाकाल के दौरान 15 नगद पुरस्कार एवं 20 उत्तम प्रविष्टि प्रदान की गयी है।


सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी व उनके परिवार के साथ एसपी व एएसपी। • अमृत विचार

## नवेद मियां ने शाही इमाम की मां के निधन पर शोक व्यक्त किया

**रामपुर, अमृत विचार:** पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी की वालिदा के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने दिल्ली स्थित जामा मस्जिद पहुंचकर नायब शाही इमाम सैयद शाबान बुखारी से मुलाक़ात कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि शाही इमाम की मां का इंतकाल 29 मार्च को हो गया था। उनकी नमाज-ए-जनाजा खुद शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने पढ़ाई थी। मरहूमा जामा मस्जिद के पूर्व शाही इमाम सैयद अब्दुल्ला बुखारी की पत्नी थीं। उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री नवेद मियां ने शाही इमाम के उत्तराधिकारी नायब शाही इमाम सैयद शाबान बुखारी से भी मुलाकात की और गम का इजहार किया।

## न्यूज डायरी

### राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाएं युवा : सुनील

**शाहबाद अमृत विचार :** शाहहबाद निवासी आशुतोष यादव के कार्यालय पर मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को राजनीति में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। युवा ही देश की दिशा और दशा बदल सकते हैं। बैठक में निर्णय लिया कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनता की समस्याएं सुनेंगे और उनके समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करेंगे। सभा की अध्यक्षता कर रहे आशुतोष यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान किया। इस मौके पर शमी खान, सचिन यादव, गुड्डू, सोनू शर्मा, रोहित यादव, पुष्पेंद्र यादव, अखिलेश यादव, प्रशांत, शरद, गौतम, मुस्तफा अली, इमरान अली आदि युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।






### अच्छे कार्यकाल के लिए पुलिस अधीक्षक को दी बधाई

**रामपुर, अमृत विचार :** अपना दल एस के जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा का स्थानांतरण होने पर उनसे मुलाकात की। उन्होंने एसपी के सौम्य व्यवहार और जनता से उनके लगाव के चलते कार्यकाल को अच्छा बताया। जिला संगठन की ओर से शॉल भेंट करके सम्मानित किया और अच्छे कार्यकाल के लिए बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विधि मंच चौधरी वीरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष श्रमिक मंच तोताराम सागर, किसान नेता हरदुआरी लाल शर्मा, शमसुद्दीन अंसारी व जनपद मुख्यालय से ब्राह्मण समाज के नेता अजय पांडेय मौजूद रहे।



### मां-बाप की खिदमत से अल्लाह राजी होगा : ताहिर रजा

**स्वार, अमृत विचार :** हजरत दादा मियां का 232वां उर्स बड़े ही अकीदत और शानो शौकत के साथ मनाया गया। उर्स के आखिरी दिन कुल शरीफ हुआ। कारी ताहिर रजा नैमी ने कहा कि मां-बाप की खिदमत और लोगों से अच्छा सलूक करें तभी अल्लाह राजी होगा। उन्होंने हजरत दादा मियां की जिंदगी पर रोशनी डाली। मजार शरीफ के गद्दी नशीन आजम खान ने भी लोगों से आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। नात ए पाक मुहम्मद जसीमुद्दीन कादरी ने पेश की। जबकि तकरीर कारी ताहिर रजा नैमी ने की। दुआ कारी फिदा हुसैन साहब ने कराई। इस अवसर पर मुन्ने मियां, नासिर खान, तमीज खान, आबिद खान, राहत खान, जुनैद खान आदि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बैठक में समय से मानदेय दिलाने की मांग की

**मिलक, अमृत विचार :** मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश गंगवार ने बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि सरकार ने मानदेय के बारे में विचार किया है, उसका हम सम्मान करते हैं। मानदेय बढ़ाने के लिए वो आंदोलन को और अधिक तेज करेंगी। अगर मानदेय अप्रैल में नहीं बढ़ता है तो हमारा संगठन 1 मई को लखनऊ में बड़ा कार्यक्रम करेंगे। उन्होने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को समय से मानदेय दिया जाए।



# मेरठ ने धामपुर को 3-2 से हराया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- महात्मा गांधी स्टेडियम में हो रहा प्रदेश स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट

**अमृत विचार:** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर फुटबाल टूर्नामेंट में मंगलवार को मेरठ और धामपुर की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। संघर्षपूर्ण मुकाबले में मेरठ की टीम ने 3-2 से मैच जीत लिया।

स्टेडियम पर मुख्य अतिथि अनिल कुमार एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अर्पित गुप्ता ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद मैच शुरू हुआ, पहले हाफ में मेरठ के निखिल ने 20 वें मिनट मे 1 गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद मैच में तेजी आ गई और धामपुर के खिलाड़ी वकार ने 34 वें मिनट में गोल मारकर टीम को बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ के 49 वें मिनट में मेरठ के आकाश नें 1 गोल मार कर फिर 2-1 से बढ़त दिला दी। इसके बाद 55 वें मिनट में धामपुर के खिलाड़ी वकार ने एक और गोल करके टीम को 2-2 की बराबरी पर ला दिया। मेरठ की टीम के खिलाड़ी सचिन विश्नोई नें 65 वें मिनट में 1 गोल कर कड़ी टक्कर के मुकाबले में टीम को 3-2 से जीत दिला दी। निर्णायल अजीत कुमार और लाइन मैन शिवम और आदित्य रहे। इस अवसर पर डॉ.अनूप कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती, मनोज कुमार उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती, अभिषेक, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू, अमित चौहान, नितिन यीशु, अनिल राज, विजेंद्र कुमार समेत काफी संख्या में फुटबाल प्रेमी मौजूद रहे।


महात्मा गांधी स्टेडियम पर हुए फुटबॉल मैच में भिड़ते खिलाड़ी। • अमृत विचार

### बरेली और कुंडेश्वरी की टीमों के बीच मैच आज

क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि बुधवार को बरेली और कुंडेश्वरी की टीमों के बीच शाम 4 बजे से महात्मा गांधी स्टेडियम पर फुटबॉल मैच खेला जाएगा।

## नालों की तली झाड़ सफाई करें कर्मचारी : पालिकाध्यक्ष


नाले की सफाई का निरीक्षण करतीं पालिकाध्यक्ष। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला शाहबाद गेट पर तली झाड़ नाला सफाई का पालिकाध्यक्ष सना खानम ने निरीक्षण किया। उन्होंने सफाईकर्मियों से कहा कि सफाई कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कहा कि बरसात से पहले नगरपालिका की ओर से सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

मंगलवार को शहर के शाहबाद गेट में नाला सफाई का कार्य कराया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नाला सफाई में लापरवाही न बरती जाए। नाले में नीचे की सतह तक की सिल्ट बाहर निकाली जाए। यदि लापरवाही बरती गई तो जल्द ही नाला अटने की समस्या पैदा हो जाएगी। इस मौके पर मीडिया प्रभारी सैयद फैसल हसन, मुख्य सफाई निरीक्षक दिलशाद हुसैन, एजाज खान, जिलान खान, सफाई निरीक्षक द्वारका नाथ आदि मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### लुधियाना में हसनपुर के मजदूर की करंट लगने से हुई मौत



**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव भीमापुर सुल्तानपुर निवासी एक मजदूर की पंजाब के लुधियाना में बिजली का पोल लगाते समय करंट लगने से मौत हो गई। मंगलवार को शव गांव पहुंचने पर परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भीमा सुल्तानपुर निवासी जोगराज सिंह 40 वर्ष पुत्र शोभाराम परिवार के पालन-पोषण के लिए लुधियाना में विद्युत लाइन खींचने का कार्य कर रहा था। रविवार शाम पोल लगाते समय वह ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। हाइड्रा से पोल उठाते समय हुए इस हादसे में जोगराज की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार की सुबह परिजनों द्वारा मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी राजवती और चार बेटी व एक बेटे को रोता-बिलखता छोड़ गया है।

### मोहद्दीनपुर में तेंदुए ने बनाया कई पालतू पशुओं को शिकार

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर में तेंदुए की बढ़ती सक्रियता ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। सोमवार रात तेंदुए ने कई पालतू पशुओं को अपना शिकार बना लिया, जिससे गांव में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। ग्रामीण रातभर जागकर अपने पशुओं और परिवार की सुरक्षा के लिए पहरा देने को मजबूर हैं। तेंदुए ने भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव मुन्नू गुर्जर के घर के पास से एक पालतू कुतिया और उसके चार पिल्लों को उठा लिया। उसने गांव के पुष्कर प्रधान के बैंक्वेट हॉल के पास और मनोज प्रजापति के बछड़ों को भी शिकार बना लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। भारतीय किसान यूनियन के मीडिया प्रभारी फूलवस सिंह ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि किसान पशुपालन के जरिए अपनी आजीविका चलाते हैं, लेकिन तेंदुए के लगातार हमलों से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता जनवरी से बनी हुई है। इससे पहले फतेहउल्लापुर खादर, झुंडपुरा खादर और नीलीखेड़ी गांवों में भी कई कुत्तों और बछड़ों को शिकार बना चुका है।

# परिवार को बेहोश करके प्रेमी संग फरार हुई युवती

## पुलिस ने किया बरामद, एक आरोपी को भी किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- पांच अप्रैल को आनी थी बारात युवती के गलत कदम से परिवार की खुशियों पर लगा ग्रहण
- ग्रामीणों ने अचेत परिजनों को अस्पताल में कराया भर्ती, कई की हालत बनी हुई है गंभीर

**अमृत विचार:** अमरोहा देहात क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी से ठीक पहले एक युवती ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर परिवार को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और उसके बाद फरार हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती को बरामद कर लिया है और एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव की है। जानकारी के अनुसार, एक किसान की बेटी की शादी तय थी और आगामी 5 अप्रैल को बारात आनी थी। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। आरोप है कि 29 मार्च की रात करीब आठ बजे गांव निवासी रिजवान अपने साथी जुनैद के साथ किसान के घर पहुंचा। इस दौरान युवती की मिलीभगत से खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया गया। खाना खाने के बाद किसान समेत परिवार के सभी सदस्य बेहोश हो गए। देर रात जब घर में कोई हलचल नहीं हुई तो पड़ोसियों को शक हुआ। मौके पर पहुंचकर देखा तो सभी सदस्य अचेत अवस्था में पड़े थे। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और आनन-फानन में सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई लोगों की हालत गंभीर बताई गई। होश में आने के बाद किसान ने अपनी बेटी को घर से गायब पाया। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि वह रिजवान के साथ चली गई है। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस ने रिजवान और जुनैद के खिलाफ बहला-फुसलाकर बेटी को भगा ले जाने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। प्रभारी निरीक्षक शौकेंद्र बालियान ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। पुलिस ने युवती को सकुशल बरामद कर लिया है और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद जहां एक ओर परिवार के सदस्य अस्पताल में उपचाराधीन हैं, वहीं दूसरी ओर घर में शादी की खुशियां काफूर हो गईं।

## महावीर जन्मोत्सव पर जैन समाज ने बांटा प्रसाद

**मंडी धनौरा।** नगर में भगवान महावीर जन्मोत्सव पर सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणेश आश्रम के निकट स्थित अहिंसा स्तंभ पर श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी और चावल के रूप में प्रसाद का वितरण किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का अहिंसा स्तंभ पर पहुंचना शुरू हो गया था। समाज के सदस्यों ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ भगवान महावीर के सिद्धांतों अहिंसा, सत्य का स्मरण करते हुए कार्यक्रम में भाग लिया। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में समाज के महिला, पुरुष एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस मौके पर अनिल जैन ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के संदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# स्मार्ट मीटर से बड़ी राहत बिजली बिल पर 2% छूट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** जिले में बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए विद्युत विभाग ने स्मार्ट मीटर योजना को और अधिक उपभोक्ता-हितैषी बना दिया है। अब प्रीपेड मोड पर स्मार्ट मीटर रिचार्ज करने वाले उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर 2 प्रतिशत की सीधी छूट मिलेगी। साथ ही शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक हैप्पी आवर्स में बैलेंस खत्म होने पर भी आपूर्ति बाधित नहीं की जाएगी।

अधीक्षण अभियंता विष्णु दयाल यादव ने बताया कि नई व्यवस्था में उपभोक्ताओं की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। पुरानी सिक्योरिटी राशि को प्रीपेड बैलेंस या बकाया बिल में समायोजित कर आर्थिक राहत दी जा रही है। यदि किसी उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर की रफ्तार पर संदेह है, तो वह 1912 टोल-फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत मिलने पर विभाग मीटर बदलने के बजाय उसके साथ एक चेक मीटर लगाएगा, जिससे उपभोक्ता खुद रीडिंग का मिलान कर पारदर्शिता सुनिश्चित कर सकेंगे। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि स्मार्ट मीटर सौर ऊर्जा के अनुकूल हैं। घर में सोलर पैनल लगवाने पर अलग से नेट मीटर की आवश्यकता नहीं होगी। यही मीटर कॉन्फिगर होकर नेट मीटर की तरह कार्य करेगा। पुराने बकाये के निस्तारण के लिए विभाग ने आसान व्यवस्था लागू की है। 10 हजार रुपये तक बकाया पर हर रिचार्ज से 10 प्रतिशत कटौती होगी। इससे एकमुश्त भुगतान के बोझ से राहत मिलेगी।

### इमरजेंसी क्रेडिट और नो-डिस्कनेक्ट सुविधा

बैलेंस शून्य होने पर भी उपभोक्ताओं को 3 दिन का इमरजेंसी समय मिलेगा। इसके अलावा प्रीपेड में बदलाव के शुरुआती 30 दिनों तक ग्रेस पीरियड भी दिया जाएगा। रविवार, दूसरे शनिवार और राजपत्रित अवकाश के दिन बिजली आपूर्ति नहीं काटी जाएगी। रिचार्ज के बाद सामान्यत: दो घंटे के भीतर सप्लाई चालू हो जाएगी।

## पानी की टंकी पर फंदे से लटका मिला युवक

**बिजनौर, अमृत विचार :** नगीना थाना क्षेत्र के गांव कालाखेड़ी मार्ग पर मंगलवार सुबह निर्माणाधीन पानी की टंकी पर एक युवक का शव लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। जानकारी के अनुसार नगीना-कालाखेड़ी मार्ग पर आईटीआई कॉलेज के सामने बन रही करीब 50 फीट ऊंची पानी की टंकी पर युवक का शव फंदे से लटका देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। टंकी की ऊंचाई अधिक होने के कारण दमकलकर्मियों ने रस्सियों की मदद से शव को नीचे उतारा। पुलिस जांच में मृतक की पहचान मोहल्ला लाल सराय निवासी मोहम्मद नवेद पुत्र मोहम्मद अकबर (26) के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक नवेद सोमवार शाम से घर से लापता था और उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# हाशमी गर्ल्स इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राओं का सम्मान



परीक्षाफल मिलने के बाद खुशी जाहिर करते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** हाशमी गर्ल्स इंटर कॉलेज में बुधवार को कक्षा 6, 7, 8, 9 व 11 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और परिणाम प्राप्त करते ही उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। अभिभावकों ने भी अपनी बेटियों की सफलता पर प्रसन्नता जताई।

प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी ने छात्राओं एवं अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आगामी वर्ष में और बेहतर प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखें तथा अधिक अंक प्राप्त करने का प्रयास करें। साथ ही जिन छात्राओं को इस वर्ष पुरस्कार नहीं मिल सका, वे अगले वर्ष के लिए अभी से तैयारी करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का है, इसलिए छात्राओं को आपसी स्वस्थ प्रतियोगिता के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानाचार्य हिना खान ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर खिले बच्चों के चेहरे

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर की राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष रविशंकर शर्मा एवं प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। नर्सरी से लेकर कक्षा 9 तक का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय अध्यक्ष एवं प्रबंधन के द्वारा बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाकर बच्चों की खुशी दुगनी हो गई थी। इस मौके पर विद्यालय अध्यक्ष रविशंकर शर्मा ने कहा कि परीक्षा एवं परिणाम एक जीवनपर्यंत चलने वाली प्रक्रिया है, हमें पूर्ण साहस एवं धैर्य का परिचय देते हुए अच्छे परिणाम का प्रयास करना चाहिए। प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, आंसू त्यागी, अनुराधा, भावना, नीलम, लक्ष्मी, स्वाति, अतुल, रवि, कोमल, राजकुमार, अनु आदि मौजूद रहे।

# बच्चे ही देश का उज्ज्वल भविष्य उनका सर्वांगीण विकास जरूरी

- एएसएम बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में परीक्षाफल घोषित
- विद्यालय की ओर से मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एएसएम बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खाता में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। नर्सरी से कक्षा 8 तथा 9 व 11 के परीक्षा परिणाम जारी किए गए, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा।

सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता व प्रधानाचार्य जोगेंद्र कुमार द्वारा अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुस्तकें, बैग, लंच बॉक्स व पानी की बोतल देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जो छात्र-छात्राएं इस बार किसी कारणवश सम्मानित नहीं हो सके हैं, वे आगामी सत्र में कड़ी मेहनत कर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन व परिश्रम का महत्व भी बताया। प्रधानाचार्य जोगेंद्र कुमार ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ छात्र-छात्राओं को खेल व एनसीसी गतिविधियों में भी आगे बढ़ना चाहिए, जिसकी विद्यालय में समुचित सुविधाएं उपलब्ध हैं। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी सेकेंड ऑफिसर देवेंद्र गोला ने किया।

## ट्रॉफी एवं परीक्षाफल पाकर खुश हुए बच्चे

**हसनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एचएसएस पब्लिक स्कूल में कक्षा एक से पांच के बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को उनकी प्रगति रिपोर्ट प्रदान की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। प्रबंधक राजीव अग्रवाल द्वारा सभी नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की गई। कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और सीखने की रुचि को बढ़ाना है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# शिवालय विवाद का हुआ पटाक्षेप

- नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की पहल से दोनों पक्षों में मंदिर को लेकर बनी सहमति

संवाददाता, मंडी धनौरा



विवाद पर दोनों पक्षों से बात करते नगर पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के रामलीला मैदान के सामने स्थित नवदुर्गा मंदिर परिसर में बने नवनिर्मित शिव मंदिर को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहा विवाद मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझ गया। इस पूरे मामले में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अहम भूमिका रही, जिनकी पहल पर दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बन गई।

ज्ञात हो कि मंदिर के नामकरण और परिसर में लगाई गई मूर्तियों को लेकर नगरवासियों और एक परिवार विशेष के बीच मतभेद उत्पन्न हो गया था। मंदिर का नाम शार-विनोद रखे जाने तथा परिवार विशेष के दिवंगत माता-पिता की मूर्तियां स्थापित किए जाने पर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही थी। सोमवार को इस मुद्दे को लेकर नगरवासियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए मामले में हस्तक्षेप और कार्रवाई की मांग की थी। मामला तूल पकड़ता देख नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए दोनों पक्षों को बातचीत के लिए आमंत्रित किया। बैठक के दौरान उन्होंने धार्मिक स्थल की गरिमा बनाए रखने और नगर में शांति व भाईचारे को सर्वोपरि बताते हुए दोनों पक्षों को समझाया। उनके संतुलित प्रयासों और मध्यस्थता के चलते दोनों पक्ष आपसी सहमति पर पहुंच गए, जिससे विवाद का शांतिपूर्ण निपटारा संभव हो सका। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल को लेकर विवाद बढ़ाना उचित नहीं है। नगर की एकता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

# ई-रिक्शा पलटने से छात्र की मौत, पांच लोग घायल

संवाददाता डिडौली

- अमरोहा-पाकबड़ा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में अमरोहा-पाकबड़ा मार्ग पर मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया, जिसमें सवार एक 12 वर्षीय छात्र की मौत हो गई, जबकि परिवार के पांच अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

गांव ब्राह्मणों वाली मड़ैया निवासी अलीजान अपनी पत्नी नाजिया, मां आमना, बेटे अल्फेज व आवान तथा भतीजे गुड्डू के साथ ई-रिक्शा से अमरोहा जा रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा शाहपुर पैगंबरपुर के पास पहुंचा, तभी पाकबड़ा की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा पलट गया और सवार सभी लोग उसके नीचे दब गए। हादसे की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीरों ने ई-रिक्शा को सीधा कर सभी घायलों को बाहर निकाला। अलीजान का 12 वर्षीय बेटा अल्फेज गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के ही बालक का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार बालियान ने बताया कि कोई सूचना या तहरीर नहीं मिली है।

## न्यूज डायरी



### चैत्र मंगलवार पर मां ललिता देवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**गजरौला।** सिद्धपीठ मां ललिता देवी मंदिर में चैत्र माह के मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वर्ष 1837 में स्थापित इस प्राचीन मंदिर में भक्तों ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। गजरौला शहर में चैत्र माह के पावन मंगलवार पर सिद्धपीठ प्राचीन मां ललिता देवी मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर में देवी के समक्ष श्रद्धालुओं ने माथा टेककर प्रसाद चढ़ाया और अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। भीड़ के दौरान लाइन में खड़ी एक महिला अचानक बेहोश हो गई। मौके पर मौजूद एसएसआई अमित प्रधान और उनके साथी दरोगा अनिल कुमार कौशिक ने तुरंत उसे पानी पिलाया और महिला पुलिस की मदद से लाइन से बाहर निकालकर कुर्सी पर बैठाया। बाद में पुलिस ने महिला को दोबारा दर्शन कराने में मदद की। मान्यता है कि मंदिर में संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होती है। इसी आस्था के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने नौनिहालों का मुंडन संस्कार कराने पहुंचे और प्रसाद वितरित किया।



### नगर में धूमधाम से निकली बालाजी ज्योत शोभा यात्रा

**हसनपुर।** श्री बालाजी महाराज ज्योत की शोभा यात्रा धूमधाम से नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई। शोभा यात्रा का नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं शोभा यात्रा में सम्मिलित झांकियां नगर वासियों का मन हो रही थीं। श्री हनुमान जयंती के अवसर पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री राम जानकी बालाजी दरबार के द्वारा मेहंदीपुर बालाजी धाम से बाबा की ज्योत लाई गई, यह ज्योत भक्तों द्वारा लगभग 28 वर्षों से लाई जा रही है। मंगलवार को नगर के रहरा बस स्टैंड चौराहे से शोभा यात्रा का प्रारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, भाजपा नेता चंद्रपाल खड़कवंशी एवं महेश खड़गवंशी द्वारा बाबा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शोभा यात्रा नगर के रहरा बस स्टैंड चौराहे से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई मोहल्ला कायस्थान स्थित श्री राम जानकी बालाजी दरबार पर पहुंच कर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में राधा कृष्ण, राम दरबार, शंकर परिवार, मां शारदा, पवन पुत्र हनुमान आदि की झांकियां नगर वासियों का मन मोह रही थीं।

### जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में हुआ विवाद, मतदान का बहिष्कार

**बिजनौर, अमृत विचार :** जनपद बिजनौर में जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में विवाद की स्थिति खड़ी हो गई है। अध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए मंगलवार को शुरू हुए मतदान में विवाद की स्थिति पैदा होने पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शेर सिंह ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी राजेंद्र सिंह अपने बैलेट पेपर पर चुनाव करा रहे हैं जबकि राजेंद्र सिंह ने आरोप को गलत बताते हुए कहा कि शेर सिंह चुनाव को बाधित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से आरोप लगा रहे हैं। इस विवाद के चलते वकील भी संशय में दिखाई दिए, इस घटनाक्रम के कारण लगभग ढाई-तीन घंटे मतदान नहीं हो सका। मुख्य चुनाव अधिकारी चंद्रवीर सिंह गहलोत ने चुनाव कराने से मना कर दिया, उनके स्थान पर नए चुनाव अधिकारी राजेंद्र टिकैत की देखरेख में मतदान शुरू किया गया। वहीं, एल्डर कमेटी का मामले में कोई बयान सामने नहीं आया है। दिनभर चले घटनाक्रम के बाद चुनाव प्रक्रिया जारी रही जबकि दोनों पक्षों के समर्थक अपने-अपने दावों पर कायम नजर आए। बताया जा रहा है कि चुनाव की वैधता क्या होगी, लगाए गए आरोपों की जांच किस प्रकार की जाएगी यह एल्डर्स कमेटी ही तय करेगी। विवादित स्थिति को देखते हुए कुछ वकीलों द्वारा चुनाव का बहिष्कार किया गया।

### हिंदू नव वर्ष पर आरएसएस के स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

**अमरोहा।** हिंदू नव वर्ष एवं विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष्य में सैदनगली क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तत्वावधान में भव्य पथ संचलन किया गया। हसनपुर खंड के अंतर्गत सैदनगली मंडल द्वारा आयोजित इस पथ संचलन में स्वयंसेवकों का उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति की भावना देखते ही बनी। पथ संचलन का शुभारंभ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से हुआ। जिला कार्यवाह होशियार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए हिंदू नव वर्ष और विक्रम संवत के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 'पंच परिवर्तन' सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी जीवन शैली के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। खंड संचालक डॉ. पुनीत गुप्ता ने स्वयंसेवकों को संचलन की गरिमा बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद डॉ. पुनीत गुप्ता, प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय और खंड प्रचारक सचिन के नेतृत्व में पथ संचलन प्रारंभ हुआ। संचलन विद्यालय परिसर से निकलकर मेहंदीपुर मार्ग, भीमनगर, थाना सैदनगली, एसडी इंटर कॉलेज मार्ग, सेवा बस्ती और मथना रोड होते हुए मुख्य दिल्ली मार्ग तक पहुंचा।

# चोरों ने स्कूल से पार कर दिया 40 हजार का सामान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित स्कूल में एक हफ्ते के अंदर लगातार दूसरी बार चोरी होने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। स्कूल में चोरी की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया।

क्षेत्र के गांव नगलिया मुंशी में एसपीएस स्कूल संचालित है, स्कूल में एक सप्ताह में दूसरी बार चोरी होने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। मंगलवार की सुबह सतवीर सिंह स्कूल पहुंचे तो स्कूल के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो दो बैटरी एवं डीडीआर गायब थे। इसके बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को चोरी की सूचना दी। स्कूल संचालक विनोद कुमार ने बताया कि 22 मार्च को विद्यालय में चोरी हुई थी जिसमें चार बैटरी, एक डीबीआर आदि चोरी हुआ था। सोमवार की रात चोरों ने फिर ताले तोड़कर दो बैटरी एवं एक डीबीआर चोरी कर लिया। जिसकी कीमत लगभग चालीस हजार रुपये है। हलका इंचार्ज श्रीपाल यादव ने बताया चोरी की तहरीर मिली है।

### डिडौली के साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी

**डिडौली।** कस्बे के साप्ताहिक बाजार से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना डिडौली क्षेत्र के गांव जग्गा नंगला निवासी रिजवान पुत्र रशीद मंगलवार को साप्ताहिक बाजार में घरेलू सामान खरीदने आया था। उसने अपनी बाइक बाजार के पास खड़ी कर दी और सामान लेने चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक मौके से गायब मिली।

# पासबुक पर हो रही फर्जी गैस बुकिंग

- आरोप-एजेंसी से गैस सिलेंडरों की हो रही कालाबाजारी
- शिकायत पर एसडीएम ने कहा-कराई जाएगी मामले की जांच

संवाददाता हसनपुर



एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की लाइन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना सैदनगली क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत उझारी में स्थित उझारी इंडियन गैस एजेंसी इन दिनों विवादों के घेरे में है। उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी गैस की पासबुक घर पर होने के बावजूद, एजेंसी संचालक द्वारा उन पर फर्जी तरीके से गैस की बुकिंग दिखाकर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की जा रही है।

पीड़ित उपभोक्ताओं का कहना है कि जब वे सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचते हैं, तो उन्हें दो-चार दिन बाद आने की बात कहकर वापस भेज दिया जाता है। कई दिनों के बाद जब उपभोक्ता दोबारा पहुंचते हैं, तो उन्हें बताया जाता है कि आपकी गैस पासबुक पर तो सिलेंडर पहले ही बुक है और डिलीवर भी हो चुका है, अब 10-15 दिन के बाद आना। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी आईडी का इस्तेमाल कर एजेंसी संचालक खुद ही बुकिंग कर लेते हैं और उन सिलेंडरों को ऊंचे दामों पर ब्लैक में दूसरों को बेच देते हैं। स्थानीय निवासियों साहिल, शाहिद, इरशाद, मोहम्मद अली, शमशाद ने प्रशासन से मांग की है कि इस फर्जी बुकिंग के खेल की जांच की जाए। दोषी एजेंसी संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, अगर ऐसा मामला है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार, 1 अप्रैल 2026 संभल-चन्दौसी

## न्यूज ब्रीफ

### चुनावी रंजिश में पिता पुत्र पर किया हमला

**संभल/चंदौसी। अमृत विचार :** कोतवाली के गांव सैदपुर में सोमवार की रात दबंगों ने घर में घुसकर पिता पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पिता ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। गांव सैदपुर निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह सोमवार की रात 8 .30 बजे अपने बेटे के साथ घर में बैठा हुआ था। इसी दौरान का गांव पांच दबंग लोग घर में घुस आए। चुनावी रंजिश को लेकर आरोपी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर दिया, जिससे पिता-पुत्र घायल हो गए। अनिल ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।

### मुआवजा कम होने पर किसानों ने किया प्रदर्शन

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेसवे किनारे विकसित किए जा रहे औद्योगिक गलियारे के लिए भूमि सर्वे के दौरान भमौरी पट्टी गांव में किसानों ने मुआवजे की दर को लेकर हंगामा किया। किसानों का आरोप है कि उनकी जमीन करीब 10 लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से आंकी जा रही है, जबकि इसकी वास्तविक कीमत 20 लाख रुपये प्रति बीघा होनी चाहिए। इस मौके पर रामप्रकाश, गुलफान कुंवरपाल, अवधेश, खुशीराम, जयवीर, सतेंद्र प्रेमपाल, बनवारी आदि ने मांग की है।

# शिकायत करने पर दबंगों ने महिला को किया अधमरा, तोड़े पैर

## पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का लगाया आरोप, एसपी के आने पर करेगी शिकायत, आरोपियों पर लगाया फर्जी बीमा करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** गोहत्या और फर्जी बीमा की शिकायत करने पर दबंगों ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। लाठी डंडों से पीटकर पीड़िता के दोनों पैर तोड़ दिए। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने अब तक कार्रवाई नहीं की है। महिला ने बताया कि वह एसपी केके विश्नोई के आने पर शिकायत करेगी।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव सादात बाड़ी निवासिनी कमलेश बताया कि उसके गांव में दबंग व्यक्ति फर्जी बीमा कराने और गोहत्या में संलिप्त है। पीड़िता ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी। शिकायत के बाद आरोपी पीड़िता से रंजिश मानने लगे। सोमवार रात को आरोपी लाठी डंडे लेकर पीड़िता के घर में घुस गए और जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने उसके दोनों पैर तोड दिए। बेहोश होने पर आरोपी मरा समझकर भाग गए और परिजनों को भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाना बहजोई पहुंचकर मामले की तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।


जिला अस्पताल में भर्ती घायल कमलेश।

### पुलिस ने सुनी फरियाद

महिला ने बताया कि वह घायलावस्था में थाना बहजोई पहुंची, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। बल्कि आरोपियों के पक्ष में बोलने लगी। पुलिस ने उससे कहा कि तुमने आरोपियों की शिकायत क्यों की। तुम्हे शिकायत नहीं करनी चाहिए थी। पीड़िता ने बताया कि एसपी संभल केके बिश्नोई अभी अवकाश पर हैं। उनके आने पर वह एसपी से मुलाकात करके पुलिस की शिकायत करेगी।

> महिला व दूसरे पक्ष के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। जिसके चलते मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई है। घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
> – **अजीत सिंह** – थाना प्रभारी निरीक्षक बहजोई।

### पीड़िता ने कहा, पुलिस बना रही समझौते का दबाव

पीड़िता ने बताया कि जब वह पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंची तो पुलिस ने उस पर ही उल्टा सवाल करने शुरू कर दिए। ये ही नहीं थाना पुलिस आरोपियों से समझौता करने का दबाव बनाने लगी। मना करने पर पुलिस कर्मियों ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी गोहत्या और फर्जी बीमा करने का काम करते हैं। इसकी शिकायत पर आरोपी उससे नाराज हो गए और रंजिश मानने लगे। पीड़िता ने जान का खतरा जताया है।

### पहले पकड़ा बाद में छोड़ा

पीड़िता ने बताया कि गोकशी के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा था। लेकिन बाद में राजनीतिक दबाव और मिली भगत के चलते आरोपियों को छोड़ दिया। जिससे उनके हौसले बुलंद हो गए। पुलिस ने छूटने के बाद आरोपियों ने उसे धमकी भी दी थी। बताया कि यदि पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करती तो उसके साथ इस तरह की घटना नहीं होती। पीड़िता ने परिजनों की जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### दबंगों ने प्रधान पर किया हमला, वीडियो वायरल

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम मिलक सिरसी में नई परंपरा डालने की शिकायत पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद कब्रिस्तान से लौट रहे प्रधान और उसके परिवार के लोगों को रास्ते में घेरकर गांव के कुछ लोगों ने लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि गांव के कुछ दबंग लोग बिना प्रशासन की अनुमति से मस्जिद का निर्माण कर रहे थे। इसकी शिकायत प्रधान फय्याज ने थाना पुलिस से कर दी थी। इस पर प्रशासन ने निर्माण कार्य बंद करा दिया था। इससे मस्जिद का निर्माण कर रहे अफजल, इरफान, सरताज, गुलजार, भूरा, जरीफ, तहजीब फय्याज से रंजिश मानने लगे। मंगलवार को फय्याज अपने परिजनों के साथ कब्रिस्तान से वापस आ रहे थे। तभी आरोपियों ने हमला कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना हजरत नगर गढ़ी प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही है।


प्रधान और उनके समर्थकों से मारपीट करते आरोपी ( फोटो : वीडियो ग्रैब )

### बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल

**संभल/चंदौसी। अमृत विचार:** मुरादाबाद रोड हाइवे स्थित गांव बनियाखेड़ा चौराहा पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमे दो बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गए। सरकारी अस्पताल में उपचार के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना जुनावई क्षेत्र के गांव उमरे निवासी रवींद्र पुत्र रामवीर अपने दोस्त रामचंद्र पुत्र अमर सिंह निवासी दानपुर थाना जरीफनगर के साथ मुरादाबाद से अपने गांव जा रहा था। मंगलवार की दोपहर एक बजे बाइक सवार रवींद्र थाना बनियाठेर क्षेत्र के मुरादाबाद रोड हाईवे स्थित गांव बनियाखेड़ा के चौराहे पर पहुंचे तो सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिस में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गए। जबकि दूसरे बाइक पर सवार कृपाल सिंह अपने साढ़ू कुलदीप निवासीगण बनियाखेड़ा के साथ चंदौसी वापस गांव लौट रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जर्जर और बदहाल स्थिति में पहुंचे शहर के पार्क, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता चंदौसी

**अमृत विचार:** शहर के वार्ड नंबर 13 आवास विकास में पार्क बने हैं, लेकिन अनदेखी के चलते यह बदहाल हो चुके हैं।अपनी पहचान भी खो चुके हैं। हरियाली के बीच सुकून के कुछ पल गुजारने के लिए लोगों को परेशान होना पड़ता है। स्थिति यह है कि कुछ पार्कों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश उजड़े हुए हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार मूक बने हैं। इनको सुधारने के लिए कोई योजना भी नहीं बनाई है।

आवास विकास के इन पार्कों में कोई अतिक्रमण से घिरा है तो कहीं पार्किंग स्थल बना लिया गया है। कुछ पार्क तो सिर्फ नाम के ही पार्क हैं। यहां न तो हरियाली और न ही बैठने की कोई व्यवस्था। बाउंड्री तक नहीं है। बच्चों के खेलने के झूले तक टूट चुके हैं। नगर पालिका के अधिकारियों की उपेक्षा की वजह से यह पार्क बदहाल हो गए हैं। देखने में सुंदर और हरे भरे पार्क बच्चों के खेलने की जगह होती थी। शाम होते ही यह पार्क बच्चों से गुलजार होने लगते थे। बड़े बुजुर्ग भी सुबह शाम टहलने आते थे, लेकिन रखरखाव की वजह से लोगों ने इनसे दूरी बना ली है। शहर की अधिकांश पार्क बदहाल हो चुके हैं। आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर तीन के पार्क में छुट्टा पशुओं ने अपना ठिकाना बना लिया है। बाउंट्री, झूले, बेंच, ग्रिल, डस्टबिन सभी टूटी पड़ी हैं। लाइटें खराब हैं शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है। पेड़ पौधे भी सूख गए हैं। यह पार्क सिर्फ नाम का रह गया है। सेक्टर दो में बने पार्क की स्थिति बेहद खराब है। लोगों ने मलबा डाल दिया है। गंदगी का अंबार लगा है। यहां न तो बाउंड्री बची है, न ही पार्क जैसी कोई व्यवस्था। ऐसा प्रतीत होता है, कि यह पार्क नहीं खंडहर है। आवास विकास के गणेश पार्क की बाउंड्री टूटी पड़ी है। लोगों ने अपने चार पहिया वाहन खड़े करना शुरू कर दिया है। हरियाली के नाम पर यहां सिर्फ सूखी घास है। बच्चों के खेलने के लिए झूले और बैठने के लिए बेंच टूटी पड़ी है। रखरखाव के अभाव में पार्क पूरी उजड़ गया है।


चन्दौसी के आवास विकास में बदहाल हालत में पार्क। ● अमृत विचार

- कार पार्किंग और कपड़ा सुखाने के लिए किया जा रहा प्रयोग
- प्रशासन की अनदेखी के चलते लोगों को हो रही दिक्कत


पार्कों में लोग अपने कपड़े सुखाते हैं। काफी समय से साफ-सफाई भी नहीं हुई है। झूले और बेंच टूट गई हैं। लाइटें भी खराब पड़ी है। –**अरुण मौर्य**, आवास विकास


बाउंड्री टूटी पड़ी है, पेड़ पौधे सूख गए हैं। लोगों ने कबाड़ डाल दिया है। यहां लोग कपड़े सुखाते हैं। झूले और बेंच भी टूटी पड़ी हैं। –**गौरव पाठक** , आवास विकास


आवास विकास में पुष्प विहार पार्क में लोगों ने पार्किंग स्थल बना लिया है। पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। लोगों ने घरेलू सामान रख लिया है। – **वीरेंद्र कुमार** अग्रवाल, आवास विकास


पार्कों की स्थिति ठीक न होने पर बच्चे खेलने के लिए तरस जाएंगे। बच्चे गलियों में खेलने के लिए मजबूर हैं। इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। –**टीटू मिश्रा**, आवास विकास

### एबीवीपी जिला समीक्षा योजना बैठक सम्पन्न

**संभल, अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को बहजोई नगर इकाई के तत्वावधान में संपन्न हुआ। बैठक में प्रवास के निमित्त प्रांत सहमंत्री सूरज राणा जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्य पद्धति एवं छात्र हितों के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री दिवाकर बाबरा, जिला संयोजक पीयूष बिजोलिया, जिला मीडिया संयोजक मन साफ प्रजापति, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हितेश प्रजापति, नैन्सी दिलेर, निहारिका दिलेर, धारा कश्यप, कृष्णा गोयल, नगर अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी, मोहित कश्यप, आशीष, यश आर्य, अभय भारद्वाज, मनी श्रीमाली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### केक काटकर मनाया प्रदेश अध्यक्ष नीरज का जन्मदिन


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की जिला युवा इकाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री खाटूश्याम मंदिर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष व विधायक नीरज बोरा के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। युवा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल, जिला उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान गिरीश रतन, प्रदीप अग्रवाल , अमित डी आर, अमित अग्रवाल, अन्नू रतन, अर्चित अग्रवाल, जस्टि गुप्ता आदि लोग रहे।

# औद्योगिक गलियारे के विस्तार के लिए यूपिडा ने किया सर्वे

कार्यालय संवाददाता संभल/सौंधन

- पांच गांवों की 303 हेक्टेयर भूमि चिन्हित
- कई गांवों के लोगों को मिलेगा लाभ, जताई खुशी

**अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित किए जा रहे औद्योगिक गलियारे के विस्तार को लेकर प्रशासन ने तेजी बढ़ा दी है। शासन के निर्देश पर बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण की तैयारी शुरू हो गई है। मंगलवार को यूपिडा के अधिकारियों ने स्थलीय सर्वे कर नक्शों का मिलान किया।

सर्वे के दौरान अधिकारियों की टीम ने भमौरी पट्टी, सौंधन मोहम्मदपुर, खरसपा, सारंगपुर और अमावती कुतुबपुर गांवों में जमीन का निरीक्षण किया। दूसरे चरण में इन पांच गांवों की करीब 303.598 हेक्टेयर भूमि औद्योगिक गलियारे के विस्तार के लिए चिन्हित की गई है।

अधिकारियों ने जमीन की स्थिति, सीमांकन और नक्शों का अवलोकन किया। इस दौरान विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी चिंकू राम पटेल, एडीएम बी.डी. वर्मा, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम संभल निधि पटेल, तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप, जल निगम (भूगर्भ) और मध्य गंगा नहर विभाग के अधिकारी समेत हल्का लेखपाल ओमकार गौड़ सहित तमाम लोग व कर्मचारी मौजूद रहे।

# टायर का ईधन जलाने वालों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिले में ईंट भट्टों पर हानिकारक ईंधन का प्रयोग किया जा रहा है। शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने सोमवार देर शाम छापामार कार्रवाई की। उन्होंने हानिकारक ईंधन का प्रयोग करने पर कार्रवाई की चेतावनी ईंट भट्टा स्वामियों को दी है।

सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि उन्होंने कई ईंट भट्टों का सोमवार को निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्हें पता चला कि कई भट्टों पर टायर को जलाकर पावडर बनाया जा रहा है। इस पाउडर से ईंट पकाई जा रही है। इससे उठने वाला धुंआ फेफड़ों के लिए हानिकारक है। सिटी मजिस्ट्रेट ने ग्राम मुजफ्फरपुर स्थित हिलाल ईंट कंपनी में भी जांच के दौरान करीब 50 कुंतल टायर की राख बरामद की गई है। जिसका उपयोग ईंधन के तौर पर किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डीके गुप्ता को तीनों इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रूप से प्रदूषण फैलाने वाले कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि भारी मात्रा में टायर का ईंधन मिला है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर संबंधित भट्टा मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।


ईंट भट्टे पर मिला टायर का पाउडर। ● अमृत विचार

- सिटी मजिस्ट्रेट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से भेजा नोटिस

## न्यूज डायरी

### शहर में धूमधाम से निकाली गई बजरंगी शोभायात्रा

**संभल/चंदौसी। अमृत विचार :** श्री बजरंगी सनातन समूह द्वारा मंगलवार की शाम सातवीं भव्य बजरंगी यात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बजरंगी यात्रा का शुभारंभ शहर के गणमान्य लोगों व संगठन पदाधिकारियो द्वारा महाआरती करके किया गया। मंगलवार को शोभायात्रा में बाबा बजरंगबली का फूलडोल में विराजमान भव्य स्वरूप एवं मां काली का खेलता स्वरूप सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा रघुनाथ आश्रम से सायं पांच बजे प्रारम्भ हुई। जो रोटरी क्लब, बिसौली गेट, बड़ा बाजार, घंटाघर, फडयाई बाजार, ब्रह्म बाजार, कैथल गेट, मेला ग्राउंड होती हुई रघुनाथ आश्रम पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान शिवांक, यश, सत्यम, प्रिंकेश, पराग, रचित, चंद्रगोपाल, अनमोल, अभिषेक, मनिक, अजय, अमन, यश, हर्षित, चिराग, शिवांशु, जतिन, रुद्राक्ष, निमित्त, अस्मित, वंश, शिवांशु, शुभम, रितिक, जतिन, शोभित, अभिनव, हिमांशु एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे ।



### महावीर स्वामी ने दिया था सत्य और अहिंसा का संदेश

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति के तत्वावधान में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती सीता रोड स्थित एक हॉस्पिटल में मनाई गई। जिसमें बताया गया कि उन्होंने समाज के लिए सत्य व अहिंसा का संदेश दिया। कार्यक्रम में कवि माधव मिश्र ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी जी पंचशील सिद्धांत के प्रवर्तक हैं। वह जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ .महेश कुमार गुप्ता ने की व संचालन डॉ .अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ .निशा गुप्ता, डॉ .नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, हिमांशु यादव, विकास यादव, अवधेश कुमार, बंटू बघेल, अफजल खां, लोकेश यादव, ज्योति मौर्य, किशनपाल मौर्य आदि मौजूद रहे।





### पांडवों ने की थी धर्म की स्थापना

**संभल/चंदौसी। अमृत विचार :** नगर के गणेश कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ओमप्रकाश महाराज ने पांडव चरित्र का वर्णन किया गया। कहा कि पांडवों ने कौरवों को हराकर धर्म की स्थापना की थी। उन्होंने पांडव विशेषकर युधिष्ठिर हमेशा धर्म के मार्ग पर चलने वाले थे भले ही उन्हें इसके लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वीरता और साहस वे न केवल वीर योद्धा थे, बल्कि उन्होंने कुरुक्षेत्र युद्ध में अपनी वीरता का लोहा मनवाया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन ने राइजिंग स्टार को हराया

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** क्रीड़ा भारती के तत्वाधान में आयोजित टीचर प्रीमियर के तीसरे चौथा मैच सेठ कासिम ग्राउंड सम्भल के मैदान पर खेला गया। जिसमें एडमिस्ट्रेशन इलेवन ने राइजिंग स्टार को 68 रनों से हरा दिया । मंगलवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए एडमिस्ट्रेशन इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में 183 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइजिंग स्टार टीम 18 .5 ओवर में 115 रन पर ऑल आउट हो गई। मैच की अंपायरिंग कुश रावत व माथुर ने की, स्कोरिंग अभिषेक राठौर ने की। मैच में क्रीड़ा भारती के पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष अनिल कपूर, डॉ गौरव मिश्रा, प्रफुल्ल गुप्ता, अशोक पाठक, संजीव सिंह, भूदेव शंखधार, खुशाल सिंह, अमित कुमार आदि रहे।



# नियम विरुद्ध दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कई बार हादसे होने के बाद भी यातायात पुलिस नहीं दे रही ध्यान

**अमृत विचार :** जनपद में यातायात पुलिस की लापरवाही एक बार फिर चर्चा में है। हाईवे और मुख्य सड़कों पर ओवरलोड सवारी भरकर दौड़ रहे टेंपो बिना रोक-टोक गुजर रहे हैं, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों ने यातायात पुलिस पर आरोप लगाया है कि यातायात पुलिस के सामने से ही ओवरलोड टेंपो निकलते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं की जाती। हाल ही में चंदौसी-बबराला नेशनल हाईवे पर थाना धनारी क्षेत्र में ओवरलोड टेंपो की टक्कर में छह लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है, इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। आरोप यह भी है कि टेंपो चालक नियमित रूप से हाजिरी लगाकर बे रोक-टोक संचालन करते हैं, जिससे उन्हें कार्रवाई से बचाव मिल जाता है। वहीं रोडवेज बस स्टैंड और प्रमुख चौराहों पर डग्गामार बसें खुलेआम सवारियां भरती नजर आती हैं। जबकि संभल चंदौसी बहजोई और बबराला के पुलिस बूथ के सामने ही यह गतिविधियां होने के बावजूद जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं। डग्गामार वाहनों के संचालन से न केवल यात्रियों की जान जोखिम में पड़ती है, बल्कि सरकार को भी राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है।


बहजोई रेलवे क्रोसिंग पर फंसा ओवर लोड ट्रक। ● अमृत विचार

> संभल में जगह जगह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। डग्गामार और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ पुलिस निरंतर कार्रवाई कर रही है।
> – **कुलदीप सिंह**, एएसपी जिला संभल।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ता के लिए हैं फायदेमंद

कार्यालय संवाददाता संभल/चंदौसी

- शिकायत मिलने पर दिया जाएगा चेक मीटर

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता नीरज गर्ग ने प्रेसवार्ता में बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद हैं। उपभोक्ता इसके संबंध में फैलाई जा रही भ्रांतियों में न आएं।

उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर में मापन तकनीकी में किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया गया, केवल स्वतः बिल बनने की तकनीक डाटा का एकीकरण बढाया गया है। यदि किसी उपभोक्ता को ऐसा एहसास होता है कि स्मार्ट मीटर तेज चल रहा है, तो आवेदन के उपरांत चेक मीटर लगवा कर समस्या का निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट प्री-पेड मीटर उपभोक्ता द्वारा पूर्व में जमा सिक्योरिटी धनराशि को उनके बकाये मे समायोजित किया जाएगा। प्री-पेड में परिवर्तन के बाद उपभोक्ताओं को निर्धारित विद्युत दरों पर दो प्रतिशत की छूट मिलती है । जिसका विवरण एप पर उपलब्ध है। बिजली कटने के बाद, रिचार्ज करने के दो घंटे के भीतर आपूर्ति बहाल हो जाती है। यदि दो घंटे के भीतर विद्युत आपूर्ति बहाल नही होती है, तो 1912 पर कॉल करे। साथ ही जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9193300411 पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है । प्रेस कॉन्फ्रेन्स में दिनेश कुमार अधिशासी अभियंता चन्दौसी, अजय कुमार शुक्ला, अधिशासी अभियंता बबराला, रघुनाथ मित्तल, अधिशासी अभियंता सम्भल आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ओबरा डी व अनपरा ई का ज्वाइंट वेंचर खत्म करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ओबरा डी और अनपरा ई ताप विद्युत परियोजनाओं को ज्वाइंट वेंचर से हटाकर राज्य उत्पादन निगम को सौंपने की मांग की है। समिति का कहना है कि एनटीपीसी लिमिटेड के साथ फरवरी 2023 में हुए एमओयू के बावजूद तीन वर्ष में भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, जो गंभीर चिंता का विषय है। समिति के अनुसार, एनटीपीसी की प्राथमिकता अब ग्रीन और न्यूक्लियर ऊर्जा परियोजनाओं पर केंद्रित है, जबकि इन ताप परियोजनाओं की अनदेखी हो रही है। साथ ही, नार्थन कोलफील्ड्स लिमिटेड से कोल पिटहेड लिंकेज न मिलने के कारण परियोजनाएं व्यावसायिक रूप से भी कमजोर हो गई हैं। इधर पावर कॉरपोरेशन द्वारा पहली अप्रैल से संभावित निलंबन कार्रवाई के विरोध में बिजली कर्मियों ने जनसंपर्क अभियान चलाया और सामूहिक सत्याग्रह की चेतावनी दी है।

### अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में जुटे वैश्विक प्रतिनिधि


**अमृत विचार, लखनऊ/कुशीनगर :** कुशीनगर की पावन धरती से विश्व शांति का संदेश देने वाला अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 2026 मंगलवार से शुरू हो गया। 2 अप्रैल तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, संत, विद्वान, नीति-निर्माता और युवा एक मंच पर एकत्र हुए हैं। इस अवसर पर 'बुद्धा लाइफ गैलरी' का भी उद्घाटन किया गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस सम्मेलन को वैश्विक स्तर पर संवाद और समझ को मजबूत करने की महत्वपूर्ण पहल बताया। सम्मेलन के पहले दिन 'धम्म, संवाद और विकास' विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें दक्षिण कोरिया, लाओस, जापान और भारत के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### अग्निवीर भर्ती रैली आज से, तैयारी पूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेना के मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में पहली अप्रैल से आगरा कैंट स्थित एकलव्य स्पोर्ट स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली होगी। रैली में प्रदेश के 12 जिलों के ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण करने वाले 19 हजार अभ्यर्थी दमखम दिखाएंगे। अभ्यर्थियों के बीच शारीरिक, चिकित्सीय एवं दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया कराई जाएगी। सेना के साथ जिला प्रशासन ने व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए टेंट, कूलर, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, यातायात नियंत्रण, कानून-व्यवस्था के प्रबंध किए हैं। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र के अनुसार निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे। आवश्यक दस्तावेज साथ लाएंगे। सेना ने दलालों से सावधान रहने की सलाह दी है।

### रुपये और भाजपा की छवि में गिरावट की होड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा



सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश में रुपये और भाजपा की छवि के बीच "गिरावट की होड़" चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे-जैसे भाजपा नेताओं के कांड, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का खुलासा हो रहा है, वैसे-वैसे पार्टी की छवि लगातार गिरती जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों के मामलों में खुलासे तो हो रहे हैं, लेकिन नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे नहीं दिए जा रहे।

# आर्मी ऑफिसर बनकर ठगी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसटीएफ की वाराणसी यूनिट ने दबोचा



आरोपी धर्मेंद्र

**अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ और वाराणसी के भेलूपुर पुलिस की टीम ने फर्जी आर्मी ऑफिसर बनकर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 15 लाख रुपये से अधिक की ठगी की। आरोपी के पास से टीम ने दो मोबाइल, दो आईडी कार्ड मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस, तीन पैन कार्ड, तीन आधार कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस, तीन डेबिट कार्ड, दो अंक पत्र, एक शैक्षिक प्रमाण पत्र बरामद किया है।

एसटीएफ के एएसपी विनोद कुमार सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी धर्मेंद्र कुमार पांडेय चंदौली के अलीनगर स्थित कैली गांव का रहने वाला है। आरोपी को भेलूपुर थाना क्षेत्र के विभूति इन्क्लेव अपार्टमेंट के पास से रविवार देर रात पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि आरोपी खुद को कर्नल बताकर बेरोजगार युवकों को सेना, रेलवे, शिक्षा विभाग और अर्द्धसैनिक बलों में नौकरी दिलाने का झांसा देता था। वह फर्जी पहचान पत्र दिखाकर लोगों का विश्वास जीतता और उनसे मोटी रकम वसूलता था। ठगी की रकम को छिपाने के लिए उसने अलग-अलग नामों और दस्तावेजों से कई बैंक खाते भी खुलवा रखे थे। आर्मी से मिले इनपुट के आधार पर सक्रिय हुई एसटीएफ ने छानबीन शुरू की। खुद को सेना में कमांडिंग अफसर बताते हुए धर्मेंद्र ने सेना, रेलवे और शिक्षा विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की। आरोपी के खिलाफ भेलूपुर थाने में एफआईआर दर्ज है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया है।

# हर जिले में तैनात होंगे 'मुख्यमंत्री फेलो': योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आर्थिक विशेषज्ञ और डेटा विश्लेषक मिलकर तैयार करेंगे जिलावार रणनीति

**अमृत विचार:** प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक जनपद में 'मुख्यमंत्री फेलो' की तैनाती के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विकास को साक्ष्य-आधारित और परिणामोन्मुख बनाया जाना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिला ओटीडी (वन ट्रिलियन डॉलर) सेल की आर्थिक और डेटा विश्लेषण क्षमता को मजबूत किया जाए। इसके तहत हर जिले में दो विशेषज्ञ-एक आर्थिक विकास विशेषज्ञ और एक डेटा विश्लेषक को 'ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो' के रूप में नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये विशेषज्ञ स्थानीय संसाधनों, निवेश के अवसरों और आर्थिक संभावनाओं का वैज्ञानिक विश्लेषण करेंगे। साथ ही जनपद-आधारित विकास रणनीति तैयार कर जिला ओटीडी सेल को मजबूत बनाएंगे, जिससे योजनाएं अधिक प्रभावी और लक्षित होंगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि फेलो द्वारा किए गए कार्यों की मासिक प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन डैशबोर्ड पर अपलोड की जाए। इसके अलावा प्रमुख सचिव और सचिव स्तर पर त्रैमासिक समीक्षा एवं प्रस्तुतीकरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपदों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सुझावात्मक रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभागों को भेजी जाए और नियमित बैठकों में डेटा आधारित विश्लेषण प्रस्तुत किया जाए। इससे विकास की प्रवृत्तियों की निगरानी आसान होगी और नीतिगत निर्णय अधिक सटीक बनेंगे। फेलो के चयन मानदंडों पर भी चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने उच्च शैक्षणिक योग्यता और तकनीकी दक्षता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से जिला स्तर पर डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली मजबूत होगी।

**योजना की खास बातें**

- हर जिले में दो विशेषज्ञों की तैनाती
- आर्थिक विकास और डेटा विश्लेषण पर फोकस
- स्थानीय संसाधनों का साक्ष्य-आधारित अध्ययन
- मासिक रिपोर्टिंग और ऑनलाइन मॉनिटरिंग
- निवेश, रोजगार और विकास को गति देने का लक्ष्य
- डेटा-आधारित नीति निर्माण को मिलेगा बल



# वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में खुला खजाना, कई परियोजनाएं मंजूर

## वित्त विभाग के निर्देश दरकिनार, अरबों रुपये के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- मुख्यमंत्री की नाराजगी के बावजूद अंतिम दिनों में तेज रहा धनावंटन



**अमृत विचार:** प्रदेश में वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में वित्तीय अनुशासन की अनदेखी साफ नजर आई। वित्त विभाग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद विभिन्न विभागों ने अंतिम समय में अरबों रुपये के विकास कार्यों और परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस प्रवृत्ति पर नाराजगी जताने के बावजूद धन आवंटन की रफ्तार पर कोई खास असर नहीं पड़ा।

पिछले पांच कार्य दिवसों में शासन स्तर पर जारी आदेशों में वित्तीय वर्ष 2025-26 की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृतियां ही प्रमुख रहीं। लोकनिर्माण विभाग पहले से ही अंतिम समय में बजट खर्च करने के लिए चर्चित रहा है, लेकिन इस बार नगर नियोजन, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, कारागार, संस्कृति, चिकित्सा शिक्षा, न्याय, आईटी और उद्योग समेत दर्जनों विभाग इस दौड़ में शामिल दिखे। मंगलवार को देर शाम तक ऐसे शासनादेश जारी होते रहे और लंबित प्रस्तावों को तेजी से मंजूरी दी गई। इनमें सड़क निर्माण, भवन परियोजनाएं और अन्य विकास कार्य प्रमुख रहे। शीर्ष अधिकारियों का मानना है कि वर्ष भर योजनाओं के समय पर तैयार न होने के कारण अंतिम दिनों में एक साथ प्रस्ताव भेजे गए, जिससे यह स्थिति बनी।

हालांकि वित्त विभाग ने पहले ही निर्देश दिए थे कि वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में बड़े पैमाने पर धन आवंटन से बचा जाए, ताकि अनियोजित खर्च और गुणवत्ता में कमी न हो। बावजूद इसके, विभागों ने निर्देशों की अनदेखी करते हुए फाइलों को तेजी से निपटाया। हाल ही में समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस प्रवृत्ति पर असंतोष जताया था। उन्होंने कहा था कि अंतिम दिनों में अत्यधिक धन आवंटन से पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होती हैं और विभागों को पूरे वर्ष योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की जल्दबाजी से परियोजनाओं की गुणवत्ता पर असर पड़ता है और भ्रष्टाचार या अनियमितताओं की आशंका भी बढ़ जाती है, जिससे वित्तीय प्रबंधन पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं।

**क्या कहते हैं नियम**

- अंतिम तिमाही में खर्च नियंत्रित रखना जरूरी
- आखिरी दिनों में बड़े आवंटन से बचने के निर्देश
- योजनाओं का क्रियान्वयन पूरे वर्ष संतुलित तरीके से हो
- गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखना प्राथमिकता

### बैंक कर्मी करते रहे ऑडिट, कल से लेन-देन

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन मंगलवार को बैंक शाखाएं आम ग्राहकों के लिए बंद रहीं और कर्मचारी पूरे दिन वार्षिक ऑडिट कार्य में व्यस्त रहे। खातों का मिलान, बैलेंस शीट तैयार करने और लेनदेन का अंतिम सत्यापन किया गया। इस दौरान केवल आंतरिक कार्य किए गए। बैंक अधिकारियों के अनुसार, यह प्रक्रिया नए वित्तीय वर्ष की सुचारु शुरुआत के लिए जरूरी है। अब बैंक 2 अप्रैल को सामान्य रूप से खुलेंगे और नियमित कामकाज शुरू होगा।

# रेलवे और बस स्टेशनों पर भी 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट की गई सक्रिय

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिला कल्याण विभाग की 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से अब तक प्रदेश में 2.31 लाख से अधिक जरूरतमंद बच्चों को सहायता प्रदान की जा चुकी है। प्रदेश सरकार ने इस सेवा का विस्तार करते हुए इसे रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक भी पहुंचा दिया है।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा के अनुसार, प्रदेश के प्रत्येक जिले में हेल्पलाइन यूनिट सक्रिय रूप से संचालित है, जो संकट में फंसे बच्चों तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित करती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही 77 हजार से अधिक बच्चों को इस सेवा के माध्यम से मदद मिली है। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर अक्सर भटकने वाले या जोखिम में पड़े बच्चों की पहचान और सहायता के लिए विशेष यूनिट तैनात की गई हैं। राज्य स्तर पर एक कंट्रोल रूम के साथ-साथ सभी जनपदों में हेल्पलाइन यूनिट, 28 रेलवे स्टेशन यूनिट और 11 बस स्टैंड यूनिट सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

इस हेल्पलाइन सेवा की खासियत इसकी त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली है। किसी भी आपात कॉल के प्राप्त होते ही संबंधित टीम 60 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर बच्चों को सुरक्षित निकालती है।



लखनऊ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान बसपा प्रमुख मायावती। अमृत विचार

# जनहित की अनदेखी कर रही सरकार बहुजन हितैषी विकास ही समाधान

## यूपी स्टेट व जिला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मायावती ने की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संगठन की मजबूती, जनाधार विस्तार और आगामी चुनाव की तैयारियों पर दिया जोर

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को यूपी स्टेट व जिला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती, जनाधार विस्तार और आगामी चुनावी तैयारियों पर जोर दिया। मायावती ने कहा कि देश और जनहित के प्रति सरकार की उदासीनता के कारण आम जनता में निराशा बढ़ी है और लोग अब बीएसपी से उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। ऐसे में पार्टी को जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ काम करना होगा।

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बैठक में पार्टी के पिछले दिशा-निर्देशों पर अमल की समीक्षा करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं को और अधिक सक्रियता, निष्ठा और मेहनत के साथ काम करने का निर्देश दिया। सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकांश मामलों में केवल वादों और जुमलों के जरिए लोगों की समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जा रहा है, जो बेहद दुखद है।

उन्होंने प्राइवेट सेक्टर पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि इससे देश की आत्मनिर्भरता प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विकास का लाभ केवल कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित रह गया है। इसलिए देश और प्रदेश में बहुजन हितैषी विकास मॉडल को अपनाना बेहद जरूरी है।

चुनावी तैयारियों को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि पार्टी प्रत्याशियों के चयन में सर्वसमाज का संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को किसी भी हालत में टिकट न दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को मिशनरी भावना के साथ मनाने के निर्देश दिए।

# 50 हजार का इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

- एसटीएफ ने प्रयागराज से दबोचा भेजा जेल


**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट की टीम ने प्रतापगढ़ में गोहत्या और पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे 50 हजार के इनामी आरोपी को रविवार देर रात गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हैं। उसे प्रतापगढ़ के देल्हूपुर थाने में दर्ज मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेष प्रताप सिंह के मुताबिक, प्रयागराज के शिवकुटी स्थित तेलियरगंज चौराहे गिरफ्तार आरोपी मो. इब्राहिम प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अहमदपुर असरौली हटवा गांव का रहने वाला है। वह प्रतापगढ़ के देल्हूपुर थाने में दर्ज मामले में फरार चल रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जनवरी 2026 में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रतापगढ़ के बरसण्डा गांव से गोवंश की चोरी की थी। इसके बाद सिर काटकर नदी में फेंक दिया गया और मांस बेचने के लिए बाकी हिस्सा ले गए थे। पुलिस ने प्रतापगढ़ के देल्हूपुर थाने में दर्ज मामले में कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।

# अलीगढ़ में बनेगा पहला 'लॉक म्यूजियम'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ताला उद्योग का सालाना कारोबार 10 हजार करोड़ के पार जाने का अनुमान
- शोध और तकनीकी विकास का बनेगा केंद्र




**अमृत वितार:** प्रदेश के अलीगढ़ का ऐतिहासिक ताला उद्योग अब वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यहां देश का पहला 'लॉक म्यूजियम' स्थापित किया जाएगा। इस पहल से न केवल इस पारंपरिक उद्योग को संरक्षित किया जाएगा, बल्कि इसे आधुनिक तकनीक और नवाचार से भी जोड़ा जाएगा। इस परियोजना के साथ ताला उद्योग का सालाना कारोबार 10 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

अलीगढ़ की भौगोलिक स्थिति भी इस परियोजना को खास बनाती है, क्योंकि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से महज 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होने के कारण यहां अमेरिका और यूरोप से बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक पहुंच सकेंगे।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के अनुसार, यह म्यूजियम केवल प्रदर्शनी स्थल नहीं होगा, बल्कि एक समग्र औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पारंपरिक हस्तनिर्मित तालों से लेकर आधुनिक हाई-टेक सुरक्षा प्रणालियों तक के विकास को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे नई पीढ़ी इस उद्योग की विरासत और तकनीकी यात्रा को समझ सकेगी।

म्यूजियम में प्रशिक्षण, शोध और तकनीकी विकास से जुड़े कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। साथ ही कारीगरों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उनकी उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। ताला बनाने वाली एमएसएमई इकाइयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

# मेरठ में पांच बिजली अफसर निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने पर कार्रवाई

**अमृत विचार:** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने मेरठ में लगातार ट्रांसफार्मर फेल होने और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच बिजली अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने उद्योगपुरम और सोफीपुर में क्षतिग्रस्त पावर ट्रांसफार्मरों के लिए अधिशासी अभियंता वीके सिंह के साथ सहायक अभियंता विशाल सिंह व विद्यासागर और अवर अभियंता सतीश चंद्र चौधरी व अनुराग प्रताप सिंह निलंबित किया है। इसके अलावा मामले में लापरवाही को लेकर चीफ इंजीनियर मुनीश चोपड़ा और अधीक्षण अभियंता अरशद से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। यह कार्रवाई पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल के हस्तक्षेप के बाद की गई, जिन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रिपोर्ट तलब की थी। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, पूरे मामले की विस्तृत जांच भी कराई जा रही है।

**उपलब्धि** 70 वर्ष में लगे थे 14 हजार कारखाने, वहीं बीते 9 वर्ष में 17,841 हुए पंजीकृत

# उद्योगों की बदली तस्वीर, पश्चिमी यूपी बना ग्रोथ इंजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पश्चिमी यूपी में सबसे ज्यादा 10,895 फैक्ट्रियां, 16.53 लाख लोगों को मिला रोजगार

**अमृत विचार:** प्रदेश में औद्योगिक विकास को लेकर '70 साल बनाम 9 साल' की तस्वीर तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था का संकेत दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 17,841 नए कारखाने पंजीकृत हुए हैं, जबकि आजादी के बाद 70 वर्षों में केवल 14,178 कारखाने ही पंजीकृत हो सके थे।

प्रदेश में वर्तमान में कुल पंजीकृत कारखानों की संख्या 32,019 तक पहुंच चुकी है। इनमें सबसे अधिक 10,895 कारखाने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थापित हुए हैं, जिससे यह क्षेत्र औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बन गया है। सरकार की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीति, सिंगल विंडो सिस्टम, ऑनलाइन क्लीयरेंस और बेहतर कानून-व्यवस्था के चलते निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। सितंबर 2023 से अब तक 10,194 कारखानों का पंजीकरण और चालू वित्तीय वर्ष में 4,746 नए कारखानों का जुड़ना इस रफ्तार को दर्शाता है।

इन कारखानों में 16,53,179 लोगों को रोजगार मिला है, जिनमें 1,23,272 महिलाएं भी शामिल हैं। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी प्रदेश में सामाजिक-आर्थिक बदलाव का संकेत दे रही है। मध्य उत्तर प्रदेश में 3,526, पूर्वांचल में 3,205 और बुंदेलखंड में 215 कारखाने स्थापित हुए हैं, जिससे क्षेत्रीय संतुलन के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। प्रदेश में छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों का संतुलित विकास हुआ है। 14,412 छोटे, 3,213 मध्यम और 118 बड़े कारखाने प्रदेश की औद्योगिक संरचना को मजबूती दे रहे हैं।

### 1.31 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा निर्यात

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निर्यात के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर तक प्रदेश का निर्यात 1,31,328 करोड़ तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 1,18,223.91 करोड़ की तुलना में 11.08 प्रतिशत अधिक है।

वर्ष 2016-17 में जहां प्रदेश का निर्यात 86 हजार करोड़ था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 1.86 लाख करोड़ तक पहुंच गया। मौजूदा रफ्तार को देखते हुए इस वर्ष नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है। सरकार की उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन नीतियों, बेहतर कानून-व्यवस्था, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश अनुकूल माहौल ने प्रदेश को निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। 'लोकल टू ग्लोबल' की अवधारणा के तहत प्रदेश के उत्पाद अब वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

आईटी और आईटीईएस सेक्टर में भी उल्लेखनीय उछाल देखा गया है। वर्ष 2015 में जहां इस क्षेत्र का निर्यात 15 हजार करोड़ था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 82 हजार करोड़ से अधिक हो गया है। प्रदेश के 77 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है, जबकि 152 अन्य उत्पाद प्रक्रिया में हैं। इससे पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक बाजार में नई पहचान मिल रही है।

# यूपी-एमपी के बीच हुए कई समझौते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- काशी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन में व्यापार, पर्यटन और उद्योग को नई दिशा
- काशी विश्वनाथ धाम-महाकाल कॉरिडोर सहयोग से धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**अमृत विचार:** वाराणसी में आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 ने मंगलवार को व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने की मजबूत पहल की है। सम्मेलन में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच काशी विश्वनाथ धाम-महाकाल कॉरिडोर सहयोग समेत कई महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनका उद्देश्य आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक सहयोग को बढ़ाना है।

सम्मेलन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि रहे, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, नंद गोपाल गुप्ता और रवीन्द्र जायसवाल उपस्थित रहे। सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल कॉरिडोर के बीच सहयोग को लेकर हुआ समझौता रहा। इसके तहत काशी में विकसित सफल प्रबंधन प्रणाली को उज्जैन में लागू किया जाएगा, जिससे धार्मिक पर्यटन को और मजबूती मिलेगी।

सम्मेलन में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और जीआई टैग के माध्यम से कारीगरों को वैश्विक मंच देने पर विशेष जोर दिया गया। दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

सम्मेलन में औद्योगिक नीति, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-कॉमर्स के जरिए 'लोकल टू ग्लोबल' मॉडल को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

सम्मेलन में पर्यटन, उद्योग, ऊर्जा और कृषि क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना, सौर ऊर्जा परियोजना और टेक्सटाइल सेक्टर में संयुक्त पहल जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।



जीवन के प्रति निराशा के बिना जीवन के प्रति प्रेम संभव नहीं है।
-अल्बेयर कामू, फ्रांसीसी दार्शनिक

## सफाए के बाद सवाल

गृहमंत्री अमित शाह ने देश को नक्सलियों से मुक्त होने के घोषणा कर दी। 24 अगस्त 2024 को उन्होंने प्रण लिया था कि 31 मार्च तक वे देश से नक्सल समस्या का खात्मा कर देंगे और उसके एक दिन पहले लोकसभा में यह घोषणा की। निःसंदेह देश में अब भी दो प्रमुख नक्सली कमांडर, कुछ एरिया कमेटियां और चंद नक्सली बाकी हैं। जल्द ही इनकी भी गिरफ्तारी, समर्पण अथवा खात्मा होने के बाद आधिकारिक तौर पर यह कहा जा सकता है कि दुनिया का सबसे लंबे समय से चल रहा माओवादी उग्रवाद का अवसान हो चुका है।

निश्चित तौर पर छह दशक से चल रही, इस समस्या के निवारण का श्रेय केंद्रीय गृहमंत्री को जाता है, जिनकी नीति अनुसार सुरक्षाबलों, जंगलों में गुरिल्ला लड़ाई के लिए विशेष प्रशिक्षित बलों, राज्य की पुलिस इकाइयों ने मिलकर उस काम को अंजाम दिया, जो कुछ ही बरस पहले तकरीबन असंभव माना जा रहा था। 2019 से 2026 के बीच 7049 नक्सली गिरफ्तार किए गए और 5880 ने आत्म समर्पण किया। गृहमंत्री के प्रण के बाद तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर 23 मई 2025 को 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान कई हार्डकोर नक्सलियों की मौत ने उनकी कमर तोड़ दी। इसी साल कई कमांडरों के साथ 317 नक्सली मारे गए, 800 पकड़े और 2300 ने सरेंडर किया। सुरक्षा बलों ने 2024 के बाद से 748 गुरिल्लों को मार कर कीर्तिमान बनाया। इन सबके चलते बीते महीने तक, माओवादी गतिविधियों वाले जिलों की संख्या 800 से घटकर केवल सात रह गई। इस बरस के पहले तीन महीनों में ही तकरीबन 700 नक्सलवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे। सरकार के प्रलोभन और प्रताड़ना, पुचकारने और फटकारने वाली नीति भी सफल रही। उसने पिछड़े जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बैंकिंग और मोबाइल कनेक्टिविटी मिशन चलाया। सख्ती बढ़ाने के साथ नक्सलियों के लिए सरेंडर और रिहैबिलिटेशन पॉलिसी, नकद प्रोत्साहन का लालच, नौकरी, कौशल प्रशिक्षण की बात की और समझा दिया कि अन्याय का समाधान संविधान में है, हथियार में नहीं। इन सबका फलितार्थ आज सामने है और नक्सलवाद की बस चंद सांसें ही बची हैं।

इस समाधान के पश्चात भी कुछ सवाल शेष हैं। क्या 'जंगल राज' के अंत के बाद आदिवासी क्षेत्रों में 'न्याय का राज' स्थापित होगा, या उसकी जगह 'खनन राज' ले लेगा? देश के लगभग 40 प्रतिशत खनिज भंडार आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्थित हैं और स्वतंत्रता के बाद विकास परियोजनाओं के नाम पर करोड़ों लोगों के विस्थापन का इतिहास हमारे सामने है, जिनमें बड़ी संख्या आदिवासियों की ही है। नक्सलवाद के खात्मे के बाद इन क्षेत्रों में केवल सड़कें, खदानें और उद्योग ही दिखाई दें और सामाजिक न्याय, स्थानीय भागीदारी न आए, तो इस शांति के स्थायित्व पर शंका बनी रहेगी। यदि विकास आदिवासियों की सहमति और भागीदारी के बिना थोपा गया, तो यह असंतोष को जन्म दे सकता है और बेशक उपेक्षा और अन्याय विद्रोह की जमीन तैयार करते हैं। नक्सल विचारधारा से सहानुभूति रखने वाले ग्रामीण और आदिवासी अभी मौजूद हैं, इसलिए नक्सलवाद भले मरे पर विचारधारा जिंदा रही, तो वह फिर हिंसक या अहिंसक रूप सामने आ सकती है।

### प्रसंगवश

## अमेरिकी लेखिका कैथरीन को जवाब थी 'मदर इंडिया'

1957 में रिलीज हुई महबूब खान निर्देशित कालजयी हिट फिल्म मदर इंडिया एक ऐसी ग्रामीण भारतीय नारी की कहानी थी, जो गरीबी, शोषण और संघर्ष से जूझते, अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंत में अपने विद्रोही बेटे बिरजू को मार देती है। यह फिल्म 1940 में महबूब खान द्वारा ही बनाई गई फिल्म 'औरत' का रीमेक थी। यह एक ऐसी फिल्म थी, जिसने सामाजिक मुद्दों, जमींदारी और मातृत्व के चित्रण को दर्शकों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

यह फिल्म अमेरिकी लेखिका कैथरीन मायो की 1927 में छपी विवादास्पद पुस्तक 'मदर इंडिया' का जवाब थी, जिसमें भारतीय समाज व संस्कृति को गलत ढंग से पेश किया गया था। पुस्तक में भारतीय महिलाओं की दुर्दशा, अछूतों के प्रति भेदभाव और राजनेताओं पर हमला किया गया था। महबूब खान को फिल्म बनाने और उसके शीर्षक का ख्याल 1952 में आया था। खान ने फिल्म बनाकर भारतीय महिलाओं की ताकत को पुरजोर ढंग से दिखाने का प्रयास किया था।



दीपक नौगांई
लेखक

फिल्म में राधा का मुख्य किरदार नरगिस द्वारा निभाया गया था। यह एक ऐसा किरदार था, जो आज भी उनके जीवंत अभिनय के लिए याद किया जाता है। नरगिस महबूब खान की 1943 में बनी फिल्म तकदीर में काम कर चुकी थीं। उस समय हिंदी फिल्मों में नरगिस बहुत लोकप्रिय थीं। मदर इंडिया का रोल नरगिस के लिए बहुत अहम था। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'जब मुझे मदर इंडिया का रोल दिया गया, तब मुझे लगा कि एक कलाकार होने के नाते मैंने जो उम्मीदें लगा रखी हैं, आखिर उनके पूरे होने का वक्त आ गया।' इस फिल्म में उनके बेटे की भूमिका सुनील दत्त (बिरजू) तथा राजेंद्र कुमार (रामू) ने निभाई थी। अभिनेता राजकुमार ने फिल्म में नरगिस के पति की तथा कन्हैयालाल ने जमींदार सूखीलाल का अभिनय किया था। फिल्म का बजट 25 लाख रखा गया था, जो बाद में बढ़कर 60 लाख हो गया। फिल्म बनाने में पूरे तीन साल लगे थे और लगभग 100 दिनों में शूटिंग हुई थी। फिल्म में मदर इंडिया की भूमिका निभाने वाली नरगिस एक्टर सुनील दत्त और राजेंद्र कुमार की हमउम्र थीं। इस फिल्म के सेट पर ही नरगिस और सुनील दत्त के बीच प्यार परवान चढ़ा था। कहते हैं, आग के एक दृश्य की शूटिंग के दौरान नरगिस आग में फंस गईं थीं, तब सुनील दत्त ने उन्हें आग से निकाला था। इसी दौरान वे करीब आए और बाद में उन्होंने शादी कर ली। 1958 में मदर इंडिया को तीसरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया था। यह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी और जिसने बेस्ट फिल्म और बेस्ट एक्ट्रेस सहित कई फिल्म फेयर पुरस्कार जीते। फिल्म भारत की ओर से प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार के लिए नामित होने वाली पहली फिल्म थी।

फिल्म के गीत बहुत लोकप्रिय हुए थे। शकील बदायूंनी के लिखे गीतों को नौशाद ने सुरों में बांधा था। नौशाद के संगीत की खूबी यह थी कि वे अपनी धुनों में लोक संगीत को बड़ी कुशलता से इस्तेमाल करते थे। फिल्म में कुल 12 गाने थे, जिनमें 'दुनिया में हम आए हैं', 'दुख भरे दिन बीते रे भैया', तथा 'होली आई रे कन्हाई' बहुत चर्चित रहे थे। फिल्म के ज्यादातर गीत शमशाद बेगम, मोहम्मद रफ़ी और मन्ना डे से गंवाए गए, जबकि नरगिस पर फिल्माए गीतों को लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज दी। फिल्म का छायांकन फरदून ए ईरानी ने किया था, जिनके साथ महबूब पहले भी फिल्म बना चुके थे। फिल्म में फरदून का छायांकन इतना बेहतर था कि गांव-देहात के दृश्य बड़े जीवंत होकर उभरते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# युद्धः ताकत, रणनीति और जिद के बीच फंसी दुनिया





राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

मध्य-पूर्व एक बार फिर उस उबाल पर है, जहां हर मिसाइल सिर्फ सीमाओं को नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और आने वाले समय की दिशा को प्रभावित कर रही है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहा यह संघर्ष पारंपरिक युद्ध से कहीं ज्यादा जटिल है। यह एक ऐसी लड़ाई है, जिसमें हर पक्ष जीत को अलग तरीके से परिभाषित कर रहा है। कोई वर्चस्व चाहता है, कोई सुरक्षा और कोई सिर्फ अपने अस्तित्व को बचाए रखना।

इस संघर्ष की पृष्ठभूमि दशकों पुरानी है। 1979 की ईरानी क्रांति के बाद से अमेरिका और ईरान के रिश्तों में अविश्वास स्थायी हो गया। इजराइल के लिए ईरान हमेशा एक संभावित खतरा रहा, खासकर उसके परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल क्षमता के कारण। समय के साथ ईरान ने अपने प्रभाव का विस्तार लेबनान, सीरिया, यमन और गाजा तक किया, जिससे यह टकराव केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र में फैल गया। आज की स्थिति उसी लंबे तनाव का परिणाम है, जहां हर पक्ष, दूसरे को सीमित या कमजोर करना चाहता है।

अमेरिका इस युद्ध में सबसे उलझी हुई स्थिति में दिखता है। उसका घोषित उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना है, लेकिन व्यवहार में उसके लक्ष्य कई परतों में बंटे हुए हैं। कभी वह सिर्फ सैन्य क्षमता घटाने की बात करता है, कभी ईरान की क्षेत्रीय पकड़ खत्म करने की और कभी सीधे सत्ता परिवर्तन की उम्मीद जताता है। यही अस्पष्टता उसकी रणनीति को कमजोर बनाती है। दूसरी तरफ घरेलू दबाव भी कम नहीं है। तेल की बढ़ती कीमतें, महंगा सैन्य अभियान और एक और लंबे मध्य-पूर्वी युद्ध में फंसने का डर। ऐसे में अमेरिका के लिए जीत को परिभाषित करना ही सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

इजराइल इस युद्ध में सबसे स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उसके लिए ईरान की मिसाइल क्षमता और परमाणु कार्यक्रम सीधा अस्तित्व का सवाल है, इसलिए उसकी रणनीति बेहद आक्रामक और सटीक है-मिसाइल ठिकानों को नष्ट करना, कमांड सिस्टम तोड़ना और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के नेटवर्क को कमजोर करना। इजराइल सिर्फ तत्काल नुकसान पहुंचाना नहीं चाहता, बल्कि वह एक दीर्घकालिक डिटरेंस यानी ऐसा डर कि ईरान भविष्य में दोबारा ऐसी ताकत खड़ी करने से पहले कई बार सोचे, बनाना चाहता है, इसीलिए वह युद्ध को जल्दी खत्म करने के बजाय अपनी शर्तों पर समाप्त करना चाहता है।

ईरान इस संघर्ष को अलग नजरिए से देख रहा है। उसके लिए यह जीत-हार की लड़ाई नहीं, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। वह जानता है कि पारंपरिक युद्ध में वह अमेरिका या इजराइल का मुकाबला नहीं कर सकता, इसलिए उसने अपनी रणनीति को 'असममित युद्ध' पर आधारित किया है। यहीं पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आता है। यह सिर्फ एक सैन्य संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक और रणनीतिक ढांचा है, जिसके पास अपनी थल, वायु और नौसेना, मिसाइल प्रोग्राम, ड्रोन तकनीक और अंतर्राष्ट्रीय प्रॉक्सी नेटवर्क है। आईआरजीसी ने ईरान को एक हाइब्रिड वॉर मशीन में बदल दिया है- जहां ड्रोन, गुरिल्ला रणनीति और प्रॉक्सी समूह मिलकर युद्ध को लंबा और महंगा बनाते हैं। ईरान के लिए यही रणनीति सबसे बड़ी सुरक्षा है। वह जानता है कि अगर वह टिक गया, तो वह इस युद्ध को अपनी जीत के रूप में पेश कर सकता है।

इस युद्ध का सबसे बड़ा असर उन देशों पर पड़ रहा है, जो सीधे इसमें शामिल नहीं हैं। सऊदी अरब, यूएई और कतर जैसे देश लगातार हमलों और अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। उनके लिए सबसे बड़ा खतरा आर्थिक है- तेल आपूर्ति, निवेश और क्षेत्रीय स्थिरता पर असर। होर्मुज़ जलडमरूमध्य इस पूरे संघर्ष का सबसे संवेदनशील बिंदु बन गया है। दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल इसी रास्ते से गुजरता है। अगर यह मार्ग बाधित होता है, तो इसका असर तेल की कीमतों से लेकर सप्लाई चेन तक, पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। यानी यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य नहीं, बल्कि आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर भी लड़ा जा रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा। फिलहाल तीन संभावनाएं दिखती हैं। पहली, अगर किसी तरह का कूटनीतिक समझौता होता है-हालांकि मौजूदा हालात में इसकी संभावना सीमित है। दूसरी, अगर सभी पक्ष युद्ध से थक जाएं और एक अनौपचारिक विराम बन जाए। तीसरी, अगर इजराइल, ईरान की सैन्य क्षमता को काफी हद तक कमजोर कर दे और ईरान सिर्फ टिके रहने को अपनी जीत मान ले, लेकिन सच्चाई यह है कि इस संघर्ष का कोई स्पष्ट और स्थायी अंत नजर नहीं आता। यह युद्ध रुक भी जाए, तो दूसरे रूप में जारी रह सकता है- प्रॉक्सी युद्ध, साइबर हमले या आर्थिक टकराव के रूप में।

ईरान युद्ध को समझने के लिए सिर्फ यह देखना काफी नहीं कि कौन किस पर हमला कर रहा है। असली कहानी यह है कि हर पक्ष क्या हासिल करना चाहता है और किस हद तक जाने को तैयार है। अमेरिका व्यवस्था बदलना चाहता है, इजराइल खतरा खत्म करना चाहता है और ईरान सिर्फ टिके रहना चाहता है। यही तीनों लक्ष्य इस युद्ध को लंबा और जटिल बना रहे हैं। दुनिया इस आग को जल्दी बुझते देखना चाहती है, लेकिन मध्य-पूर्व का इतिहास बताता है- यहां युद्ध खत्म नहीं होते, सिर्फ अपना रूप बदलते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहा यह संघर्ष पारंपरिक युद्ध से कहीं ज्यादा जटिल है। इस युद्ध का सबसे बड़ा असर उन देशों पर भी पड़ रहा है, जो सीधे इसमें शामिल नहीं हैं।

### आमने सामने



आजकल दिल्ली में कोई भी उन पर ध्यान नहीं दे रहा है। कभी-कभी तो मुझे बड़ा तरस आता है। वैसे आप वरिष्ठ नेता हैं, मेरी संवेदनाएं आपके साथ हैं। आपने जैसा किया, वैसा आप भर रहे हैं। यह तो समय है, बड़ा बलवान है। आपने तड़पाया तो तड़पना तो आपको भी पड़ेगा।


-भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान

मुख्यमंत्री को कांग्रेस पार्टी के अंदरूनी मामलों पर अटकलें लगाने के बजाय शासन पर ध्यान देना चाहिए। कौन हमारी बात पर ध्यान दे रहा है या नहीं, यह आपकी चिंता का विषय नहीं है। ये हमारे अंदरूनी मामले हैं। आपको अपनी सरकार से जुड़े सवालों के जवाब देने चाहिए।

-अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



# पश्चिम एशिया युद्ध में एआई का जमकर प्रयोग



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसी सूचनाएं हैं, माइक्रोसॉफ्ट और ओपन एआई सहित प्रमुख अमेरिकी टेक कंपनियों ने इज़राइली सेना को कमर्शियल एआई मॉडल और क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान की हैं। यह ऐसी टेक्नोलॉजी है, जिसने गाज़ा और लेबनान में बमबारी अभियानों को चुपचाप सशक्त बनाया है। सन् 2024 की शुरुआत में, इज़राइली मीडिया में ऐसी रिपोर्टें सामने आई थी, जिनसे अनुमान लगाया गया कि इज़राइल गाज़ा में बमबारी के लक्ष्यों को चुनने में मदद के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहा है। इज़राइल, हमास और हिज़्बुल्लाह के साथ अपने युद्ध में अमेरिकी टेक दिग्गजों के कमर्शियल एआई मॉडलों का इस्तेमाल कर रहा था। बताया गया था कि माइक्रोसॉफ्ट के एज़र प्लेटफ़ॉर्म पर बने अमेरिकी मॉडल इज़राइल के एआई सिस्टम के साथ एकीकृत किए गए थे, जिससे कमर्शियल एआई टेक्नोलॉजी का इजराइली सेना द्वारा इस्तेमाल लगभग 200 गुना बढ़ गया था।

अमेरिकन नेवी और एयरफोर्स ने प्रमुख रूप से एन्थ्रोपिक द्वारा विकसित क्लॉड का उपयोग ईरान और वेनेजुएला में युद्ध अभियानों के समर्थन में रीयल-टाइम टारगेटिंग और प्राथमिकता तय करने के लिए किया है। क्लॉड, मावेन स्मार्ट सिस्टम में एंबेडेड है, जो सेटेलाइट और अन्य खुफिया डेटा से संभावित लक्ष्यों की पहचान करने के लिए एआई एल्गोरिदम का उपयोग करता है, जोकि मिलिट्री कमांड और कंट्रोल के लिए इस्तेमाल होता है। पालांतीर का मावेन स्मार्ट सिस्टम इमेज प्रोसेसिंग और सामरिक सहायता सहित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए एआई का उपयोग करता है, जिससे लक्ष्यों का सुझाव देकर और उन्हें प्राथमिकता देकर हमले की क्षमताओं में तेज़ी आती है।

पश्चिम एशिया में मौजूदा सशस्त्र संघर्ष के दौरान अमेरिका की नेवी और एयरफोर्स ने एआई का जम कर इस्तेमाल किया है। यह अनेक स्तरों पर हुआ है- व्यूह-रचना और हमले की योजना बनाने के लिए, हमलों की कामयाबी परखने के लिए, युद्ध किस दिशा में जाएगा, यह जानने के लिए और कौन से अस्त्र ईरानी ठिकानों पर सटीक निशाना लगा कर उन्हें तबाह कर सकते हैं आदि की सटीकता की जांच करने के लिए और खुद अपने बचाव की रणनीति अपनाने के लिए भी। दूसरी ओर, ईरान ने तेहरान में पिछले दसेक साल में अपना जो विशाल डाटा सेंटर खड़ा किया था, उससे भी ईरानी कमांडरों और नेताओं ने बहुत मदद ली है। इस डाटा और प्रोसेसिंग सेंटर ने दुनियाभर से इनफार्मेशन डाउनलोड करके, ख़ुफ़िया तरीके से या खरीद कर जैसे भी, से प्रोसेस किया होगा, उसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते। मुझे इसका थोड़ा सा अनुमान तीनेक साल पहले लगा था, तब मैं तेहरान के डाटा एंड प्रोसेसिंग सेंटर की क्षमता देखकर हैरान हुआ था। प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने ईरानियों को उसी तरह से बेवकूफ और नालायक समझा था, जैसा सद्दाम हुसैन को, और सोचा था कुवैत और इराक में जो किया वैसा ही रिजल्ट अब मिलेगा। उत्तरी विएतनाम के विएतकॉंग्स ने छापामार युद्ध करके अमेरिका के छक्के छुड़ाए थे। तब प्रीसीजन बम और कंप्यूटर टेक्नोलॉजी का विकास नहीं हुआ था। न ही अमेरिका की चिप बनाने वाली कंपनियां सन् 1980 तक ऐसी चिप बनाने में सक्षम हुईं थीं, जिन्हें मिसाइल गाइडेंस और टारगेट पहचान के लिए इस्तेमाल किया जा सके।

चालू युद्ध में हाई-टेक अमेरिका की हिम्मत नहीं हो रही है। वे मरींस को ईरानी मुख्य भूमि पर उतारें और इन्फेंट्री, आर्टिलरी और आर्मर्ड डिवीज़न को लगा दें। बेशक अमेरिका के पास ईरान और आसपास के इलाके के उच्च गुणवत्ता वाले सेटेलाइट इमेजेज हैं और उन्होंने अपने जासूसी उपग्रहों को ईरान के ऊपर फिक्स कर दिया है, लेकिन युद्ध में असल मायने रखता है, हमला कहां से, कब और कितनी ताकत से होना है, इसकी जानकारी होना। इस युद्ध में छलावा तकनीक भी इस्तेमाल हो रही है। बावजूद इसके कि एआई रिसोर्सेज को अमेरिका ने पूरी तरह झोंक दिया है। वह ईरानी गार्ड्स की युद्ध नीति और मूवमेंट पर पूरी नज़र रखने में अक्षम नज़र आता है। युद्ध के दौरान कम लागत, कम समय में लक्ष्य को प्राप्त करने वाले उपयुक्त फ़ैसले तभी लिए जा सकते हैं, जब जानकारी काफ़ी हो, चाहे ग्राउंड बेस्ड रिसोर्सेज से हों या, रिमोट रिसोर्सेज से। ईरान द्वारा बहरीन में अमेज़न का क्लाउड सेंटर उड़ाना इसी योजना का हिस्सा है। हैरानी की बात है कि लॉजिस्टिक्स की कमी के चलते भी ईरान ने अमेरिका, इजराइल और इनके समर्थक अरब देशों में महत्वपूर्ण इंस्टालेशन और प्रॉपर्टी को ध्वस्त किया है। युद्ध में सटीक सूचनाएं मिलना एक जोखिम वाला काम है, फिर भी कुछ सूचनाएं बाहर आ रही हैं। बहुत सी तो अमेरिकी सूचना तंत्र से हैं, वेस्टर्न यूरोपियन मीडिया प्रतिनिधियों के हवाले से हैं और अंतर्राष्ट्रीय सूचना एजेंसीज के माध्यम से भी। ताक़तवर लोगों के पास हालात को तोड़-मरोड़कर पेश करने की वजहें होती हैं, इसलिए संघर्ष से जुड़ा डाटा देने वाली संस्थाएं ख़बरों, रिपोर्टों, स्थानीय स्रोतों और जानकारियों का विश्लेषण करने के लिए इंसानी कोडर्स का इस्तेमाल करती हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> प्रमुख अमेरिकी टेक कंपनियों ने इज़राइली सेना को कमर्शियल एआई मॉडल और क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान की हैं। इसने बमबारी अभियानों को सशक्त बनाया है।

### सोशल फोरम

## स्त्री के हिस्से की प्रतिक्रियाएं

स्त्रियों के मामले में इस समाज की फ़िक्र और यक़ीन perfect victim औरतों के लिए reserve हैं। इस सड़े समाज में मज़बूत लड़कियों के साथ बुरे से बुरा हो गया, लेकिन पहला सवाल उसकी मजबूती पर हुआ, फिर एक बड़े तबके ने उन पर यक़ीन करने से इंकार किया, फिर एक तबके ने उन्हें नीचा दिखाना, उनकी बेइज्जती करना, उनकी सरेआम witch hunting करना अपना पुश्तैनी अधिकार समझा, एक तबका तो ख़ैर ये मानकर चला कि इस तरह की लड़कियों को इन सब से तकलीफ़ होती ही नहीं।



आशिमा आशी
वरिष्ठ पत्रकार

सांत्वना के सारे शब्द क़ुर्बानी देने वाली, so called सब सह लेने वाली संस्कारी और performative औरतों के हिस्से आए, भले ही इनमें से बहुतों ने अपने privileges की ख़ातिर ये सब किया, लेकिन सब अनदेखा कर दिया गया। आपने मजबूती चुनी, आज़ादख्याली चुनी, तो तकलीफ़ के सुबूत हर क़दम मांगे जाएंगे, या फिर मान ही नहीं सकते कि आपको भी तकलीफ हो सकती है।

कभी कोई जिम जाने वाली लड़की कह दे कि उसे डर लग रहा है, तो सबसे पहली प्रतिक्रिया हंसने की आती है।

दिल दुख से भर जाता है जब कोई आपका अपना कहे कि उसको तुम्हारी कभी फिक्र नहीं करनी पड़ी, क्योंकि उसे पता था कि तुम ख़ुद को संभाल लोगी, मजबूती से मुसीबत का सामना कर लोगी, अपने लिए स्टैंड ले लोगी, देर-सवेर सब ठीक कर ही लोगी, लेकिन ये सब करने में तुम्हें बीमार कर देने की हद तक तकलीफ़ होगी, कोई नहीं मानेगा। धीरे धीरे मजबूती की पहली पहचान यही बन जाएगी कि आपकी फिक्र ही नहीं की जा रही, सब मान कर चल रहे हैं कि तुम तो ठीक ही हो।

बहुत समय नहीं बीता, जब देश की मेडलधारी पहलवान लड़कियां अपने शोषण के ख़िलाफ़ खड़ी हुईं। तब उनका भी बहुत लोगों ने यह कह कर मजाक उड़ाया था कि इतनी पहलवान बनती हैं, इनको कौन प्रताड़ित कर लेगा और इनको प्रताड़ित होता देख एक तबके को सबसे ज़्यादा मज़ा आया।

यह बात सच है कि कमज़ोर लड़कियां narcissistic abuse की आसान शिकार रहीं, लेकिन एब्यूज करने वालों ने सबसे ज्यादा pleasure मजबूत लड़कियों को बेइंतहा तकलीफ़ देकर पाया।

-फेसबुक वाल से



### सामयिकी

## सरल कर्ज के मायाजाल में जकड़ रहे हैं लोग

आज देश में 'सरल कर्ज' की नीति को विकास और आर्थिक समावेशन के नाम पर तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। बैंक, माइक्रो-फाइनेंस संस्थान और डिजिटल लोन ऐप्स मिनटों में कर्ज देने का दावा कर रहे हैं। 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें', 'शून्य ब्याज EMI', 'बिना दस्तावेज़ लोन' जैसी योजनाएं आम लोगों को आकर्षित कर रही हैं, लेकिन इस आसान कर्ज की संस्कृति कहीं देश को आर्थिक रूप से कमजोर करने की दिशा में तो नहीं ले जा रही— यह सवाल अब गंभीर बहस का विषय बनता जा रहा है।

पहले कर्ज एक जिम्मेदारी माना जाता था। व्यक्ति कर्ज लेने से पहले कई बार सोचता था और केवल आवश्यकता होने पर ही ऋण लेता था, लेकिन अब कर्ज को जीवनशैली का हिस्सा बना दिया गया है। मोबाइल फोन, कार, फर्नीचर, पर्यटन, शादी-समारोह, हर चीज के लिए कर्ज आसानी से उपलब्ध है। परिणामस्वरूप लोगों की आय का बड़ा हिस्सा ईएमआई में चला जाता है और बचत की प्रवृत्ति कमजोर होती जा रही है। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरनाक है। जब बड़ी संख्या में लोग कर्ज चुकाने में असमर्थ होते हैं, तो बैंकों का एनपीए (Non-Performing Assets) बढ़ता है। इससे बैंकिंग प्रणाली पर दबाव बढ़ता है और अंततः सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ता है। यह बोझ अंततः करदाताओं पर ही पड़ता है। इस प्रकार आसान कर्ज का भार पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।



आकाश सपेलकर
वकील, सुप्रीम कोर्ट

सरकारें भी लोकप्रियता हासिल करने के लिए समय-समय पर कर्ज माफी योजनाएं और आसान ऋण वितरण योजनाएं लागू करती हैं। अल्पकालिक दृष्टि से यह कदम राहत देने वाले प्रतीत होते हैं, लेकिन दीर्घकाल में यह वित्तीय अनुशासन को कमजोर करते हैं। इससे कर्ज लौटाने की जिम्मेदारी की भावना कम होती है और आर्थिक व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

सरल कर्ज का सबसे घातक रूप घरेलू स्तर पर दिखता है। सरकारी योजनाओं, जैसे- पीएम किसान सम्मान निधि या मुद्रा लोन के नाम पर किसानों और छोटे व्यापारियों को आसानी से ऋण मिलता है, लेकिन बिना वित्तीय साक्षरता के ये कर्ज डूब जाते हैं। नेशनल सैंपल सर्वे के अनुसार, 40% से अधिक किसान कर्ज के जाल में फंसे हैं, जो आत्महत्याओं का कारण बन रहा है। सरल कर्ज विकास का वरदान लगता है, लेकिन वास्तव में यह निर्भरता का जाल बुनता है, जिसमें ब्याज चक्रवृद्धि होकर परिवार को बर्बाद कर देता है। क्या यह सुनियोजित है? कुछ अर्थशास्त्री इसे 'ऋण जाल' (Debt Trap Diplomacy) कहते हैं। चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव अफ्रीका और एशिया में कई देशों को इसी तरह फंसाकर बंदरगाह हड़प चुका है। भारत में भी बड़े विदेशी निवेशक सरल कर्ज देकर संपत्ति पर कब्जा जमाने को उत्सुक हैं। अगर समय रहते नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियां कर्ज के बोझ तले दबी रहेंगी। टैक्स बढ़ेंगे, सब्सिडी कटेंगी और विकास रुक जाएगा।

डिजिटल लोन ऐप्स ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। कई ऐप्स अत्यधिक ब्याज दरों पर कर्ज देते हैं और भुगतान में देरी होने पर मानसिक दबाव और धमकियों का सहारा लेते हैं। इससे आम नागरिक आर्थिक संकट के साथ-साथ मानसिक तनाव का भी देश का युवा अक्सर अपनी अनावश्यक आवश्कता के लिए सरल माध्यम से कर्ज लेता है और निजी संस्थान के लालच पर आकर फंसता जाता है। वैश्विक सत्तर पर भी देखा गया है कि लोगों ने आत्महत्या की, जिसका मुख्य कारण बैंको द्वारा कर्ज था। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



## सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय प्रतिभाओं को मिलता है मौका

नगर पालिका परिषद के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय प्रतिभाओं को मौका मिलता है। यहां लोक कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भरमार रहती है। काव्य गोष्ठियां, लोक गायन, नृत्य, नाट्य मंचन, शायरी और स्कूली बच्चों के कार्यक्रम इस मेले को जीवंत बना देते हैं। यह मंच स्थानीय और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने का सुनहरा अवसर देता है।

# आस्था, परंपरा का अद्भुत संगम चैती मेला

गोला गोकर्णनाथ की पावन धरती पर जब चैत्र की मंद बयार बहती है, तो वातावरण में भक्ति, उल्लास और लोकजीवन की मधुर गूंज एक साथ सुनाई देने लगती है। गोकर्णनाथ महादेव मंदिर की घंटियों की अनुगूंज के बीच सजी यह नगरी मानो समय के किसी प्राचीन अध्याय में प्रवेश कर जाती है, जहां हर कदम पर आस्था की छाप और हर चेहरे पर उत्सव की आभा झलकती है।

*– विकास शुक्ल*
*लखीमपुर खीरी*

इसी पावन भूमि पर सदियों से सजी आ रही है चैती मेले की वह परंपरा, जिसने समय के साथ न केवल अपनी पहचान बनाई, बल्कि लोकसंस्कृति के संरक्षण का एक जीवंत माध्यम भी बन गई। वर्ष 2026 में यह मेला अपने 121 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए इतिहास और वर्तमान के अद्भुत संगम का साक्षी बन रहा है। यह मेला केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भावनाओं, रंगों और रचनात्मकता का विशाल उत्सव है। यहां जब लोकगायक अपनी स्वर लहरियों में गांव की मिट्टी की महक घोलते हैं, तो श्रोता अनायास ही उस सांस्कृतिक विरासत में डूब जाते हैं। काव्य गोष्ठियों में शब्दों की सरिता बहती है, तो नाट्य मंचन और नृत्य प्रस्तुतियां जीवन के विविध रंगों को साकार करती हैं।

मेले की गलियों में चलते हुए ऐसा प्रतीत होता है मानो हर दुकान, हर झूला, हर स्वर किसी कहानी का हिस्सा हो। एक ऐसी कहानी, जो पीढ़ियों से कही-सुनी जाती रही है। लकड़ी से बनी वस्तुएं, क्राकरी, हस्तशिल्प की निपुणता और सोफ्टी का स्वाद इस मेले को केवल व्यापार का नहीं, बल्कि जीवन के उत्सव का केंद्र बना देती है। भीड़ का बढ़ता सैलाब यह बताता है कि बदलते समय के बावजूद इस मेले की आत्मा आज भी वैसी ही है, अडिग, जीवंत और आत्मीय। यहां आने वाला हर व्यक्ति केवल दर्शक नहीं रहता, बल्कि इस परंपरा का एक हिस्सा बन जाता है। बहरहाल, गोकर्णनाथ का चैती मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समय की धारा में बहती वह सांस्कृतिक कविता है, जो हर वर्ष नए भाव, नए रंग और नई ऊर्जा के साथ जनमानस को जोड़ती है और यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।

## पहली बार पर्यटन विभाग से मिले 40 लाख रुपये


नगर पालिका परिषद का ऐतिहासिक चैती मेला करीब 121 साल पुरानी परंपरा है, लेकिन पहली बार पर्यटन विभाग ने 40 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह राशि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद लखीमपुर खीरी को जारी होने से मेले की व्यवस्थाएं अब और अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और दर्शनीय हो गई हैं। इस धनराशि के पारदर्शी उपयोग के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एक समिति गठित कर दी है, जिसकी कमान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह को अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई है। समिति में वरिष्ठ कोषाधिकारी, एसडीएम गोला, पीडी–डीआरडीए, पर्यटन अधिकारी और ईओ गोला को सदस्य बनाया गया है।





## इतिहास की पगडंडियों पर चैती मेला

- प्राचीन अभिलेखों में इसका उल्लेख 1905 से पूर्व भी एक पारंपरिक मेले के रूप में मिलता है।
- वर्ष 1905 में ब्रिटिश शासन के दौरान इसे औपचारिक स्वरूप मिला और नियमबद्ध आयोजन शुरू हुआ।
- 1877 में यहां लगभग एक लाख लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई थी।
- 1905 तक यह संख्या बढ़कर डेढ़ लाख के आसपास पहुंच गई।
- वर्ष 1936 तक इसका संचालन नगर समिति के अधीन रहा।
- 1945 में नगर पालिका परिषद के गठन के बाद से यह मेला उसी के संरक्षण में निरंतर आयोजित हो रहा है।
- वर्तमान में हर वर्ष दो से ढाई लाख श्रद्धालु इस मेले में सम्मिलित होते हैं।



## शिव मंदिर कॉरिडोर से बढ़ेगा मेले का आकर्षण

चैती मेला की परंपरा के पीछे गहरी आस्था जुड़ी हुई है। होली के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए जाते हैं और वहां से लौटकर छोटी काशी में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। इसी धार्मिक परंपरा के चलते हर वर्ष श्रद्धालु मां पूर्णागिरि से लौटकर यहां पहुंचते हैं, शिव मंदिर में जल चढ़ाते हैं और फिर मेले का आनंद लेते हैं। यही कारण है कि सावन मेले के बाद चैती मेले का भी विशेष महत्व माना जाता है। इस बीच पौराणिक शिव मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जो मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल है। कॉरिडोर के तहत मंदिर के परिक्रमा मार्ग का निर्माण 108 स्तंभों पर किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने पर मुख्य मंदिर के साथ ही कुल 11 मंदिरों का निर्माण भी कराया जाएगा। स्थानीय जानकारों का मानना है कि कॉरिडोर निर्माण पूरा होने के बाद सावन और चैती मेले में श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि होगी, जिससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

> चैती मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत और आस्था का जीवंत प्रतीक है। यह मेला न केवल श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा प्रदान करता है। नगर पालिका परिषद द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हमारा प्रयास है कि हर आगंतुक को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुखद अनुभव मिले। सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और इस पावन आयोजन को सफल बनाएं।
>
> **–विजय शुक्ल रिंकू**, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला



## आर्ट गैलरी

### जैक्सन पोलॉक की नंबर 26



'नंबर 26' जैक्सन पोलॉक द्वारा 1949 में बनाई गई एक महत्वपूर्ण कलाकृति है, जो एक्शन पेंटिंग नामक कला आंदोलन के अंतर्गत आती है, जो अमूर्त कला की व्यापक शैली का एक हिस्सा है। यह कृति पोलॉक की कैनवास पर अपनाई गई नवीन तकनीक और ऊर्जावान दृष्टिकोण का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो उनकी कलात्मकता की एक विशिष्ट विशेषता है और जिसने अमूर्त अभिव्यक्तिवादी आंदोलन में योगदान दिया। 'नंबर 26' का अवलोकन करने पर, कैनवास पर फैले ऊर्जावान छींटों, बूंदों और लूपों से युक्त गतिशील रचना दिखाई देती है। कलाकृति में मुख्य रूप से एकरंगीय कलर का प्रयोग किया गया है, जिन्हें पीले, लाल और नारंगी रंगों के रणनीतिक विस्फोटों से उभारा गया है।




#### जैक्सन के बारे में

जैक्सन पॉलॉक अमूर्त अभिव्यक्तिवादी आंदोलन के एक प्रभावशाली कलाकार थे। उनका जन्म व्योमिंग में हुआ, लेकिन उनका पालन-पोषण मुख्य रूप से एरिज़ोना और कैलिफ़ोर्निया में हुआ। अपने शुरुआती बीस के दशक में, वे न्यूयॉर्क शहर चले गए, जहां उन्होंने थॉमस हार्ट बेंटन के मार्गदर्शन में आर्ट स्टूडेंट्स लीग में अध्ययन किया। इस दौरान, उन्होंने डब्ल्यूपीए फेडरल आर्ट प्रोजेक्ट के लिए भी काम किया, जिसने महामंदी के दौरान कलाकारों को रोजगार प्रदान किया। डेविड अल्फ़ारो सिकीरोस जैसे मैक्सिकन भित्ति चित्रकारों के साथ-साथ जोन मिरो और पाब्लो पिकासो जैसे यूरोपीय अतियथार्थवादियों से प्रभावित होकर, पॉलॉक ने अपनी विशिष्ट ड्रिप शैली विकसित करने से पहले विभिन्न तकनीकों के साथ प्रयोग करना शुरू किया। इस तकनीक में, जमीन पर बिछे कैनवास पर पेंट टपकाते या उंडेलते हुए, उसके चारों ओर घूमते हुए, बिना किसी पूर्व निर्धारित योजना या रचना के जटिल पैटर्न बनाए जाते थे।

## भिटौली: पहाड़ की बेटियों तक पहुंचता मायके का स्नेह

उत्तराखंड की वादियों में जब चैत्र का महीना दस्तक देता है, तो सिर्फ मौसम ही नहीं बदलता, रिश्तों की मिठास भी एक बार फिर ताजा हो जाती है। उत्तराखंड की इसी मिट्टी से निकली एक परंपरा है भिटौली। एक ऐसा पर्व, जिसमें मायका अपनी विवाहित बेटी तक सिर्फ उपहार नहीं, बल्कि अपना स्नेह, अपनापन और यादें भेजता है। *– रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा*

### अनोखी परंपरा



दरअसल, भिटौली कोई औपचारिक परंपरा नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव है। वह हर साल चैत्र महीने में मनाया जाता है, जो पूरे 30 दिनों का होता है। इसी दौरान माता-पिता और भाई अपनी विवाहित बेटी या बहन के लिए वस्त्र, पकवान और उपहार लेकर उसके ससुराल जाते हैं। यह यात्रा सिर्फ दूरी तय करने की नहीं होती यह उस रिश्ते को फिर से जीने की कोशिश होती है, जो शादी के बाद दूरियों में बंध जाता है। भिटौली की परंपरा की जड़ें उस समय में हैं जब संचार के साधन बेहद सीमित थे। पहाड़ों में बसी बेटियों के ससुराल कई कोस दूर हुआ करते थे। साल भर में मुलाकात भी मुश्किल होती थी। ऐसे में बुजुर्गों ने एक रास्ता निकाला भिटौली। एक ऐसा अवसर, जब परिवार अपनी विवाहित बेटी से मिलने उसके ससुराल जा सके, उसका हालचाल जान सके और उसे यह एहसास दिला सके कि मायका आज भी उतना ही करीब है।

### भिटौली की खास पहचान 'साई'

भिटौली की सबसे खास पहचान है साई। यह एक पारंपरिक पकवान है, जिसे चावल को पीसकर, भूनकर और उसमें मिठास मिलाकर तैयार किया जाता है। जब यह साई और अन्य मिष्ठान विवाहित बेटी के हाथों में पहुंचते हैं, तो वह सिर्फ स्वाद नहीं होता वह मायके की यादों का स्वाद होता है। बेटी भी इस खुशी को अपने तक सीमित नहीं रखती। वह अपने ससुराल और आस–पड़ोस में यह कहकर मिठाई बांटती है भिटौली मायके से आई है। इसी एक वाक्य में दीया होता है उसका गर्व, उसका अपनापन।

### इंटरनेट ने दूरी को किया खत्म

आज भले ही दिन में कई बार फोन पर हालचाल पूछ लिया जाता हो, वीडियो कॉल से चेहरे देख लिए जाते हों, लेकिन भिटौली की अहमियत कम नहीं हुई है क्योंकि कुछ रिश्ते सिर्फ बातों से नहीं, मिलने से, साथ बैठने से और अपने हाथों से मिठास बांटने से मजबूत होते हैं। भिटौली आज भी उसी सादगी और प्रेम के साथ मनाई जा रही है और शायद यही वजह है कि यह परंपरा आने वाले समय में भी यूं ही जीवित रहेगी। कुल मिलाकर भिटौली सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि यह याद दिलाने का तरीका है कि दूरी चाहे जितनी भी हो जाए मायका हमेशा दिल के सबसे करीब रहता हैं।

## गुरु-शिष्य परंपरा और कलागुरु बीरेश्वर भट्टाचार्य



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक



गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय शिक्षा-संस्कृति की आधारशिला रही है, जिसका प्रभाव कला-शिक्षा में विशेष रूप से दृष्टिगोचर होता है। प्राचीन भारत में ज्ञान का संप्रेषण मुख्यतः व्यक्तिगत संबंधों पर आधारित था, जहां गुरु केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि, संवेदना और नैतिकता भी अपने शिष्यों को प्रदान करते थे। चित्रकला, मूर्तिकला और शिल्प की परंपराएं प्रायः पारिवारिक या कार्यशाला-आधारित ढांचों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी विकसित होती रहीं। उपलब्ध ऐतिहासिक साक्ष्य चाहे वे अजंता-एलोरा की गुफाएं हों या मध्यकालीन पांडुलिपि-चित्रण यह स्पष्ट करते हैं कि कला का ज्ञान किसी औपचारिक पाठ्यक्रम से अधिक गुरु के सान्निध्य में अर्जित होता था।

यूरोप में मध्यकाल और पुनर्जागरण काल तक कला-शिक्षा का स्वरूप कुछ इसी प्रकार का था, जहां शिल्प-गिल्ड और उस्ताद-शागिर्द परंपरा प्रचलित थी। किंतु 18 वीं सदी के उत्तरार्ध में ब्रिटेन में रॉयल अकादमी ऑफ आर्ट्स जैसी संस्थाओं की स्थापना के साथ औपचारिक कला-शिक्षा का विकास हुआ। इसी मॉडल का प्रभाव ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में भारत पर पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप मद्रास, कोलकाता, मुंबई और लाहौर जैसे केंद्रों में कला विद्यालय स्थापित हुए। इन संस्थानों ने अकादमिक यथार्थवाद, परिप्रेक्ष्य और यूरोपीय तकनीकों को भारतीय कला-शिक्षा में स्थान दिया।

हालांकि 20 वीं सदी के प्रारंभ में भारतीय कला-जगत में एक वैचारिक पुनर्जागरण देखने को मिला, जिसका नेतृत्व अबनीन्द्रनाथ टैगोर ने किया। उन्होंने औपनिवेशिक अकादमिक शैली के विरुद्ध भारतीय परंपराओं, लघुचित्रों और पूर्वी एशियाई प्रभावों को आधार बनाकर 'बंगाल स्कूल' की स्थापना की। उनके शिष्य नंदलाल बोस ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया और विश्व भारती विश्वविद्यालय के कला भवन में गुरु-शिष्य संबंध को एक जीवंत शैक्षिक मॉडल के रूप में विकसित किया। यहां शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं थी, बल्कि प्रकृति, लोकजीवन और अनुभव के साथ एक समग्र संवाद थी।

इसी परंपरा में रामकिंकर बैज, शंखो चौधरी, के. जी. सुब्रमण्यम और गुलाम मोहम्मद शेख जैसे कलाकारों ने न केवल अपनी विशिष्ट कलाभाषा विकसित की, बल्कि एक शिक्षक के रूप में भी पीढ़ियों को प्रभावित किया। इनकी शिक्षण पद्धति में संवाद, प्रयोग और आलोचनात्मक चिंतन को प्रमुख स्थान मिला, जो पारंपरिक गुरु–शिष्य संबंध का आधुनिक रूप था। उत्तर भारत में भी अनेक शिक्षकों जैसे रणबीर सिंह बिष्ट, जय कृष्ण अग्रवाल और के. एस. कुलकर्णी ने अपने संस्थानों में इस परंपरा को जीवित रखा। उनके विद्यार्थियों के साथ आजीवन संबंध, मार्गदर्शन और व्यक्तिगत हस्तक्षेप इस बात का प्रमाण हैं कि कला-शिक्षा केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि एक सतत संवाद है। वर्तमान समय में यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन द्वारा लागू किए गए शैक्षिक सुधार -जैसे सेमेस्टर प्रणाली, क्रेडिट-आधारित पाठ्यक्रम और अंतर्विषयी अध्ययन ने कला-शिक्षा को अधिक संरचित और व्यापक बनाया है। फिर भी, इन औपचारिक ढांचों के भीतर गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व कम नहीं हुआ है। कला के क्षेत्र में तकनीकी दक्षता के साथ-साथ संवेदनात्मक परिपक्वता, दृष्टि और मौलिकता का विकास आज भी व्यक्तिगत मार्गदर्शन और संवाद पर निर्भर करता है। स्पष्ट है कि भारतीय कला-शिक्षा में संस्थागत विकास के बावजूद गुरु-शिष्य परंपरा एक जीवित और सक्रिय तत्व के रूप में मौजूद है। यह परंपरा केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की कला-चेतना को आकार देने वाली एक सतत प्रक्रिया है। जहां अन्य विषयों में शिक्षक-छात्र संबंध संस्थान तक सीमित रह जाता है, वहीं कला, संगीत और नृत्य में यह संबंध जीवनपर्यंत बना रहता है।

ऐसे ही एक विरल उदाहरण थे कलागुरु बीरेश्वर भट्टाचार्य। 22 मार्च 2026 को उनके निधन का समाचार न केवल उनके शिष्यों, बल्कि पूरे कला-जगत के लिए अपूर्णीय क्षति के रूप में सामने आया। यह और भी मार्मिक है कि उनके सम्मान में आयोजित समारोह तथा उन पर केंद्रित मोनोग्राफ और पुस्तक के विमोचन की तैयारियां कला एवं शिल्प महाविद्यालय, पटना और पटना म्यूजियम के सौजन्य से 23 और 24 मार्च को होने वाली थीं। देश-विभाजन की पृष्ठभूमि में 1950 में सपरिवार ढाका से पटना आए इस किशोर ने 1952 में राजकीय कला एवं शिल्प विद्यालय, पटना में प्रवेश लिया। आगे चलकर यही विद्यार्थी बिहार ही नहीं, बल्कि भारतीय समकालीन कला इतिहास का एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षर बना। वर्ष 1957 से 1993 तक के अपने दीर्घ अध्यापन काल में उन्होंने अपने छात्रों में आधुनिक और समकालीन कला के प्रति जो अभिरुचि जगाई, उसने उन्हें मात्र शिक्षक नहीं, बल्कि 'कलागुरु' के रूप में प्रतिष्ठित किया।

बीरेश्वर भट्टाचार्य का जीवन संघर्ष, संवेदना और सृजन की एक सशक्त यात्रा रहा। उनकी कला में मानवीय त्रासदी, सामाजिक असमानताओं और हिंसा के विरुद्ध गहरी संवेदनशीलता स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने चित्रकला को केवल सौंदर्यबोध का माध्यम नहीं रहने दिया, बल्कि उसे सामाजिक यथार्थ के प्रति सजग हस्तक्षेप की भाषा में रूपांतरित किया। एक शिक्षक के रूप में उनका योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहा, उन्होंने अनेक पीढ़ियों के कलाकारों को न केवल तकनीकी दक्षता प्रदान की, बल्कि उन्हें वैचारिक रूप से भी समृद्ध किया। उनके शिष्यों की उपलब्धियां उनके शिक्षकीय व्यक्तित्व का प्रमाण हैं। उनकी कृतियां और उनके द्वारा निर्मित शिष्य-परंपरा आज भी भारतीय समकालीन कला में जीवंत रूप से उपस्थित है। इस महान कलागुरु पर केंद्रित मोनोग्राफ और पुस्तक के प्रकाशन के लिए कला-जगत रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी एवं विश्वरंग का आभारी रहेगा। अंततः बीरेश्वर भट्टाचार्य का जीवन और उनकी कला हमें यह सिखाती है कि गुरु-शिष्य परंपरा केवल शिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदना, विचार और सृजन की वह सतत धारा है, जो पीढ़ियों को जोड़ती हुई आगे बढ़ती रहती है। विनम्र श्रद्धांजलि।

### अमेरिकी श्रम मंत्रालय की सीआईओ बनीं मंगला

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** भारतीय मूल की प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ मंगला कुप्पा को अमेरिका के श्रम मंत्रालय का मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ) नियुक्त किया गया है। वह पिछले वर्ष अक्टूबर से कार्यवाहक के रूप में यह जिम्मेदारी संभाल रही थीं और अब औपचारिक रूप से उनकी नियुक्ति कर दी गई है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, बुधवार, 1 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### पीरामल फाइनेंस का एयूएम एक लाख करोड़ रुपये के पार

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पीरामल फाइनेंस के प्रबंधन के अंतर्गत कुल परिसंपत्तियां (एयूएम) एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई हैं। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा है कि विकास के अगले चरण को गति देने के लिए कंपनी एक सूक्ष्म वित्त संस्थान के अधिग्रहण की इच्छुक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जयराम श्रीधरन ने कहा कि कंपनी मार्च, 2028 के अंत तक अपने एयूएम को बढ़ाकर 1.5 लाख करोड़ रुपये करने के लक्ष्य पर कायम है।

### इंडिगो ने विलियम वॉल्श को सीईओ नियुक्त किया

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व प्रमुख विलियम वॉल्श को अपना नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। विमानन उद्योग के अनुभवी वॉल्श वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक हैं। इंडिगो ने बयान में कहा कि वॉल्श की नियुक्ति नियामकीय मंजूरी के अधीन होगी। उनका आईएटीए में कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त हो रहा है और उनके तीन अगस्त तक पदभार संभालने की उम्मीद है। यह घोषणा इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स के अचानक इस्तीफे के लगभग तीन सप्ताह बाद की गई है।

### सत्या एजेंसीज लाएगी 600 करोड़ का आईपीओ

**नयी दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स खुदरा कंपनी सत्या एजेंसीज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 600 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। सोमवार को दाखिल दस्तावेजों अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ 300 करोड़ रुपये के नए शेयर और 300 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इस तरह कुल निर्गम का आकार 600 करोड़ रुपये बैठता है।

### एयरटेल की नेक्स्ट्रा में एक अरब डॉलर के निवेश की घोषणा

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता एयरटेल ने अपनी डाटा सेंटर कंपनी नेक्स्ट्रा में एक अरब डॉलर के निवेश की घोषणा है जिसका इस्तेमाल कंपनी के विस्तार और विकास को गति देने के लिए किया जायेगा। एयरटेल ने सोमवार रात एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मुख्य निवेशक एल्फा वेव ग्लोबल होगा जो 43.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगा। इसके अलावा कार्लाइल 24 करोड़ डॉलर और एंकरेज कैपिटल 3.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगा। शेष राशि (29 करोड़ डॉलर) का निवेश खुद एयरटेल द्वारा किया जायेगा।

# निवेशकों को 51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान, सेंसेक्स 11 प्रतिशत टूटा

## पश्चिम एशिया युद्ध के बाद हुई हानि के चलते इंवेस्टर्स में तेजी से बढ़ी जोखिम से बचने की प्रवृत्ति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



पश्चिम एशिया में फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद से शेयर बाजार में निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 11 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक बाजारों पर युद्ध के व्यापक प्रभाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बाजार से पूंजी निकासी से भी झटका लगा है।

पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से संघर्ष शुरू होने के बाद से बीएसई सेंसेक्स 9,339.64 अंक यानी 11.48 प्रतिशत लुढ़क गया है। शेयर बाजार में आई इस भारी गिरावट के चलते, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 51,09,498.82 करोड़ घटकर 4,12,41,172.45 करोड़ रुपये (4,360 अरब डॉलर) पर रहा।

बजाज ब्रोकिंग के एसोसिएट उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) पी मुखर्जी ने कहा कि संघर्ष शुरू होने के बाद के चार सप्ताह में जोखिम से बचने की तेज प्रवृत्ति देखी गयी है।

इस दौरान, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी ने बाजार में गिरावट के पीछे प्रमुख भूमिका निभाई है। इससे लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। मुखर्जी ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने वैश्विक अनिश्चितता और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है। शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम कारोबारी सत्र में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए।

### बुनियादी कारणों से नहीं आई बाजार में नरमी

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि मौजूदा नरमी का कारण दुनिया में बढ़ी अनिश्चितता है, न कि बुनियादी कारण। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, पश्चिम एशिया में संघर्ष और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने जोखिम से बचने का माहौल बना दिया है। बीएसई सेंसेक्स अबतक के सबसे उच्चतम स्तर 86,159.02 अंक से 14,211.47 अंक यानी 16.49 प्रतिशत नीचे आ गया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.15 प्रतिशत बढ़कर 117.46 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

### एफपीआई ने मार्च में की रिकॉर्ड 1.27 लाख करोड़ की बिकवाली

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट और रुपये में जारी तेज गिरावट के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में भारतीय पूंजी बाजार में करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। शुद्ध बिकवाली उनके द्वारा लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है।

केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा कंपनी सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने मार्च में पूंजी बाजार से कुल 1,26,991 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की जो अपने-आप में रिकॉर्ड है। कोरोना काल में मार्च 2020 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध निकासी की है। इससे पहले, फरवरी में एफपीआई ने पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से 37,847 करोड़ रुपये लगाये थे जबकि जनवरी में वे बिकवाल रहे थे।

# ग्यारह महत्वपूर्ण रणनीतिक खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



सरकार ने छठे दौर में बिक्री के लिए रखे गए 11 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिज ब्लॉक की नीलामी निवेशकों की कमजोर प्रतिक्रिया और पात्र बोलीदाताओं की कमी के कारण रद्द कर दी है। यह घटनाक्रम वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के बीच महत्वपूर्ण खनिजों के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन बढ़ाने के सरकार के प्रयासों को झटका माना जा रहा है।

खान मंत्रालय द्वारा जारी निरस्तीकरण सूचना में कहा गया कि पांच खनिज ब्लॉक की नीलामी इसलिए रद्द कर दी गई है, क्योंकि कोई बोली प्राप्त नहीं हुई। सूचना में यह भी कहा गया कि पांच अन्य खनिज ब्लॉक की नीलामी इसलिए रद्द की गई क्योंकि तकनीकी रूप से पात्र बोलीदाताओं की संख्या तीन से कम थी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के बेकू रेयर मेटल ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया भी रद्द कर दी गई है। खान मंत्रालय ने पिछले वर्ष सितंबर में 13 राज्यों में फैले 23 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक के लिए नीलामी का छठा चरण शुरू किया था। इस नीलामी में 19 कम्पोजिट लाइसेंस (सीएल) ब्लॉक और चार खनन पट्टे (एमएल) वाले ब्लॉक शामिल थे। ये ब्लॉक आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में स्थित हैं। इन ब्लॉक में लिथियम, कोबाल्ट, दुर्लभ खनिज तत्व, नियोबियम, टैंटलम और वैनाडियम जैसे रणनीतिक खनिज पाए जाते हैं।

खान मंत्रालय के अनुसार, अब तक नीलामी के छह दौर पूरे हो चुके हैं जिनमें 46 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक पहले ही बेचे जा चुके हैं। महत्वपूर्ण खनिज देश के आर्थिक विकास और खनिज सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक माने जाते हैं।

### इसलिए रद्द हुई नीलामी

- पांच खनिज ब्लाकों के लिए नहीं प्राप्त हुई कोई बोली
- पांच अन्य खनिज ब्लाकों के लिए बोली दाताओं की संख्या तीन से कम थी

# आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर फार्म जारी

## व्यक्तिगत करदाताओं को आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) के सभी फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की आय के लिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

आयकर विभाग ने मंगलवार को आईटीआर-2, 3, 5, 6 और 7 के साथ अद्यतन रिटर्न दाखिल करने के लिए आईटीआर-यू फॉर्म को भी अधिसूचित किया। इसके पहले आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म 30 मार्च को अधिसूचित किए गए थे। इन फॉर्म का इस्तेमाल छोटे और मध्यम करदाता करते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं और खातों का ऑडिट आवश्यक नहीं होने वाले करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

आईटीआर-1 (सहज) और आईटीआर-4 (सुगम) अपेक्षाकृत सरल फॉर्म हैं, जो बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम करदाताओं के लिए हैं। सहज फॉर्म को ऐसे निवासी व्यक्ति भर सकते हैं जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक मकान, अन्य स्रोत (ब्याज) एवं 5,000 रुपये तक की कृषि आय से होती है। वहीं, सुगम फॉर्म ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) और फर्म (एलएलपी को छोड़कर) के लिए है, जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से होती है। आईटीआर-2 फॉर्म उन व्यक्तियों और एचयूएफ के लिए है जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से नहीं होती, लेकिन पूंजीगत लाभ से आय होती है।

वहीं, आईटीआर-3 फॉर्म ऐसे व्यक्तियों और एचयूएफ के लिए है जिनकी आय स्वामित्व वाले व्यवसाय या पेशे से होती है। आईटीआर-5 फॉर्म को फर्म, सीमित देयता साझेदारी (एलएलपी) और सहकारी समितियां दाखिल करती हैं, जबकि आईटीआर-6 फॉर्म कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत कंपनियों के लिए है। आईटीआर-7 फॉर्म ट्रस्ट और परमार्थ संस्थाओं के लिए निर्धारित है।

### सेंट्रल बैंक को 296 करोड़ का आयकर मांग नोटिस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसे वित्त वर्ष 2024-25 में कर के कम भुगतान को लेकर आयकर विभाग से 296.08 करोड़ रुपये का 'कर मांग नोटिस' मिला है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बैंक ने बताया कि आयकर विभाग की आकलन इकाई ने 28 मार्च, 2026 को एक आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत बैंक को कर देनदारी के रूप में 296.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया है। बैंक ने स्पष्ट किया कि वह निर्धारित दिशानिर्देशों के भीतर उचित मंच (जैसे अपीलीय अधिकरण) पर इस आदेश को चुनौती देने की प्रक्रिया में है।

### सौर परियोजनाओं से 168 मेगावाट वाणिज्यिक बिजली की आपूर्ति शुरू

**नयी दिल्ली।** एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. ने गुजरात के खावड़ा स्थित अपनी दो सौर परियोजनाओं से 168.02 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। एनटीपीसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. ने गुजरात के खावड़ा स्थित अपनी दो सौर परियोजनाओं से 168.02 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है।

# हेरफेर के आरोप में एलीटकॉन और उसके एमडी समेत 5 लोग बाजार से प्रतिबंधित

**नयी दिल्ली, एजेंसी**





पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कथित हेरफेर गतिविधियों एवं भ्रामक खुलासों के आरोप में एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, उसके प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक विपिन शर्मा और चार अन्य को प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को जारी अंतरिम एकपक्षीय आदेश में शर्मा और चार अन्य इकाइयों से लगभग 51.26 करोड़ रुपये की कथित अवैध कमाई जब्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सेबी ने कहा कि वह इस मामले में विस्तृत जांच करेगा और फोरेंसिक लेखा परीक्षक नियुक्त करेगा।

यह कार्रवाई एलीटकॉन इंटरनेशनल के शेयर में कारोबार की जांच के बाद की गई। जांच में नियामक को प्रथम दृष्टया यह संकेत मिले कि कंपनी और उससे जुड़े लोगों ने परिचालन एवं वित्तीय स्थिति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी छिपाकर निवेशकों को गुमराह किया जबकि उसी दौरान ऊंची कीमतों पर शेयर बेचे जा रहे थे। सेबी ने आरोप लगाया कि कंपनी ने अपने वित्तीय एवं परिचालन स्थिति की भ्रामक तस्वीर पेश करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दबाई।

आदेश में कहा गया कि सकारात्मक खुलासे किए गए लेकिन माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े मामलों सहित कुछ प्रतिकूल घटनाक्रमों की जानकारी निवेशकों को पर्याप्त रूप से नहीं दी गई। सेबी ने अपने 82 पृष्ठ के आदेश में कहा-कंपनी के वित्तीय हालात और कामकाज के संबंध में बाहरी दुनिया के सामने केवल सकारात्मक तस्वीर पेश की जा रही थी। नियामक ने कहा कि ऐसे चयनात्मक खुलासों से बाजार में सकारात्मक माहौल बना और निवेशकों को शेयर खरीदने के लिए प्रेरित किया गया जबकि उसी समय प्रवर्तक एवं उनसे जुड़े पक्ष अपने शेयर बेच रहे थे।

सेबी के अनुसार प्रथम दृष्टया साक्ष्य से पता चलता है कि सकारात्मक बाजार धारणा बनाए रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण तथ्यों को दबाया गया जबकि नोटिस प्राप्त पक्ष अपनी हिस्सेदारी बेच रहे थे। नियामक ने कहा कि यह आचरण शेयर कीमत को कृत्रिम रूप से सहारा देने और निवेशकों की रुचि का लाभ उठाने की योजना की ओर संकेत करता है, जिससे बाजार में हेरफेर की आशंका उत्पन्न होती है। इसी के तहत सेबी ने छह इकाइयों को अगले आदेश तक प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रतिभूतियों की खरीद-फरोख्त से रोक दिया है। साथ ही संबंधित इकाइयों के बैंक और डीमैट खातों को जब्त की गई राशि की सीमा तक फ्रीज करने का भी निर्देश दिया गया है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



## असम और केरल में भाजपा ने जारी किये घोषणा पत्र

# असम: पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश और लव जिहाद पर कानून लाने का वादा

**गुवाहाटी, एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असम विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी किया। इसमें मूल निवासियों की जमीन, विरासत और सम्मान की सुरक्षा करने तथा बुनियादी ढांचा के लिए पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया गया है।

भाजपा के संकल्प पत्र में 31 वादे किये गए हैं, जिनमें बांग्लादेशियों द्वारा अतिक्रमण की गई जमीन को वापस लेना, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करना, लव जिहाद और लैंड जिहाद से निपटने को कड़े कदम उठाने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना शामिल है। घोषणापत्र में असम के मूल निवासियों की जमीन, विरासत और गरिमा की हिफाजत का वादा किया गया है, जिसके लिए आप्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम, 1950 को लागू कर अवैध प्रवासियों की पहचान और उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। समान




घोषणापत्र जारी करतीं केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन और असम के सीएम व अन्य।

नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर संविधान की छठी अनुसूची और जनजातीय क्षेत्रों को छोड़कर असम के लोगों की सभ्यता, विरासत और अधिकारों की रक्षा के लिए कानून को मजबूत करेगी, ताकि जातीय समुदायों के अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें। मिशन वसुंधरा योजना के तहत अवैध प्रवासियों द्वारा किए गए हर इंच अतिक्रमण को हटाकर असम के सभी वास्तविक नागरिकों को भूमि अधिकार देने का वादा किया है।

### खास वायदे

- समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर असम के लोगों की सभ्यता, विरासत और अधिकारों की रक्षा के कानून को मजबूत किया जाएगा।
- मिशन वसुंधरा योजना के तहत अवैध प्रवासियों द्वारा किए गए हर इंच अतिक्रमण को हटाकरवास्तविक लोगों को भूमि अधिकार दिलाया जाएगा।
- लव जिहाद और लैंड जिहाद की समस्या को समाप्त करने के लिए प्रभावी कानून बनाएगी, साथ ही मुक्त करायी जाएगी सत्रों, नामघरों, देवालयों और अन्य पूजा स्थलों की अतिक्रमित जमीन।

# केरल: गरीबों को फ्री एलपीजी व आर्थिक सहायता का वादा

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसमें जरूरतमंद महिलाओं और 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आर्थिक सहायता, गरीब परिवारों को हर साल दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, राज्य में एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित करने और मंदिरों के संरक्षण का वादा किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने यहां राजग के एक कार्यक्रम में यह घोषणा पत्र जारी किया।

घोषणा पत्र में, राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम को कन्नूर से जोड़ने वाले हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क, प्रत्येक परिवार के लिए 20,000 लीटर मुफ्त पानी और मुल्लापेरियार बांध के संबंध में तमिलनाडु के लिए पानी और केरल को सुरक्षा का भी वादा किया गया है। घोषणा पत्र जारी करने के बाद, अपने भाषण में नवीन ने दावा किया कि केरल में दशकों से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की सरकार रहने के परिणामस्वरूप राज्य में नगण्य औद्योगिक विकास, आर्थिक ठहराव और राजकोषीय कुप्रबंधन हुआ है।

### खास वायदे

- 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 3000 रुपये मासिक कल्याण पेंशन
- गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार की प्रत्येक महिला को 2500 रुपये रिचार्ज वाला आरोग्य सुरक्षा कार्ड। इससे किराना वस्तुएं एवं दवाएं खरीदी जा सकेंगी।
- ओणम और क्रिसमस पर एक-एक मुफ्त एलपीजी सिलेंडर
- देवस्वओम बोर्ड का पुनर्गठन कर शबरिमा, गुरुवायूर और अन्य सभी पूजास्थलों का संरक्षण
- शबरिमला सोना चोरी मामले में समयबद्ध सीबीआई जांच के कराकर भ्रष्टाचार खात्मा करेंगे।

# तमिलनाडु: टीवीके प्रत्याशी पर यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के पूनमल्ली विधानसभा क्षेत्र से तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) उम्मीदवार प्रकाश उर्फ कुट्टी के खिलाफ मंगलवार को यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पड़ोसी तिरुवल्लूर जिले की पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के बाद प्रकाश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पीड़िता भी टीवीके पार्टी की पदाधिकारी है। महिला का आरोप है कि यह घटना छह महीने पहले एक पार्टी समर्थक की शादी में हुई थी और उन्होंने कई बार प्रकाश से बात करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने बात नहीं की।

# बंगाल: तृणमूल कांग्रेस और माकपा का एसआईआर के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के खिलाफ राजनीतिक गतिविधि तथा विरोध-प्रदर्शनों ने जोर पकड़ लिया है और इसी क्रम में मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस ने अपने कानूनी विशेषज्ञों के पैनल के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन किया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी सोमवार को इसी तरह का विरोध-प्रदर्शन किया था। यह आंदोलन हालांकि अब केवल राजनीतिक मंचों तक ही सीमित नहीं रह गया है। सोमवार से इस क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले लोग सड़कों पर उतर आए हैं। उनका आरोप है कि असली मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गलत तरीके से हटा दिए गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को जाम कर दिया और तत्काल सुधार की मांग की। उनका दावा है कि कई वैध मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित कर दिया गया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की मौजूदगी के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विरोध स्थलों पर उनकी शिकायतों को अनसुना कर दिया गया। अलीपुरद्वार के बीरपारा, सिलीगुड़ी उप-मंडल के फांसीदेवा और मालदा के मोथाबाड़ी से विरोध-प्रदर्शनों की रिपोर्टें हैं।

## पीएम मोदी चाहते हैं केरल में एलडीएफ चुनाव जीते: राहुल

**कन्नूर/कोझिकोड (केरल), एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) विधानसभा चुनाव जीते। राहुल ने मंगलवार को कन्नूर एवं कोझिकोड में चुनावी रैलियों को संबोधित किया और आरोप दोहराया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) एलडीएफ और भाजपा की मिलीजुली ताकत से लड़ रहा है। कन्नूर में माकपा के दो पूर्व नेता कुन्हिकृष्णन और टीके गोविंदन भी मंच पर मौजूद थे। दोनों नेता यूडीएफ के समर्थन से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। यह लड़ाई माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे और यूडीएफ के बीच है। पहली बार, हम भाजपा और वाम मोर्चे के बीच साझेदारी देख रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जिसे आज वाम मोर्चा कहा जाता है वह अब वामपंथी या मध्यमार्गी गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा कि वास्तव में, वे भाजपा के साथ हैं क्योंकि वे कॉर्पोरेट पार्टियां हैं। वे अब आम लोगों की पार्टियां नहीं हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### हैती में गिरोह के हमले में मरने वालों की संख्या करीब 70 तक पहुंची

**मेक्सिको सिटी।** मध्य अमेरिकी देश हैती के आर्टिबोनिट क्षेत्र में एक गिरोह के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 70 तक पहुंचने का अनुमान है। रेडियो टेली गैलेक्सी ने आर्टिबोनिट के मेयर के हवाले से यह जानकारी दी। हैती की राष्ट्रीय पुलिस ने पहले सोशल मीडिया पर बताया था कि हमले में मरने वालों की प्रारंभिक संख्या 16 थी, जबकि अन्य 10 स्थानीय निवासी घायल हुए थे। मेयर ने जीन-डेनिस, नेग्रियल, पोंट-बेनोइट और डेगोर्डे जिलों के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और देश के अधिकारियों से स्थिति को स्थिर करने के लिए उपाय करने का आह्वान किया। हैती पुलिस के अनुसार, रविवार का हमला ग्रैन ग्रिफ गिरोह के सदस्यों ने किया था।

### चीन में सुरंग में विस्फोट से चार लोगों की मौत, नौ घायल

**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिम चीन के चोंगकिंग निकाय क्षेत्र में राजमार्ग के लिए बनाई जा रही एक सुरंग में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। वानझोउ जिला परिवहन आयोग के अनुसार, यह विस्फोट सोमवार दोपहर हुबेई और सिचुआन प्रांत को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के एक हिस्से के निर्माण स्थल पर हुआ। शुरुआत में एक व्यक्ति के लापता और 12 अन्य के घायल होने की जानकारी दी गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, सोमवार आधी रात तक बचाव दल ने लापता व्यक्ति का शव बरामद कर लिया, जबकि तीन घायलों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलते हैं कि विस्फोट ज्वलनशील गैस के कारण हुआ।

### पाकिस्तान में भारी बारिश से 11 लोगों की मौत, 49 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी वर्षा के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी है, जिनमें 10 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये हादसे बन्नू, उत्तरी वज़ीरिस्तान और कोहाट जिलों में हुईं, जहां भीषण वर्षा के कारण छतों के गिरने और कई घरों को आंशिक क्षति पहुंचने की खबरें हैं। वर्षाजनित हादसों में 49 लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार तक प्रांत के कई जिलों में रुक-रुक कर वर्षा होने का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और उचित सुरक्षा सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## जरूरी नहीं हर मुद्दे पर पति से सहमत होऊं : उषा वेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की द्वितीय महिला उषा वेंस ने कहा है कि वह हर मुद्दे पर अपने पति से सहमत नहीं होतीं। उषा ने कहा कि ऐसा संभव नहीं है कि दोनों हर मुद्दे पर एक राय रखें।

उषा ने कहा कि वह खुद को अपने पति और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भरोसेमंद सलाहकार मानती हैं, खासकर तब जब वे किसी ऐसे मुद्दे पर निर्णय ले रहे हों जो व्यक्तिगत रूप से महत्वपूर्ण हो। पहली भारतीय-अमेरिकी द्वितीय महिला उषा ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह और उनके पति हर मुद्दे पर एक जैसी राय नहीं रखते हैं, लेकिन असहमति बातचीत के लिए खुला अवसर देती है। उषा वेंस ने कहा, हमारे बीच हर समय बातचीत होती रहती है। उन्होंने कहा,



- अमेरिका की द्वितीय महिला ने कहा परेशान होते हैं तो सलाह लेते हैं जेडी

मैं वास्तव में यह समझना चाहती हूं कि उनकी दुनिया में क्या चल रहा है, वह किस चीज पर ध्यान दे रहे हैं, उन्हें क्या चिंताएं हैं। उषा ने बताया कि उपराष्ट्रपति उनके पास तभी सलाह लेने आते हैं, जब कोई चीज उन्हें परेशान कर रही होती है या जब वे किसी ऐसे मुद्दे पर बात करना चाहते हैं जो व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण महसूस होती है।

## भारत में अंगों का अवैध व्यापार

# किडनी की तस्करी

किडनी की चोरी और तस्करी भारत में एक गंभीर समस्या बन चुकी है। सरकार की ओर से इसे रोकने के लिए कई बार सख्त कदम उठाए गए हैं लेकिन इसके बावजूद यह अमानवीय धंधा रुकने या कम होने के बजाय और तेज होता जा रहा है। यह समस्या मुख्य रूप से अंगों की भारी मांग और आपूर्ति में कमी के कारण पैदा हुई है। एक-एक ट्रांसप्लांट में डॉक्टरों और अस्पतालों की भारी कमाई की वजह से इसे और बढ़ावा मिला है। किडनी के व्यापार के लिए दलालों और डॉक्टरों के कई रैकेट का भी खुलासा हुआ है। हालांकि, इसे रोकने के लिए कानूनों को काफी सख्त बना दिया गया है, लेकिन अंगों की मांग और गरीबी के बीच का असंतुलन इस अपराध को जीवित रखा है। सरकार अब कैडेवर डोनेशन यानी मृत शरीर से अंग दान को बढ़ावा दे रही है ताकि जीवित अंगों के अवैध व्यापार पर निर्भरता कम की जा सके।



### किडनी तस्करी की वर्तमान स्थिति

- भारत में किडनी तस्करी अब केवल चोरी यानी बिना बताए अंग निकाल लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गरीबों को लालच देकर अंग खरीदने का रूप ले चुकी है।
- हालिया रिपोर्टों के मुताबिक कई अंतरराष्ट्रीय, अंतरराज्यीय रैकेट सक्रिय हैं जो बिचौलियों के माध्यम से गरीबों को 5 से 10 लाख रुपये का लालच देकर फंसाते हैं।
- अपराधी अब पहचान छुपाने के लिए डार्क वेब और एन्क्रिप्टेड एप्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, सीमित सरकारी संसाधनों के चलते उन्हें पकड़ना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

### सरकारी जांच और कार्रवाई

- हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने एक एसआईटी रिपोर्ट मद्रास हाईकोर्ट को सौंपी है, जिसमें नमक्कल और तिरुचि के बड़े अस्पतालों की संलिप्तता पाई गई है। इसमें 12 लोगों को आरोपी बनाया गया है।
- भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को मानव तस्करी के उन मामलों की जांच का अधिकार दिया गया है जिनका संबंध अंतरराष्ट्रीय सीमाओं या अंतर-राज्यीय नेटवर्क से है।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से हाल ही में कई बार अलग-अलग राज्यों को इस संबंध में नोटिस जारी किए हैं और रिपोर्ट मांगी हैं, इससे राज्यों के प्रशासन तस्करी रोकने का दबाव बना है।

**पाकिस्तान, मिस्र, चीन, फिलीपींस, ब्राजील और कोलंबिया ऐसे देश हैं जहां किडनी की सबसे ज्यादा तस्करी होती है। अमीर देशों के लोग लंबी वेटिंग लिस्ट से बचने के लिए यहां आते हैं।**

### चर्चित उदाहरण

- गुड़गांव का 2008 का किडनी कांड भारत का सबसे बड़ा स्कैंडल था। मास्टरमाइंड डॉ. अमित कुमार ने 600 अवैध ट्रांसप्लांट किए थे। वह गरीबों को नौकरी के बहाने बुलाकर उनकी किडनी निकाल लेता था।
- दिल्ली के प्रतिष्ठित अपोलो अस्पताल में वर्ष 2016 में भी एक बड़ा गिरोह पकड़ा गया था, जो फर्जी कागजात बनाकर किडनी ट्रांसप्लांट कराता था। इसमें डॉक्टरों के निजी सचिव और बिचौलिए शामिल थे।
- 90 के दशक और 2000 की शुरुआत में अमृतसर और चेन्नई में बड़े रैकेट पकड़े गए थे, जहां विदेशी मरीजों को अवैध रूप से किडनी बेची जाती थी। यह देश में किडनी तस्करी का पहला बड़ा मामला था।

### रोकने के लिए कदम

- सरकार ने मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम को और अधिक कड़ा किया है।
- अवैध अंग व्यापार पर अब 10 साल तक जेल, 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।
- ट्रैकिंग के लिए ऑनलाइन केंद्रीकृत रजिस्ट्री हर दाता और प्राप्तकर्ता को आईडी देती है।
- अपराधियों को आसानी से सजा दिलाने के लिए मानव तस्करी की परिभाषा व्यापक की गई है।

# होर्मुज अगर एक महीना और बंद रहा तो 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचेगी तेल की कीमत

## अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन के मुख्य अर्थशास्त्री ने किया आगाह, जूझेंगे ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर देश

**हूती ने कहा- बाब अल-मंडेब बंद होने के बाद 200 डॉलर हो जाएगी तेल की कीमत**

**वाशिंगटन/सना, एजेंसी**

अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रूस कासमैन ने दावा किया है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य एक और महीने के लिए बंद रहा तो तेल की कीमतें आसमान छूने के साथ 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। ऐसी स्थिति में ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर औद्योगिक उपभोक्ताओं को भारी कमी से जूझना पड़ेगा।

हूती के नाम से जाने जाने वाले यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन ने बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य को बंद करने की संभावना से इन्कार नहीं किया है। हूती सरकार में सूचना उपमंत्री मोहम्मद मंसूर ने कहा कि इसके बाद तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। मंसूर ने मीडिया से बातचीत के दौरान यमन के तट पर स्थित इस जलडमरूमध्य को बंद करने के सवाल पर कहा, इस पर निर्णय लिया जाना बाकी है। हम अपने ईरानी भाइयों के साथ एक साझा योजना पर चर्चा कर रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे दुश्मनों को यह स्पष्ट कर दिया जाए कि हम कभी आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। यूरोप को भी यह समझना चाहिए कि यदि वह प्रतिरोध की धुरी का शत्रु बना रहता है तो हम तेल की कीमत 200 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ा देंगे जिससे उसकी अर्थव्यवस्था लड़खड़ा जाएगी।



जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में सोमवार को एक पेट्रोल पंप पर प्रदर्शित ईंधन की कीमतें।

### गेट्स ऑफ टीयर्स... खतरनाक समुद्री हालात के लिए जाना जाता है बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य

बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य अपने सबसे संकरे हिस्से में लगभग 30 किमी चौड़ा है। यह जलडमरूमध्य यमन और अफ्रीका के देशों इरिट्रिया तथा जिबूती के बीच स्थित है। अरबी में इसका अर्थ 'आंसुओं का द्वार' यानी 'गेट्स ऑफ टियर्स' है, जो इसके खतरनाक समुद्री हालात को दर्शाता है। यह जलडमरूमध्य और मिस्र की स्वेज नहर मिलकर भूमध्य सागर और हिंद महासागर के बीच सीधा समुद्री संपर्क स्थापित करते हैं। इसके कारण जहाजों को अफ्रीका के दक्षिणी सिरे का लंबा चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।

**14% वैश्विक आपूर्ति**

वैश्विक समुद्री व्यापार का 14 प्रतिशत हिस्सा इस मार्ग से गुजरता है। आईए के अनुसार, 2025 में रोज करीब 42 लाख बैरल कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद इस मार्ग से गुजरे, जो वैश्विक उत्पादन का पांच प्रतिशत है।

### अमेरिका में गैस तीन साल में सबसे महंगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गैस की औसत कीमत मंगलवार को बढ़कर चार डॉलर प्रति गैलन हो गई जो पिछले तीन वर्षों में देश में कीमतों में सबसे अधिक है। पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका में औसत उपभोक्ता के लिए गैस की कीमतों में 35 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है और जल्द इससे राहत मिलने की भी उम्मीद नजर नहीं आ रही क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य तथा कुछ देशों के जहाजों को छोड़कर सभी के लिए बंद है। इससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है क्योंकि यहां से दुनिया के तेल का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। अमेरिका में एक महीने पहले गैस की कीमत प्रति गैलन औसत दर 2.98 डॉलर थी।

### ईयू का ईंधन बिल 14.9 अरब डॉलर बढ़ा

**मॉस्को।** यूरैक्टिव ने एक गोपनीय राजनयिक दस्तावेज के हवाले से कहा है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण यूरोपीय संघ (ईयू) को ऊर्जा आयात के बिल में 13 अरब यूरो (14.9 अरब डॉलर) की अतिरिक्त लागत चुकानी पड़ी है। ऊर्जा मंत्रियों की मंगलवार को ऑनलाइन बैठक से पहले ब्रुसेल्स ने ईयू के देशों को भेजे दस्तावेज में कहा, 28 दिनों के संघर्ष ने संघ के जीवाश्म ईंधन आयात बिल में पहले ही 13 अरब यूरो जोड़ दिए हैं। दरअसल होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं। यूरोपीय संघ के देशों में ऊर्जा की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, जो इसके साथ ही रूसी गैस और तेल का आयात बंद करने की तैयारी भी कर रहे हैं।

### ट्रंप का ब्रिटेन पर तंज... जिन देशों के पास तेल की कमी, वे होर्मुज जाकर खुद ले लें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि जो देश जेट ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं उन्हें थोड़ी बहादुरी दिखाकर होर्मुज जाकर ईंधन लेना चाहिए। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक संदेश में कहा कि ऐसे देशों को पहले तो अमेरिका से कच्चा तेल खरीदना चाहिए, क्योंकि उसके पास पर्याप्त तेल है। इसके साथ इन देशों को थोड़ी बहादुरी दिखाकर होर्मुज जाना चाहिए क्योंकि अमेरिका अब उनकी मदद नहीं करेगा। ट्रंप ने लिखा, ब्रिटेन जैसे देश जिन्होंने ईरान को हराने में शामिल होने से मना कर दिया और जो देश होर्मुज बंद होने से जेट ईंधन हासिल नहीं कर पा रहे, उनके लिए उनके पास यही सुझाव है।

## अमेरिका को झटका, ब्राजील और तुर्किये ने डिजिटल सीमा शुल्क छूट पर लगाई रोक

**याओउंडे (कैमरून), एजेंसी**

विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन सोमवार को गतिरोध के साथ समाप्त हुआ। ब्राजील और तुर्किये ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क से मिलने वाली छूट को 2030 के अंत तक बढ़ाने के अमेरिका समर्थित समझौते को रोक दिया। पिछले 28 वर्षों से मिली यह छूट देशों को डिजिटल वस्तुओं पर टैरिफ लगाने से रोकती है, जो वैश्विक ई-कॉमर्स का प्रमुख आधार है। इससे अमेरिकी कंपनियों को फायदा मिलता रहा है।

ब्राजील ने डब्ल्यूटीओ में व्यापक सुधारों का आह्वान किया और चेतावनी दी कि नियमों पर आधारित व्यापार प्रणाली अभूतपूर्व दबाव में है। विदेश मंत्री मौरो विएरा ने उन एकपक्षीय उपायों और व्यापार समझौतों की आलोचना की, जो ब्राजील के विचार में डब्ल्यूटीओ की कानूनी सुसंगतता को कमजोर करते हैं और निर्यातकों व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए पूर्वानुमान की स्थिति को खतरे में डालते हैं। विएरा ने कहा, वर्तमान में महसूस की जा रही विखंडन की शक्तियों को दशकों के वार्ता गतिरोध ने और बढ़ा दिया है। उन्होंने कृषि और डिजिटल व्यापार तथा स्थिरता जैसे उभरते मुद्दों पर रुकी हुई चर्चाओं



- अमेरिकी कंपनियों को मिलता था इस छूट का सर्वाधिक फायदा

का हवाला दिया। उन्होंने डब्ल्यूटीओ की अपीलीय संस्था के पंगु होने का भी उल्लेख किया, जिससे सदस्यों के पास या तो अनसुलझे विवाद बचते हैं या उपायों और जवाबी उपायों का एक खतरनाक चक्र शुरू हो जाता है।

विएरा ने आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रतिबिंबित करने के लिए संरचनात्मक और व्यापक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया, न कि 1994 के उस ढांचे की जिसके तहत डब्ल्यूटीओ बनाया गया था। उन्होंने कहा, ब्राजील जबरदस्ती के बजाय बातचीत को, शक्ति के बजाय नियमों को और विखंडन के बजाय बहुपक्षवाद को चुनता है। अमेरिका ने इस मोहलत को आगे बढ़ाने में विफलता पर निराशा व्यक्त की। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और डब्ल्यूटीओ में राजदूत जेमीसन ग्रीर ने कहा, महीनों की तैयारी और जुड़ाव के बावजूद भविष्य के वैश्विक व्यापार नीति प्रयासों में डब्ल्यूटीओ केवल सीमित भूमिका ही निभा पाएगा।

## वायुसेना को मिलेंगे 1,950 करोड़ रुपये के दो माउंटेन रडार, बीईएल के साथ सौदा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय वायु सेना के लिए दो माउंटेन रडार (पहाड़ों पर लगने वाले रडार) और उनसे जुड़े बुनियादी ढांचे की खरीद के लिए सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ 1,950 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

- रक्षा मंत्रालय ने कहा- मजबूत होगी देश की हवाई सुरक्षा

मंत्रालय ने कहा कि इन रडार को लगाने और चालू करने से देश की हवाई सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा मज़बूत होगी। इसके साथ इस खरीद से विदेशी उपकरणों पर निर्भरता भी कम होगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए दो माउंटेन रडार, उनसे जुड़े उपकरणों और जरूरी बुनियादी ढांचे की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 1,950 करोड़ रुपये के एक बड़े अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह माउंटेन रडार डीआरडीओ के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड रडार विकास प्रतिष्ठान द्वारा देश में ही डिजाइन और विकसित किया गया है और इसका निर्माण बीईएल द्वारा किया जाएगा।

## केपी ओली और रमेश लेखक के बाद काठमांडू के पूर्व सीडीओ रिजाल भी गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में पिछले साल सितंबर में जेन जी आंदोलन के दमन में भूमिका के लिए काठमांडू के पूर्व मुख्य जिला अधिकारी (सीडीओ) छवि रिजाल को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। रिजाल उन उच्च अधिकारियों की सूची में शामिल हैं जिन्हें इस आंदोलन को दबाने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

- जेन जी आंदोलन का दमन करने वाले अफसरों की सूची में था नाम

रिजाल को काठमांडू के सुबिधानगर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और तत्कालीन गृह मंत्री रमेश लेखक के बाद गिरफ्तार किया गया है। जेन जी आंदोलन से जुड़े घटनाक्रम की जांच के लिए गठित आयोग ने ओली और लेखक समेत अन्य के खिलाफ आपराधिक मामले में कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की थी। इस बीच, ओली की हिरासत के खिलाफ प्रदर्शन जारी हैं।

## 'आर्टेमिस-2' के प्रक्षेपण की तैयारी पूरी, 53 साल बाद चंद्रमा मिशन के लिए नासा की उलटी गिनती हुई शुरू

**चार अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज शाम प्रक्षेपित किया जाएगा 32 मंजिला ऊंचा रॉकेट**

**केप कैनवेरल।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 53 वर्षों में पहली बार मानवयुक्त चंद्र मिशन के प्रक्षेपण के लिए उलटी गिनती शुरू कर दी है। 'आर्टेमिस-2' मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर विशाल स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट बुधवार शाम प्रक्षेपण के लिए तैयार है।

लगभग 32 मंजिला ऊंचा यह रॉकेट अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में एक दिन बिताने के बाद ओरियन कैप्सूल के जरिए चंद्रमा की ओर लेकर जाएगा। यह मिशन चंद्रमा की कक्षा में उतरने के बजाय उसके चारों ओर घूमकर सीधे पृथ्वी की ओर लौटेगा। करीब 10 दिन की इस यात्रा का समापन प्रशांत महासागर में कैप्सूल के उतरने के साथ होगा। नासा के अधिकारियों के अनुसार, हालिया मरम्मत कार्यों के बाद रॉकेट पूरी तरह तैयार है और मौसम भी अनुकूल रहने की संभावना है। इससे पहले यह मिशन फरवरी में निर्धारित था, लेकिन हाइड्रोजन ईंधन रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। रिसाव ठीक करने के बाद हीलियम प्रेशर लाइन में रुकावट आ गई, जिसके बाद रॉकेट को पिछले महीने फिर मरम्मत के लिए ले जाना पड़ा। करीब डेढ़ सप्ताह पहले रॉकेट को दोबारा प्रक्षेपण स्थल पर लाया गया, जबकि अमेरिकी-कनाडाई दल शुक्रवार को यहां पहुंच चुका है।



## लक्षित वारदात, कनाडा के सरे में भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा के सरे में संगठित अपराध से जुड़े गोलीबारी के एक मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना शनिवार रात सरे के सुलिवन हाइट्स इलाके के टाउनहाउस परिसर में हुई, जहां उसे गोली मार दी गई।

इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने बताया कि मृतक की पहचान 27 वर्षीय जसमन सेखों के रूप में हुई है। सेखों का पहले पुलिस के साथ संपर्क रहा था और उसके मादक पदार्थ के कारोबार से जुड़े होने की आशंका थी। शुरुआती संकेत बताते हैं कि यह संगठित अपराध से जुड़ी लक्षित वारदात थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सेखों का पहले एक काले रंग की एसयूवी ने पीछा किया, जिसके बाद उसमें सवार दो लोग बाहर निकले और उस पर गोलीबारी शुरू कर दी।

## सीबीआई ने दिल्ली नगर निगम के उपायुक्त को चार लाख घूस लेते हुए किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उपायुक्त को चार लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई के मुताबिक लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार मिश्रा नाम का यह अधिकारी एमसीडी में शाहदरा उत्तर का उपायुक्त था।

अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने अभिषेक कुमार मिश्रा की ओर से रिश्वत की मांग किए जाने की सूचना मिलने के बाद गिरफ्तारी की कार्रवाई की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, हम स्वच्छ और पारदर्शी शासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अडिग हैं। दिल्ली में भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। इस बाबत सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई अपवाद नहीं होगा। किसी को कोई संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

**विवादास्पद** — संसद में हत्या के दोषियों के लिए पारित किया विधेयक, यहूदियों के लिए अलग प्रावधान

# इजराइल में फिलिस्तीनियों को मौत की सजा का रास्ता साफ

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल की संसद नैस्ट ने एक बेहद विवादास्पद विधेयक को मंजूरी दी है, जो इजराइली नागरिकों की हत्या के दोषी वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनियों के लिए मौत की सजा अनिवार्य बनाएगा। इस विधेयक की सबसे विवादित बात यह है कि इसमें सजा का दोहरा मापदंड रखा गया है। जहां वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनियों को सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाकर फांसी दी जाएगी, वहीं समान अपराधों के लिए इजराइली नागरिकों यानी यहूदियों पर नागरिक अदालतों में मुकदमा चलेगा और उन्हें कठोर सजा के दायरे से बाहर रखा जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट में कानून को चुनौती, यूरोपीय देशों ने भी की निंदा

इस विधेयक को भेदभावपूर्ण बताकर व्यापक स्तर पर इसकी निंदा की जा रही है। यूरोपीय देशों के साथ मानवाधिकार समूहों और फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने दो अलग-अलग कानूनी प्रणालियां बनाने के लिए कानून की कड़ी आलोचना की है। एसोसिएशन फॉर सिविल राइट्स इन इजराइल इस विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रही है। उनका तर्क है कि यह कानून संवैधानिक और अधिकार क्षेत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है और राष्ट्रीयता के आधार पर असमान व्यवहार स्थापित करता है। विधेयक के समर्थकों ने हमलों के अपने व्यक्तिगत अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि वे इजराइली और फिलिस्तीनियों के बीच आतंक के चक्र को तोड़ना चाहते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस विधेयक से लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संबंध में इजराइल की प्रतिबद्धताओं के कमजोर होने का खतरा है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इस विधेयक के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकी गतिविधियों के दोषी पाए गए वेस्ट बैंक के निवासियों के लिए फांसी की सजा ही मुख्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल कुछ अस्पष्ट विशेष परिस्थितियों में ही उम्रकैद की सजा सुना सकेंगे। सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर फांसी देनी होगी जिसे विशेष स्थिति में 180 दिन तक बढ़ाया जा सकता है। 120 सीटों वाली नैस्ट में सोमवार को इस विधेयक के पक्ष में 62 वोट पड़े, जिनमें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का वोट भी शामिल था। विपक्ष में 48 वोट पड़े और एक सदस्य मतदान से अनुपस्थित रहा।

इस विधेयक की अगुवाई धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने की थी। मतदान के बाद बेन ग्विर ने सार्वजनिक रूप से इसका जश्न मनाया और सोशल मीडिया पर लिखा, हमने इतिहास रच दिया! हमने वादा किया था जिसे पूरा कर दिखाया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज किसी समारोह में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है। परिवार में संकोच के कारण दबाव महसूस कर सकते हैं।

**वृष** — आज राजनीतिक लोगों को बड़ा जनसमर्थन मिल सकता है। धन के लेन-देन में सावधानी रखनी चाहिये।

**मिथुन** — आज आपके आत्मविश्वास पर बुरा असर पड़ सकता है। बातचीत के माध्यम से विवादों को सुलझाना बेहतर होगा। व्यर्थ में अपना समय बर्बाद करने से बचें।

**कर्क** — आज परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। कारोबार में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। आपको परिश्रम का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा।

**सिंह** — आज करियर को लेकर थोड़े नाखुश रहेंगे। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। अच्छी तरह से परखे और सुने बिना बातों पर प्रतिक्रिया न दें।

**कन्या** — आज दांपत्य संबंधों में सहयोग और विश्वास की भावना बढ़ेगी। करियर में आपको उत्तम विकल्प मिलने की संभावना है।

**तुला** — आज जीवनसाथी की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज आपकी आय में वृद्धि होगी। घर में पूजा-पाठ का वातावरण रहेगा। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यंत अनुकूल है।

**धनु** — आज आप काफी तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे। लंबे समय से रुके कार्यों के पूर्ण होने से मन में आनन्द का भाव रहेगा।


**मकर** — आज जीवनसाथी को आपके ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। किसी रिश्तेदार के यहां घूमने जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र की जटिलता समाप्त होगी।

**कुंभ** — आज आपकी दैनिक आय में कमी आ सकती है। बनते कार्यों में अवरोध आ सकते हैं। नकारात्मक बातों को स्वयं पर हावी न होने दें।

**मीन** — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की सर्वत्र प्रशंसा होगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 1 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष- शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 07.06 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तरफाल्गुनी 04.17 तक तत्पश्चात हस्त।

### सुडोकू - 105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 |

### सुडोकू -106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | 9 | | 3 | |
| | | | 8 | | | 1 | | |
| 9 | | 4 | | | | | | 2 |
| | | 7 | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 3 | | | 9 |
| | 1 | 3 | | | 8 | | 6 | |
| | 9 | | 4 | | | | 8 | |
| | | | 2 | | | | | 7 |



“मुझे पिंक कलर पसंद आ रहा है। पीला रंग थोड़ा पुराना लगने लगा था, लेकिन मैं बस मज़ाक कर रहा हूं। ज़ाहिर है, सीएसके जैसी फ्रेंचाइजी छोड़ना, शुरू में थोड़ा मुश्किल था। अच्छी बात यह थी कि मैं अब उस टीम के साथ हूं जहां मैंने पहली बार आईपीएल टाइटल जीता था।”
–रविंद्र जडेजा, राजस्थान रॉयल्स



## IPL 2026

### आज का मुकाबला

लखनऊ सुपर जायंट्स
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# एलएसजी का पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से आज

**लखनऊ, एजेंसी।**

लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) बुधवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरूआत करेगी तो कप्तान ऋषभ पंत पर प्रदर्शन में सुधार का काफी दबाव रहेगा। पिछले साल लखनऊ टीम के साथ बतौर कप्तान और स्टार बल्लेबाज अपने पहले साल में पंत अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके थे। प्रमुख खिलाड़ियों खासकर तेज गेंदबाजों की चोटों ने उनकी मुश्किलें और बढा दी थी। इस साल उनके पास पूरी तरह से फिट टीम है और मोहम्मद शमी तथा एनरिच नॉर्किया जैसे अनुभवी गेंदबाजों के आने से आक्रमण मजबूत हुआ है।

अक्सर चोटिल रहने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पिछले एक साल में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और लखनऊ को उम्मीद होगी कि वह उस भरोसे पर खरे उतरें जो टीम ने उन पर किया है। तेज गेंदबाज मोहसिन खान भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं जबकि प्रिंस यादव ने भी अपनी मध्यम तेज गेंदबाजी से प्रभावित किया है। स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी ने पहले साल में ही अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी थी और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। गेंदबाजी की तुलना में लखनऊ की बल्लेबाजी बेहतर लग रही है। मिचेल मार्श और एडेन माक्ररम आईपीएल की सबसे खतरनाक सलामी जोड़ियों में से है। पिछले सत्र में चौथे नंबर पर कोई कमाल नहीं कर सके पंत ने तीसरे नंबर पर शतक जमाया था। वह तीसरे नंबर पर ही उतरेंगे जबकि निकोलस पूरन चौथे नंबर पर खेलेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सत्र में सात सलामी जोड़ियों को आजमाया लेकिन बात नहीं बनी। इस सत्र में उन्हें शीर्षक्रम में स्थिरता की उम्मीद होगी। केएल राहुल पारी का आगाज करेंगे लेकिन उनके साथ पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल या पाथुम निसांका में से कौन होगा, अभी तय नहीं है। मध्यक्रम को मजबूती देने के लिये डेविड मिलर को लाया गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स भी टीम में हैं। चोट के कारण मिचेल स्टार्क पहला मैच नहीं खेल सकेंगे लेकिन दिल्ली का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है। कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे दो मैच विनर उसके पास है। उनके साथ लुंगी एंगिडि भी हैं जो टी20 विश्व कप में जबर्दस्त फॉर्म में थे।



लखनऊ : अभ्याससत्र के दौरान एकदूसरे से बातचीत करते एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेटर।

### टीमें

- **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन माक्ररम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी
- दिल्ली कैपिटल्स : अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स,आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडि, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करूण नायर, साहिल पारख।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 7. | गुजरात टाइटंस | - | - | - | - | - | - |
| 8. | लखनऊ सुपर जायंट्स | - | - | - | - | - | - |
| 9. | पंजाब किंग्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. | राजस्थान रॉयल्स | - | - | - | - | - | - |

### आरसीबी में आया है ठहराव : कृणाल

- **बेंगलुरू, एजेंसी :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कृणाल पंड्या का कहना है कि टीम में पिछले साल की तुलना में ठहराव आया है और खिलाड़ियों को इस सत्र में अपनी भूमिकाओं के बारे में बखूबी पता है। आरसीबी ने 2025 में 18 साल में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीता था और पंजाब किंग्स के खिलाफ फाइनल में कृणाल प्लेयर आफ द मैच थे जिन्होंने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिये थे। कृणाल ने कहा, ''मेरा मानना है कि इस साल अधिक ठहराव आया है। पिछले साल यह नयी टीम थी और सभी एक दूसरे को समझ रहे थे। इस साल खिलाड़ियों को अपनी भूमिका, एक दूसरे की ताकत और कमजोरी बखूबी पता है।'' उन्होंने कहा, ''जब मैं बड़े मौकों पर खेलता हूं तो मुझे लगता है कि अगर भगवान आपको यहां तक लाये हैं तो कोई कारण होगा और मुझे लगता है कि ये बड़े मौके मेरे लिये ही बने हैं।

### ऑरेंज कैप



- रियन रिकलटन
मुंबई 81 रन
- ईशान किशन
हैदराबाद 80 रन
- रोहित शर्मा
मुंबई 78 रन

### पर्पल कैप



- जैकब डफी
आरसीबी 3 विकेट
- शार्दुल ठाकुर
मुंबई 3 विकेट
- रोमारियो शैफर्ड
आरसीबी 3 विकेट

## हाईलाइट

### प्रिया की शानदार जीत, जादूमणि हारे

**उलानबटोर, एजेंसी।** भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5.0 से जीत दर्ज की जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। महिलाओं के 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कजाखस्तान की रिम्मा वोलोस्सेंको को 5.0 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेंग्यू यांग से होगा। जादूमणि को जापान के रिम्मा यामागुची ने 3.2 से हराया। यामागुची ने अस्ताना में हुए टूर्नामेंट में रजत और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीता था।

### फखर जमां पर लगा दो मैच का बैन

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि टूर्नामेंट के कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 3 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद फखर जमां को पीएसएल 2026 के दो मैचों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। यह आरोप आर्टिकल 2.14 के उल्लंघन से जुड़ा है, जो 29 मार्च को गद्दाफी स्टेडियम में कराची किंग्स के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के मैच के दौरान गेंद की हालत बदलने से जुड़ा है। यह घटना मैच के आखिरी समय में हुई जब ऑन-फील्ड अंपायरों ने लाहौर कलंदर्स पर पांच रन की पेनल्टी लगाई और कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले गेंद बदलने का आदेश दिया। फखर पर ऑन-फील्ड अंपायर शाहिद सैकत और फैसल खान आफरीदी के साथ-साथ टीवी अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर तारिक रशीद ने आरोप लगाए। उन्होंने गलती से इनकार किया और आरोप का विरोध करने का विकल्प चुना, जिसके कारण पूरी डिसिप्लिनरी सुनवाई हुई।

### चीन ने जीते 13 गोल्ड

तियानजिन, एजेंसी। 10वीं वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप छह दिन के कॉम्पिटिशन के बाद यहां खत्म हुई, जिसमें चीन ने 13 गोल्ड और चार सिल्वर मेडल जीतकर मेडल स्टैंडिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। हांगकांग,13 गोल्ड, सात सिल्वर और छह ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ टेबल में टॉप पर रहा, जबकि इंडोनेशिया नौ गोल्ड, 11 सिल्वर और सात ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

# आईपीएल : युजवेंद्र चहल व विशाक ने गुजरात टाइटंस को 162 रनों पर रोका

## पंजाब किंग्स को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य, गिल ने सर्वाधिक 39 रन बनाए

**मुल्लांपुर, एजेंसी।**

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मध्य के ओवरों में गुजरात टाइटंस पर दबाव बनाने में मदद की जिससे पंजाब किंग्स ने मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच पर उसे छह विकेट पर 162 रन के स्कोर पर रोक दिया। चहल ने चार ओवरों में 28 रन देकर दो विकेट झटके जबकि तेज गेंदबाज विजयकुमार विशाक ने 34 रन देकर तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी के इस फीके प्रदर्शन में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (27 गेंदों में 39 रन) और जोस बटलर (33 गेंदों में 38 रन) ने योगदान दिया।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद गिल ने बेहतरीन लय में दिख रहे थे, उन्होंने चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी जिससे टीम तीन ओवरों में ही 35 रन तक पहुंच गई। इससे पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर को गेंदबाजी में बदलाव करना पड़ा और उन्होंने लंबे कद के मार्को यानसन (चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) को आक्रमण पर लगाया। इसका उन्हें तुरंत फायदा मिला।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यानसन ने साई सुदर्शन (13) को एक गेंद पर ऐसा शॉट खेलने पर मजबूर किया जो सीधे मिड-ऑफ की तरफ़ गया जहां अय्यर ने आसानी से कैच लपक लिया। इससे पंजाब की टीम को चौथे ओवर में पहली सफलता मिल गई। फिर बटलर क्रीज़ पर आए। टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वापसी कर रहे इंग्लैंड के इस बल्लेबाज़ ने विशाक पर चौका जड़कर शानदार अंदाज में अपना खाता खोला। बटलर ने यानसन की वाइड गेंद पर 'कट शॉट' से बैकवर्ड प्वाइंट की तरफ चौका जड़ा। इसके बाद उन्होंने मैच का पहला छक्का विशाक की गेंद को सीधे मैदान के ऊपर से उठाकर लगाया। गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले में एक विकेट पर 54 रन बना लिए थे। पंजाब की टीम ने शुरुआती ओवरों में रन लुटाने के बाद बाद के ओवरों में नियंत्रण पा लिया था। चहल आठवें ओवर में गेंदबाजी करने आए। इस लेग स्पिनर का गिल के खिलाफ़ रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है, उन्होंने पिछले आईपीएल में गिल को तीन बार आउट किया था और इस बार भी उन्होंने इस सलामी बल्लेबाज को अपना शिकार बना लिया।

गिल ने डीप मिड-विकेट की तरफ शॉट खेला और कैच आउट हो गए। नए बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स ने चहल की गेंद पर लांग ऑन के ऊपर से जोरदार शॉट लगाकर छक्का जड़ा। इसके बाद बटलर ने जेवियर बार्टलेट कीगेंद को मिड-ऑन के ऊपर से मारकर एक और छक्का लगाया। इसके बाद पंजाब किंग्स ने वापसी करते हुए नियंत्रण बना लिया।



मुल्लांपुर : गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते पंजाब किंग्स के खिलाड़ी।

- **चहल ने चार ओवरों में 28 रन देकर दो विकेट और विशाक ने 34 रन देकर तीन विकेट झटके**
- **गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले में एक विकेट पर बना लिए थे 54 रन**

### गुजरात टाइटंस

**162/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का श्रेयस बो यानसन | 13 |
| शुभमन गिल का कोनोली बो चहल | 39 |
| जोस बटलर का बार्टलेट बो चहल | 38 |
| ग्लेन फिलिप्स का यानसन बो विशाक | 25 |
| सुंदर का अर्शदीप बो विशाक | 18 |
| शाहरूख खान का अर्शदीप बो विशाक | 04 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 11 |
| राशिद खान नाबाद | 00 |

- **अतिरिक्त** : 14, **कुल योग** : 20 ओवर में छह विकेट पर 162 रन
- **विकेट पतन** : 1-37, 2-83, 3-119, 4-129, 5-144, 6-150
- **गेंदबाजी** :

अर्शदीप सिंह 4-0-42-0
जेवियर बार्टलेट 4-0-36-0
मार्को यानसन 4-0-20-1
विजयकुमार विशाक 4-0-34-3
युजवेंद्र चहल 4-0-28-2

# सूर्यवंशी भारतीय टी 20 टीम में जगह बनाने के दावेदार : चावला

**गुवाहाटी, एजेंसी।**

रियान पराग, गुवाहाटी में वैभव सूर्यवंशी को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ख़िलाफ़ बल्लेबाज़ी करते हुए देख रहे थे और बस यही सोच रहे थे, "वाह, ये कैसे करता है?" वहीं दूसरी ओर पीयूष चावला और अंबाती रायुडू मैच देखते हुए सोच रहे थे कि 15 साल के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के इस बल्लेबाज़ के लिए भारतीय टीम का बुलावा अब ज़्यादा दूर नहीं है।

चावला ने कहा कि वह "सूर्यवंशी को जल्दी ही ऊपर के स्तर पर देखना चाहेंगे", जबकि रायुडू थोड़ा सावधान रहे लेकिन बोले कि यह युवा "निश्चित रूप से दौड़ में शामिल है।" आईपीएल के बाद भारत को अफ़ग़ानिस्तान और आयरलैंड के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ खेलना है। रायुडू ने कहा, "सूर्यवंशी, देश के कई युवा खिलाड़ियों से एक स्तर ऊपर दिखते हैं और ऐसी प्रतिभा हैं, जो भारतीय क्रिकेट के लिए जरूर कमाल करेगा। हालांकि कब करेगा, यह नहीं कहा जा सकता, लेकिन भविष्य में जरूर ऐसा होगा। "जिस तरह वह बल्लेबाज़ी कर रहे हैं और जिस आज़ादी के साथ खेल रहे हैं, यह इस बात का सबूत है कि आरआर मैनेजमेंट ने शानदार काम किया है और उनके लिए चीज़ों को जटिल नहीं बनाया है। उनकी शॉट-मेकिंग और जिस आसानी से वह गेंदबाज़ों पर आक्रमण करते हैं, इस उम्र में अविश्वसनीय है।" रायुडू ने कहा, "मेरे हिसाब से टी20 में उनका पहला बुलावा आ सकता है, बशर्ते अगर उनका आईपीएल बहुत अच्छा जाता है और वह दिखाते हैं कि वह दबाव में भी शांत रह सकते हैं। मत भूलिए, हमारी भारतीय टीम अभी विश्व चैंपियन है और हाल ही में टीम ने टी20 विश्व कप जीता है। इसलिए टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा। मेरे हिसाब से अभी कुछ खिलाड़ी उनसे आगे हैं, क्योंकि टीमें अगले आईसीसी टूर्नामेंट को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। कई खिलाड़ी हैं जो पिछले दो-तीन साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए अगर मैं चयनकर्ता होता, तो वह निश्चित रूप से रेस में होते। लेकिन अभी कई खिलाड़ी उनसे आगे हैं।" अगर सूर्यवंशी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचते हैं, तो चावला मानते हैं कि वह आसानी से ढल जाएंगे। उन्होंने कहा, "यही आईपीएल की ख़ूबसूरती है। 15 साल की उम्र में वह विश्व स्तरीय गेंदबाज़ों का सामना कर रहे हैं। जब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाएंगे, तो यह उनके लिए नया नहीं होगा। वह पहले ही 140 की गति वाली गेंदबाज़ी का सामना कर रहे हैं।" "और अगर वह ऐसे ही खेलते रहे, तो मैं उन्हें जल्दी ही ऊपर जाते हुए देखना चाहूंगा। पिछले एक साल में अंडर-19 हो या घरेलू क्रिकेट, जहां भी उन्होंने खेला, शतक लगाया है।



## खेल और राजनीति

### भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने थामा तृणमूल कांग्रेस का हाथ

# भारत में राजनीति से जुड़ने वाले खिलाड़ियों पर एक नजर

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने तृणमूल कांग्रेस के साथ पांच साल के जुड़ाव के बाद मंगलवार को भाजपा में शामिल होने का फैसला किया जिसके बाद राजनीति में आने वाले खिलाड़ियों पर फिर सभी का ध्यान आकर्षित हुआ।

कुछ खिलाड़ी ऊंचे पदों पर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री बन गए तो वहीं कुछ अन्य के चुनावों में मिलेजुले नतीजे रहे और वे अब भी अपना रास्ता तलाश रहे हैं। कुछ मशहूर खिलाड़ियों के नाम जिन्होंने अपने करियर में यह बदलाव किया।

### मोहम्मद अजहरुद्दीन



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और उसी साल उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से लोकसभा सदस्य बने। लेकिन 2014 और 2023 में हुए अगले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हैदराबाद क्रिकेट संघ के प्रमुख के तौर पर कुछ समय काम करने के बाद अजहर को तेलंगाना में रेवंत रेड्डी की सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया जहां उन्हें सार्वजनिक उद्यम और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया।

### नवजोत सिंह सिद्धू



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कई पार्टियों भाजपा, कांग्रेस और उनकी अपनी पार्टी आवाज-ए-पंजाब के लिए काम किया। वह भाजपा के टिकट पर 2004 और 2009 के आम चुनाव जीते। लेकिन 2017 में कांग्रेस में शामिल हो गए और अमृतसर पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव जीता। उन्हें 2022 के राज्य चुनावों में उसी सीट पर आप पार्टी के प्रतिद्वंद्वी ने हरा दिया। फिलहाल वह राजनीति से कुछ समय के लिए दूर हैं।

### बिरेन सिंह



बीएसएफ और मणिपुर के लिए खेल चुके इस फुटबॉलर ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत लोकतांत्रिक क्रांतिकारी जन पार्टी से की और राज्य चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। बाद में उन्होंने कांग्रेस में शामिल होकर 2007 और 2012 में अपनी सीट बनाए रखी। लेकिन 2016 में वह भाजपा से जुड़े और 2017 के चुनाव में जीत हासिल कर मणिपुर के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने यह उपलब्धि 2022 में भी दोहराई। लेकिन 2025 में राज्य में हुई जातीय हिंसा के बाद उनका सफर समाप्त हो गया।



**चेतन चौहान :** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज खेल करियर के बाद भाजपा में शामिल हो गए। वह 1991 और 1998 में अमरोहा से सांसद रहे। लेकिन 1996, 1999 और 2004 में वे वहां से चुनाव हार गए। उन्होंने 2017 में राजनीति में वापसी की और नगावां सादात से उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव जीता। चौहान का निधन 2020 में हो गया।



**हरभजन सिंह :** भारत के पूर्व स्पिनर दो विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे और उनके नाम 400 से ज्यादा टेस्ट विकेट दर्ज हैं। वह 2022 में आम आदमी पार्टी के साथ राजनीति में शामिल हुए। बाद में आपने उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया।



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़ :** इस शीर्ष निशानेबाज ने ओलंपिक में भारत के लिए निशानेबाजी का पहला रजत पदक जीता था। वह 2013 में भाजपा से जुड़े और 2014 के आम चुनावों में जयपुर से लोकसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 2019 के चुनावों में भी जीत हासिल की। 2023 में उन्होंने राज्य की राजनीति का रुख किया और उसी साल चुनाव जीता जिसके बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया।



**कीर्ति आजाद :** विश्व कप 1983 की विजेता टीम के सदस्य ने सबसे पहले भाजपा के जरिए राजनीति में कदम रखा और बिहार के दरभंगा से विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीता। लेकिन 2015 में आजाद को वरिष्ठ नेता अरुण जेटली के साथ अनबन के चलते भाजपा से निलंबित कर दिया गया और बाद में वह 2019 में कांग्रेस में शामिल हो गए। 2021 में वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए और पश्चिम बंगाल के बर्धमान-दुर्गापुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल करके फिर से लोकसभा में पहुंचे।



**बाईचुंग भूटिया:** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान 2014 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए लेकिन दार्जिलिंग से आम चुनाव हार गए। हालांकि 2021 के बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान उन्होंने वाम मोर्चा का समर्थन किया। बाद में उन्होंने अपनी खुद की पार्टी 'हमारो सिक्किम' बनाई, लेकिन चुनावों में कोई खास असर नहीं डाल पाए।



**दिलीप टिर्की :** भारत के पूर्व हॉकी कप्तान 2012 में बीजू जनता दल में शामिल हुए और उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया गया। लेकिन वह 2024 में सुंदरगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाए।



**साइना नेहवाल :** दुनिया की पूर्व नंबर एक और लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली बैडमिंटन की इस दिग्गज खिलाड़ी 2020 में अपनी बहन के साथ भाजपा से जुड़ी लेकिन उन्होंने अभी तक चुनावों में अपनी किस्मत नहीं आजमाई है।



**गौतम गंभीर :** दो बार की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और भारतीय टीम के मौजूदा कोच ने 2019 में भाजपा के जरिए राजनीति में कदम रखा। इसी साल उन्होंने पूर्वी दिल्ली से आम चुनाव जीता। लेकिन 2024 में उन्होंने एक क्रिकेट कोच के तौर पर अपने खेल करियर को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली।



**कर्णी सिंह :** बीकानेर के अंतिम महाराजा कर्णी सिंह 1962 में काहिरा में आयोजित विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत के पहले पदक विजेता थे जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। बाद में उन्होंने 25 वर्षों तक लोकसभा में स्वतंत्र सांसद के रूप में काम किया और 1952 से 1977 तक बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1988 में उनका निधन हुआ।

**विनेश फोगाट व बजरंग पूनिया :**



दोनों कामयाब और उतने ही विवादित पहलवान रहे, दोनों 2024 में कांग्रेस पार्टी में एक साथ शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया था। बृज भूषण भाजपा के नेता थे और उन पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। फोगाट ने जहां जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल करके हरियाणा में विधायक का पद संभाला तो पार्टी ने पूनिया को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का प्रमुख नियुक्त किया।